सुप्रभात
रांची, गुरुवार
21.12.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net अगहन, शुक्ल पक्ष, नवमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 158



12 रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल की बनेगी सीक्वल

## न्यूज डायरी

### शमी समेत 26 को अर्जुन पुरस्कार सात्विक-चिराग को खेल रत्न

**नयी दिल्ली।** साल 2023 के लिए भारतीय खेल पुरस्कारों की घोषणा कर दी गयी। मोहम्मद शमी समेत 26 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार के लिए चुना गया है। वहीं बैडमिंडन के दो खिलाड़ियों सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को खेल क्षेत्र के सबसे बड़े पुरस्कार 'खेल रत्न' के लिए चुना गया है। इस साल के अर्जुन पुरस्कार की लिस्ट में पैरा तीरंदाज शीतल देवी का नाम भी शामिल है।

### दो और सांसद सस्पेंड रिकार्ड 143 पर एक्शन

**नयी दिल्ली।** संसद में जारी हंगामे को लेकर दो और सांसदों पर गाज गिरी है। बुधवार को सदन की अवमानना के मामले में स्पीकर ने सी थॉमस और एएम आरिफ को सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया। अब तक लोकसभा और राज्यसभा के 143 सांसदों को निलंबित किया जा चुका है।

### झारखंड एटीएस ने एक ईनामी अपराधी को दबोचा

**रांची।** झारखंड और बिहार एटीएस की संयुक्त कार्रवाई में 50हजार का इनामी बदमाश संजय सिंह को रांची के सदर इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया। उसने बड़गाई में अपना ठिकाना बना रखा था। बिहार एटीएस की सूचना पर टेक सेल की मदद से उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### अवैध खनन: सीबीआइ टीम पहुंची नीबू पहाड़

**साहिबगंज।** रांची सीबीआइ की टीम बुधवार को अवैध खनन मामले की जांच करने नीबू पहाड़ पहुंची। करीब 40 मिनट तक आवश्यक जानकारी जुटाकर निकल गयी। इससे पूर्व मंगलवार को सीबीआई की टीम शोभनपुर भट्ठा स्थित दाहू यादव के घर और बथान पहुंचकर जांच की थी।

### तोरपा प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव गिरा

**खूंटी।** तोरपा प्रखंड के प्रमुख रोहित सुरीन के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव गिर गया। प्रस्ताव के पक्ष और विपक्ष में सात-सात वोट पड़े जबकि प्रमुख को हटाने के लिए पंचायत समिति के कम से कम दस (दो तिहाई) मत की जरूर थी।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 58,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




# 1932 खतियान आधारित बिल फिर पास

## सदन में मुख्यमंत्री ने कहा, विधेयक में किसी तरह के परिवर्तन की आवश्यकता नहीं

### राजभवन की आपत्ति को किया दरकिनार, कोई संशोधन नहीं

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड विधानसभा से एक बार फिर 1932 के खतियान पर आधारित स्थानीय नीति बिल ध्वनिमत से पारित हो गया। शीतकालीन सत्र के दौरान बुधवार को सीएम हेमंत सोरेन ने 1932 आधारित स्थानीयता से संबंधित खतियान आधारित झारखंडी पहचान संबंधित विधेयक सदन के पटल पर रखा। सरकार की ओर से सीएम हेमंत सोरेन और विपक्ष की ओर से नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने इस पर अपने विचार रखे। इसके बाद स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने दोनों पक्षों से पूछा कि वे इसके पक्ष में हैं या इसके विरोध में। ध्वनिमत से बिल हो गया। नवंबर 2022 में जिस बिल को विधानसभा से पारित कराकर राज्यपाल को भेजा गया था, उसी बिल को बिना किसी संशोधन के फिर से सदन से पारित करवाया गया है।

**किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं :** सीएम हेमंत सोरेन ने 1932 आधारित स्थानीयता बिल पेश करते हुए कहा कि यह झारखंड के करोड़ों





आदिवासी और मूलवासी की स्मिता एवं पहचान जुड़ी हुई है। यहां के लोगों की यह बहुप्रतीक्षित मांग रही है। उनकी भावना एवं आकांक्षा के अनुरूप पिछले वर्ष 11 नवम्बर को इस सदन ने ध्वनिमत से पारित कर इसे राज्यपाल के पास स्वीकृति के लिये भेजा था। सीएम ने कहा कि राज्यपाल ने अपने संदेश के साथ अटॉर्नी जनरल का वैधिक परामर्श भी संलग्न किया है एवं तद्नुसार विधेयक पर पुनर्विचार करने का निर्देश दिया है। अटॉर्नी जनरल ने अपने परामर्श में स्थानीयता की परिभाषा एवं उसके आधार पर सुविधाएं उपलब्ध कराने को पूरी तरह से जायज ठहराया है। साथ ही राज्य के प्रयास की सराहना की है। हालांकि विधेयक की धारा 6 पर परामर्श के लिए अटॉर्नी जनरल न सत्यजित कुमार बनाम झारखंड राज्य में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश को अपना आधार बनाया है। सीएम ने कहा, सदन को बताना चाहूंगा कि ये दोनों ही फैसले वर्तमान विधेयक के परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिक नहीं है। अतः बदलाव की जरूरत नहीं है। (शेष पेज 11 पर)

### पहले भी पास हुआ था स्थानीयता बिल

सीएम ने कहा कि इससे पहले यह विधेयक सदन में ध्वनिमत से पारित हुआ था, लेकिन राज्यपाल में इस विधेयक में कुछ त्रुटियों का हवाला देते हुए इसे सरकार को वापस कर दिया था। सरकार की तरफ से राज्यपाल के सुझाव को नहीं माना गया। विधेयक को दोबारा से सदन में रखा गया। विधेयक को सदन के पटल पर रखते हुए सीएम हेमंत सोरेन ने एक लंबी स्पीच दी। उन्होंने कहा कि राज्यपाल को संविधान की पांचवीं अनुसूची में कानून बनाने व संशोधन का अधिकार नही है।

### चार विधेयक पारित किये गये

झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र में बुधवार को कुल 4 विधेयक लाये गये। इनमें से एक झारखंड स्थानीय व्यक्तियों की परिभाषा और परिणामी सामाजिक, सांस्कृतिक और अन्य लाभों को ऐसे स्थानीय व्यक्तियों तक विस्तारित करने के लिये विधेयक 2022 को बगैर किसी संशोधन के फिर से सदन से पारित कर दिया गया। दूसरा विधेयक प्रज्ञान इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी 2023 का था। इसे भी सदन में ध्वनिमत से पारित किया गया। झारखंड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण ;संशोधन विधेयक 2023 और शाईन नेशनल यूनिवर्सिटी विधेयक 2023 भी सदन में पारित किया गया।

### महाधिवक्ता से भी लिया परामर्श

सदन में सीएम श्री सोरेन ने कहा, सदन को बताना चाहता हूं कि राज्य सरकार ने झारखंड राज्य के महाधिवक्ता से इस विषय पर परामर्श प्राप्त किया। इसमें उन्होंने स्पष्ट रूप से परामर्श दिया है कि विधान सभा द्वारा पारित विधेयक को संसद के नौंवी अनुसूची में शामिल कराया जा सकता है। संविधान के अनुच्छेद 31-बी के तहत उस विधेयक को संविधान के पार्ट-3 अथवा यदि वह किसी न्यायालय के आदेश के प्रतिकुल भी हो तो भी उसे सुरक्षित रखा जा सकता है। उन्होंने कहा, दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने जब अलग राज्य की लम्बी लड़ाई लड़ी तो उस वक्त भी यहां के स्थानीय व्यक्तियों का झारखंड राज्य की संपदा और नौकरियों पर हक रहे। दुर्भाग्य की बात है कि झारखंड बनने के बीस वर्षों तक इस दिशा में कोई पहल नहीं की गयी।

### सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा पर हाइकोर्ट का फैसला

# सीटेट पास या पड़ोसी राज्य से टेट पास हो सकेंगे शामिल

3 साल में पहले प्रयास में ही जेटेट परीक्षा पास करनी होगी

अभ्यर्थियों को तैयारी के लिए मिलेगा तीन माह का समय

करीब 26001 पदों पर होनी है सहायक आचार्य की नियुक्ति

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड सीटेट उत्तीर्ण अभ्यर्थी संघ की ओर से दायर जनहित याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट ने बुधवार को बड़ा फैसला सुनाया। हाइकोर्ट ने करीब 26001 पदों पर सहायक आचार्य की होनेवाली नियुक्ति परीक्षा में सीटेट पास अभ्यर्थी या झारखंड के




पड़ोसी राज्य से टेट परीक्षा पास करनेवाले झारखंड के निवासी अभ्यर्थियों को इस परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी है। कोर्ट ने कहा है कि अगर इन अभ्यर्थियों की नियुक्ति हो जाती है तो उन्हें 3 साल में प्रथम प्रयास में ही झारखंड टेट (जेटेट) परीक्षा पास करनी होगी। अगर झारखंड सरकार 3 साल में जेटेट परीक्षा आयोजित नहीं करती है तो अभ्यर्थियों पर यह शर्त लागू नहीं होगी। अभ्यर्थियों को सहायक आचार्य परीक्षा की तैयारी के लिए तीन माह का समय दिया जायेगा। कोर्ट ने कहा सरकार हर साल जेटेट परीक्षा आयोजित करे। कोर्ट ने मामले को निष्पादित कर दिया। मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि चूकि झारखंड में 8 वर्षों से राज्य सरकार ने जेटेट की परीक्षा हुई है, ऐसे में झारखंड निवासी वैसे अभ्यर्थी जिन्होंने सीटेट परीक्षा पास की है या झारखंड के पड़ोसी राज्य से टेट परीक्षा पास की है, वे सहायक आचार्य परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। (शेष पेज 11 पर)

# लालू- तेजस्वी की मुश्किलें बढ़ी , इडी ने भेजा समन

### लैंड फार जाब

**पटना(एजेंसी)।** लैंड फॉर जॉब मामले में लालू यादव के खिलाफ कार्रवाई तेज हो गयी है। इडी ने बुधवार को राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को समन जारी किया है। समन में पूछताछ के लिए दोनों पिता-पुत्र को मुख्यालय बुलाया गया है। जानकारी के अनुसार इडी ने तेजस्वी को 22 और लालू यादव को 27 दिसंबर को पूछताछ के लिए बुलाया है। दरअसल लालू यादव के केंद्रीय रेल मंत्री रहते रेलवे में नौकरी के बदले जमीन लिया गया था। सीबीआई ने 18 मई 2022 को इस मामले में तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव, पूर्व सीएम राबड़ी देवी और मीसा भारती सहित 17 लोगों को आरोपी बनाते हुए केस दर्ज किया था। लालू यादव पर आरोप था कि रेल मंत्री रहते हुए विभिन्न मंडल में ग्रुप डी की नौकरी देने के एवज में जमीन की डिमांड की।

**पिता-पुत्र को समन :** इस मामले में 2004 से 2009 तक लायू यादव ने परिवार के सदस्यों के नाम पर जमीन ली थी। लालू यादव पर यह भी आरोप है कि यह नौकरी विना कोई विज्ञापन और सार्वजनिक नोटिस निकाले ही दी गयी। इसमें सबसे ज्यादा पटना के लोग शामिल थे, जिसे नौकरी दी गयी। सभी को मुंबई, जबलपुर, कोलकता, हाजीपुर मंडल में नियुक्त किया गया था। इस मामले में लालू यादव के बाद तेजस्वी यादव का भी नाम चार्जशीट में जोड़ा गया था। (शेष पेज 11 पर)




### तीन राज्यों में कोराना के नये वेरिएंट के 21 मामले, एक मौत

# केंद्र ने राज्यों से कहा, अलर्ट रहें, घबरायें नहीं

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** देशभर में कोरोना के सब-वैरिएंट जेएन-के 21 मामले सामने आये हैं। इनमें से 19 की गोवा में पहचान की गयी। वहीं केरल और महाराष्ट्र में एक-एक मरीज मिले हैं। नये मामले सामने आने के बाद केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को सतर्कता बरतने को कहा है। इस नये वैरिएंट से कर्नाटक में पहली मौत बेंगलुरु में हो गयी। इसे ले कर हड़कंप है।

यह आंकड़ा इनसाकॉग ने जारी की है। इनसाकॉग स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत स्थापित मंच है जो कोविड-19 की जीनोम सिक्वेंसिंग और वायरस की भिन्नता का अध्ययन व निगरानी करता है। राज्यों के साथ स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने बुधवार को देशभर में स्वास्थ्य सुविधाओं की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा, हमें सतर्क रहने की जरूरत है, घबराने की नहीं है। अस्पताल की तैयारियों के लिए मॉक ड्रिल करना, निगरानी बढ़ाना और लोगों से बातचीत जरूरी है।

### झारखंड में डरने की जरूरत नहीं : बन्ना

झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा है कि कोरोना के नये वेरिएंट से यहां के लोगों को डरने की जरूरत नहीं है। बुधवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के साथ श्री गुप्ता ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये चर्चा की। बैठक के बाद बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्यों के लिए जो एडवाइजरी जारी की गयी है, उसका अक्षरशः पालन होगा। झारखंड के लोगों को डरने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि अभी तक इसका एक भी मामला यहां नहीं आया है। पर हमें सावधान और सतर्क रहने की जरूरत है।

### बेंगलुरु में पहली मौत से हड़कंप

भारत में इस नये वैरिएंट के आने के बाद से कर्नाटक में पहली मौत बेंगलुरु में हुई है। स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने कहा कि राज्य की राजधानी में नये साल के जश्न पर प्रतिबंध लगाने पर अभी तक कोई फैसला नहीं लिया गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के साथ वर्चुअल मीटिंग के बाद उन्होंने कहा 64 वर्षीय पुरुष की बेंगलुरु के मल्लिगे अस्पताल में मृत्यु हो गयी है। यह ज्ञात नहीं था कि वह जेएन.1 कोविड वैरिएंट से प्रभावित था या नहीं।

### तीन पुराने क्रिमिनल लॉ के स्थान पर नये विधेयक लोकसभा से पास

# देशद्रोह में जेल, बच्ची से दुष्कर्म, मॉब लिंचिंग में फांसी की सजा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा ने अंग्रेजों के काल से चले आ रहे तीन क्रिमिनल लॉ के स्थान पर सरकार द्वारा लगाये गये विधेयकों को बुधवार को मंजूरी दे दी। सदन ने लंबी चर्चा और गृहमंत्री अमित शाह के विस्तृत जवाब के बाद भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) विधेयक, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) विधेयक, 2023 और भारतीय साक्ष्य (बीएस) विधेयक, 2023 को ध्वनिमत से अपनी मंजूर दी। ये तीनों विधेयक भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), 1860, दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी),1898 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के स्थान पर लाये गये हैं। श्री शाह ने इस दौरान सदन में कहा कि विधेयकों



का उद्देश्य कानून को दंड केंद्रित की बजाय न्याय केंद्रित करना और भारतीय विचारों को न्यायप्रणाली में स्थान देना है। विधेयक गुलाम भारत के समय अंग्रेजों के लाए शासन संबंधी जरूरतों के लिए बने कानूनों को हटाकर स्वतंत्रता, अधिकारों की रक्षा और निष्पक्षता पर केंद्रित कानून लायेगा। श्री शाह ने कहा, मॉब लिंचिंग घृणित अपराध है और नये कानून में इस अपराध में फांसी की सजा का प्रावधान है। (शेष पेज 11 पर)

### दंड की जगह न्याय देना उद्देश्य : गृह मंत्री

मॉब लिंचिंग में फांसी की सजा का प्रावधान। बच्ची से दुष्कर्म पर दोषी को मौत की सजा। राजद्रोह को खत्म कर उसकी जगह पर देशद्रोह। देश के खिलाफ गये तो कड़ी से कड़ी सजा। भड़काऊ भाषण देने पर 3 से 5 साल की सजा। गैंगरेप के दोषी को आजीवन कारावास की सजा। दुष्कर्म केस में कोर्ट की इजाजत के बिना प्रकाशित किया तो 2 साल की सजा।

# सदन में लोकतंत्र का चीरहरण करा रही राज्य सरकार : अनंत

**भाजपा विधायक अनंत कुमार ओझा ने राज्य सरकार पर साधा निशाना**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा विधायक अनंत ओझा ने कहा कि महत्वपूर्ण मुद्दे पर वरिष्ठ सदस्य बाबूलाल मरांडी को राज्य सरकार के इशारे पर बोलने का अवसर नहीं देना लोकतंत्र का चीरहरण है। उन्होंने कहा कि स्थानीय और नियोजन नीति झारखंड का बड़ा मुद्दा है। यह लाखों युवाओं के हित से जुड़ा मामला है और ऐसे गंभीर विषय पर बार बार बाबूलाल मरांडी द्वारा बोलने के लिए हाथ उठाये जाने पर उसकी अनदेखी करना एक वरिष्ठ सदस्य और राज्य के जन नेता का अपमान है। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी से हेमंत सरकार भयभीत है।

### स्पीकर के व्यवहार से बिफरे बाबूलाल, कहा

# स्थानीयता और नियोजन नीति पर सरकार की मंशा साफ नहीं

**बाबूलाल बोले-स्पीकर की दुर्भावना से प्रेरित व्यवहार से आहत, अपमानित हुआ हूं...**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष के निर्णय का मीडिया के सामने कड़ा विरोध दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि स्थानीय और नियोजन नीति पर राज्य सरकार द्वारा सदन में पेश किये गये बिल के संबंध में मुझे दो शब्द भी बोलने नहीं देना अपमान है। उन्होंने कहा कि मैं केंद्र में मंत्री, सांसद भी रहा हूं। लोकसभा और राज्यसभा में यदि कोई वरिष्ठ सदस्य बोलने के लिए हाथ उठाते हैं तो उन्हें बोलने का अवसर जरूर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि यदि सदन के नेता और नेता प्रतिपक्ष दोनों बोलने के बाद किसी सदस्य को यदि विधानसभा अध्यक्ष ने बोलने का अवसर नहीं दिया होता तो मैं समझ सकता था लेकिन केवल मेरे साथ अपमानजनक व्यवहार दुर्भावना से प्रेरित राजनीतिक व्यवहार है।

## विधानसभा में सदन की कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा विधायकों ने किया हंगामा

# भाजपा विधायकों का निलंबन वापस लें : बाउरी

# निलंबन वापसी को लेकर करेंगे विचार: स्पीकर

**हंगामा करते हुए रणधीर सिंह और ढुल्लू पहुंचे वेल में**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** शीतकालीन सत्र के चौथे दिन बुधवार को कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा विधायक शोरगुल करने लगे। भाजपा विधायक रणधीर सिंह जोर-जोर से बोलते हुए वेल तक पहुंच गये। इस बीच स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने विधायकों को समझाया कि प्रश्नकाल चलने दें। इस बीच भाजपा अमित मंडल सूचना के लिए खड़े हुए। उन्होंने कहा कि आप दोनों पक्ष के कस्टोडियन हैं। कल तीनों विधायक सिर्फ नियोजन नीति की मांग कर रहे थे। निलंबन फैसला ज्यादा कठोर हो गया। उदार दिल दिखाते हुए निलंबन वापस लें। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने भी सदन में स्पीकर से तीनों विधायकों का निलंबन वापस लेने का आग्रह किया। इस पर स्पीकर ने समय पर विचार करने की बात कही। इसके बाद भाजपा विधायक वेल में ये सरकार निकम्मी है के नारे लगाने लगे। हंगामा के बीच प्रश्नकाल चलता रहा।





### एक महीने में घंटी आधारित शिक्षकों की नियुक्ति होगी : मिथिलेश ठाकुर

झामुमो विधायक दशरथ गगराई ने सदन में कोल्हान विश्वविद्यालय के अंतर्गत खरसावां डिग्री कॉलेज में प्रोफेसर और सहायक प्रोफेसर के पदों पर नियुक्ति नहीं होने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि खरसावां डिग्री कॉलेज में प्रोफेसर और सहायक प्रोफेसर के 17 पद सृजित हैंए जबकि कॉलेज सिर्फ प्रभारी प्राचार्य के भरोसे चल रहा है। इसके जवाब में प्रभारी मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि झारखंड सरकार ने 281 नियमित और 34 बैकलॉग सहायक प्राध्यापकों के पद पर नियुक्ति के लिए जेपीएससी को अधियाचना भेजी है। जब तक नियुक्ति नहीं होती है तबतक कॉलेज में घंटी आधारित शिक्षकों से काम चलाया जायेगा।

### स्वास्थ्य विभाग में 19621 पद स्वीकृत, काम कर रहे हैं सिर्फ 6414 कर्मी

**कोडरमा विधायक नीरा यादव के सवाल पर राज्य सरकार का जवाब**

झारखंड में स्वास्थ्य विभाग में 19621 पद स्वीकृत हैं लेकिन उनमें से सिर्फ 6414 पदों पर ही कर्मचारी काम कर रहे हैं। यानी स्वीकृत पद के लगभग 33 प्रतिशत पदों पर ही कर्मचारी हैं। स्वास्थ्य विभाग में यह जानकारी सदन में विधायक नीरा यादव के पूछे सवाल पर दी है। नीरा यादव ने सरकार से यह भी कहा कि कोडरमा में चिकित्सा पदाधिकारी ने 2022 से अब तक आउटसोर्सिंग में की गई नियुक्ति में भारी गड़बड़ी की है। इसपर सरकार ने जवाब दिया कि नियमित स्वीकृत पद पर आइपीएच मानक के आधार पर आउटसोर्सिंग कर्मियों की नियुक्ति हुई है।

# झारखंड आंदोलनकारियों के आश्रितों को मिलेगा नौकरी में 5 फीसदी आरक्षण : आलमगीर आलम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम ने विधानसभा के पटल पर झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मानित करने के लिए गठित आयोग से संबंधित संकल्प रखा। गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के इस संकल्प में आयोग के गठन, उसके उद्देश्य और आंदोलनकारियों को दिये जाने वाले लाभ का उल्लेख किया गया है।

राज्य सरकार ने संकल्प में यह स्पष्ट किया है कि पुलिस फायरिंग या जेल में शहीद या दिव्यांग हुये आंदोलनकारी के परिवार के एक सद्स्य को थर्ड या फोर्थ ग्रेड में सीधी नियुक्ति दी जायेगी। वहीं, अन्य



आंदोलनकारियों के आश्रितों को थर्ड और फोर्थ ग्रेड की नौकरी में 5 फीसदी क्षैतिज आरक्षण दिया जायेगा। आश्रित की श्रेणी में आंदोलनकारी की पत्नी, पुत्र, अविवाहित पुत्री, पुत्र की विधवा पत्नी, आंदोलनकारी महिला के पति, आंदोलनकारी के पोते-पोती आयेंगे

### एएसआई में प्रमोशन मामले में अजीत कुमार राय और राजीव सिन्हा की ओर से बहस पूरी

**रांची।** झारखंड पुलिस के आरक्षियों की याचिका पर हाईकोर्ट में बुधवार को आंशिक सुनवाई हुई। बुधवार को राजीव सिन्हा, ऋषिकेश गिरी और अजीत कुमार राय की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने बहस की। जिसके बाद अदालत ने अन्य प्रतिवादियों की बहस के लिए 3 जनवरी की तिथि निर्धारित की। याचिका में कहा गया है कि पुरानी वरीयता सूची नवंबर 2020 में निर्गत की गई थी। जिसे निरस्त किए बिना ही फरवरी 2023 को आरक्षियों की नई सूची बनाकर बिना आपत्ति निराकरण और आरक्षण का पालन नहीं करते हुए प्रोन्नत कर दिया गया और पदस्थापन भी कर दिया गया।

### केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन में शामिल हों कार्यकर्ता : बिनोद पांडेय

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव बिनोद पांडेय ने केंद्र की भाजपा सरकार पर लोकतंत्र पर हमला करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि संसद के दोनों सदनों से अब तक कुल 142 सदस्यों को निलंबित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि 22 दिसंबर को इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर भाजपा सरकार को जवाब देने का निर्णय लिया गया है। झामुमो ने अपने सभी जिला अध्यक्ष और जिला सचिवों को निर्देश दिया है कि वे अपने गठबंधन के सहयोगी दलों के साथ बैठक कर उक्त कार्यक्रम की रूपरेखा तय करें और आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी स्तर के नेताओं की भागीदारी सुनिश्चित करें।

### लंबित दावा प्रपत्रों का निष्पादित कर वन पट्टा जारी हो : लंबोदर

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** आजसू विधायक डॉ लंबोदर महतो ने राज्य सरकार से बोकारो तथा रामगढ़ जिले में लंबित दावा प्रपत्रों को शीघ्र निष्पादित करते हुये वन पट्टा निर्गत करने की मांग की है। उन्होंने यह मांग बुधवार को विधानसभा में शून्य काल में की।

उन्होंने सदन में कहा कि बोकारो एवं रामगढ़ जिले में अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी, वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम 2006 के तहत रामगढ़ जिले में 135 वन अधिकार समितियों तथा बोकारो जिले में 125 वन अधिकार समितियों के द्वारा समर्पित सामुदायिक एवं व्यक्तिगत वन पट्टा के लिये विभागीय पदाधिकारी लालफीताशाही कर रहे हैं। इस वजह इन वनाधिकार समितियों में आक्रोश व्याप्त है।

### वीर बुधू भगत के नाम पर हो श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी का नाम : शिल्पी नेहा तिर्की

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान शून्य काल में शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी का झारखंड के लिए कोई योगदान नहीं रहा। वाबजूद इसके उनके नाम पर रांची कॉलेज का नामकरण हुआ। सरकार इस यूनिवर्सिटी का नाम बदलकर वीर बुधू भगत के नाम पर नामकरण करे। पूर्णिमा नीरज सिंह ने धनबाद में बीसीसीएल द्वारा दामोदर नद को प्रदूषित करने और एनजीटी की गाइडलाइन के उल्लंघन का मसला रखा। वहीं, दीपिका पांडेय सिंह ने शिक्षा विभाग की सहमति के बावजूद पारा शिक्षकों को अबतक वेतनमान, इपीएफ सुविधा नहीं मिलने का मामला रखा।

# कंसेंट टू ऑपरेट प्रमाणपत्र मिलने के बाद चालू होगा प्लांट : सत्यानंद भोक्ता

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झामुमो विधायक समीर मोहंती ने सदन में चाकुलिया नगर पंचायत के सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट के चालू नहीं होने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि 2022 में प्लांट बनकर तैयार हो चुका है लेकिन अब तक इसे चालू नहीं किया गया है। इस पर जवाब देते हुए प्रभारी मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि प्लांट का निर्माण होने के बाद उसे चालू करने के लिए तीन प्रकार के प्रमाण पत्र को प्राप्त करना जरूरी होता है। इनमें से दो प्रमाण पत्र एनवायरमेंटल क्लीयरेंस और कंसेंट तू एस्टेब्लिश प्रमाण पत्र को प्राप्त कर लिया गया है। सिर्फ कंसेंट टू ऑपरेट प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाना बाकी है। कंसेंट टू ऑपरेट प्रमाण पत्र मिलने के बाद प्लांट सुचारू रूप से शुरू हो जायेगा।

### दलितों, आदिवासियों से छद्म सहानुभूति न दिखायें इरफान अंसारी : अमर बाउरी

कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने सदन में कहा कि भाजपा के लोग यह प्रचार कर रहे हैं कि उनके तीन विधायकों का निलंबन युवाओं के पक्ष में आवाज उठाने पर हुआ है, जबकि यह सही नहीं है। वे सदन में हंगामा कर रहे थे। इसलिये निलंबित किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा विधायक दल के नेता अमर बाउरी दलित समुदाय से आते हैं, लेकिन भानु और बिरंची जैसे विधायक दलित और आदिवासी प्रेम का दिखावा करते हैं। इसपर अमर बाउरी ने कहा कि इरफान अंसारी ने उनके प्रति जो सहानुभूति दिखाई है। वह छद्म सहानुभूति है। असल में दलित और आदिवासियों के प्रति उनके मन में सहानुभूति का भाव है ही नहीं। उन्होंने इरफान को अपने और अपने दल की चिंता करने की सलाह दी।


**कार्यालय- समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) गुमला।**
**(अ0ज0जा0, अ0जा0, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)**

**प्रवेशिकोत्तर पाठयक्रमों (B.Ed) में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2021-23 हेतु आवेदन से संबंधित आवश्यक सूचना :-**

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र/छात्राओं को सरकार के द्वारा जारी दिशा निर्देश के आधार पर निर्धारित मापदण्ड के अनुसार वित्तीय वर्ष 2021-22 में राज्य के मान्यता प्राप्त बी0एड0 महाविद्यालयों के शैक्षणिक सत्र 2021-23 में चतुर्थ साक्षात्कार के बाद नामांकित छात्र/छात्राओं के प्राप्त ऑनलाईन आवेदनों के सत्यापन हेतु निम्न प्रकार अवधि विस्तार किया जाता है :-

| क्र0 | प्रक्रियात्मक कार्यवाही | कार्यवाही के लिए निर्धारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 1 | B.Ed. महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के आवेदनों का INO क्षरा सत्यापन | 23.12.2023 |

जिला कल्याण पदाधिकारी, गुमला

PR 313917 Welfare(23-24).D


### कैश कांड के आरोपी अमित कुमार की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** अधिवक्ता राजीव कुमार कैश कांड से जुड़े मामले में गिरफ्तार कोलकाता कारोबारी अमित कुमार अग्रवाल को झटका लगा है। अदालत ने उसको जमानत देने से इनकार किया है। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में बुधवार को उसकी ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर सुनवाई हुई। सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने जमानत अर्जी खारिज कर दी। वर्तमान में वह कैश कांड के साथ जमीन फर्जीवाड़े से जुड़े मनी लाउंड्रिंग के आरोप में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में बंद है। अमित अग्रवाल ने जमानत की गुहार लगाते हुए अर्जी दाखिल की थी। सीबीआई ने उसे रिमांड पर लिया था। पूछताछ के बाद सीबीआई ने अदालत में पेश किया। जहां से उसे अदालत ने न्यायिक हिरासत में लेते हुए पुनरू जेल भेज दिया था।

### डॉ. सुनील चंद्र दूबे बने बीएयू के वीसी

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने डॉ. सुनील चंद्र दूबे को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय का वाइस चांसलर नियुक्त किया है। वर्तमान में डॉ. सुनील चंद्र दूबे भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद में पौधा संरक्षण और जैव सुरक्षा सहायक महानिदेशक के पद पर पदस्थापित हैं। राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ. नितिन मदन कुलकर्णी के हस्ताक्षर से यह आदेश जारी कर दिया गया है।

# सरकार ने हाइकोर्ट को बताया- हजारीबाग में नाबालिग को एसिड पिलाने के मामले में आरोपी की भूमिका नहीं

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हजारीबाग में दिसंबर 2019 में एक नाबालिग को उसके परिचित द्वारा एसिड पिलाये जाने के मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि आरोपी के पॉलीग्राफ टेस्ट की रिपोर्ट गुजरात, गांधीनगर से आ गयी है। पॉलीग्राफिक टेस्ट की रिपोर्ट में आरोपी लड़के की पीड़िता को एसिड पिलाने या टॉयलेट क्लीनर पिलाने में कोई भूमिका नहीं पायी गयी है। इस पर हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार को जल्द अनुसंधान पूरा करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई फरवरी 2024 के दूसरे सप्ताह में निर्धारित की। कोर्ट में एमिकस क्यूरी अपराजिता भारद्वाज ने पक्ष रखा। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता गौरव राज ने पैरवी की।

**क्या है मामला :** दरअसल, वर्ष 2019 में हजारीबाग में एक 13 साल की बच्ची जब वह स्कूल से लौट रही थी तो उसके परिचित ने जबरदस्ती उसे एसिड पिला दिया था। जिससे उसकी हालत काफी बिगड़ गई थी। बाद में एम्स पटना और रिम्स रांची में बच्ची का इलाज हुआ था। एसिड पिलाये जाने से 2 महीने तक बच्ची कुछ बोलने में असमर्थ थी। मामले को लेकर हजारीबाग के इचाक थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले को लेकर तत्कालीन चीफ जस्टिस को एक पत्र लिखा गया था। जिसके बाद एक समाचार पत्र में छपी खबर के आधार पर हाइकोर्ट ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया था।

## लैंड स्कैम : रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की दो जमानत याचिकाओं पर हाइकोर्ट में हुई सुनवाई

# चेशायर होम मामले में अगली सुनवाई 9 जनवरी को तो सेना के कब्जे वाली जमीन मामले में बहस शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बरियातू रोड स्थित सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन सहित बरियातू की चेशायर होम जमीन की अवैध तरीके से खरीद बिक्री मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की ओर से दायर दो जमानत याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति दीपक रोशन की कोर्ट ने चेशायर होम जमीन मामले में ईडी द्वारा दर्ज मामले में छवि रंजन की जमानत याचिका पर ईडी को जवाब दायर करने को निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 19 जनवरी 2024 निर्धारित की। वहीं सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध खरीद बिक्री से संबंधित ईडी द्वारा छवि रंजन के खिलाफ दर्ज ईसीआईआर 1/2023 में छवि रंजन की जमानत याचिका पर प्रार्थी की ओर से बहस शुरू हुई। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 9 जनवरी 2024 निर्धारित की है।



बता दें कि इस मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और बड़गाई के राजस्व कर्मचारी सहित 18 लोगों के 22 ठिकानों पर 13 अप्रैल को ईडी ने छापेमारी की थी। इस दौरान बड़ी संख्या में जमीन के फर्जी डीड, मुहर एवं अन्य कागजात ईडी को मिले थे। जिसके बाद 14 अप्रैल को ईडी ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इन पर जमीन के दस्तावेज में छेड़छाड़ करने का आरोप था, बाद में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को संलिप्तता के आधार पर 4 मई को गिरफ्तार किया गया था। जमीन खरीद बिक्री मामले को लेकर बरियातू थाना में छवि रंजन के खिलाफ कांड संख्या 141 /2022 दर्ज किया गया है।

### लैंड स्कैम : व्यवसायी विष्णु अग्रवाल की ओर से जमानत अर्जी पर हाईकोर्ट में ईडी की बहस जारी

**रांची।** बरियातू रोड स्थित चेशायर होम रोड स्थित 1 एकड़ की जमीन खरीदने मामले में जेल में बंद न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल की ओर से झारखंड हाई कोर्ट में दायर जमानत अर्जी की सुनवाई बुधवार को हुई। मामले में ईडी को और से बहस जारी रही। इससे पहले सोमवार को विष्णु अग्रवाल की ओर से बहस पूरी हो गई थी, अब 21 दिसंबर यानी आज ईडी की ओर से बहस होगी।

दरअसल 18 सितंबर को ईडी कोर्ट ने विष्णु अग्रवाल की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। इसके बाद वे हाई कोर्ट गये। बता दें कि 31 जुलाई 2023 को रात करीब 10:00 बजे ईडी ने विष्णु अग्रवाल से पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया था। विष्णु अग्रवाल पर चेशायर होम रोड की 1 एकड़ की जमीन गलत ढंग से खरीदने का आरोप है। ईडी ने अपनी जांच में पाया था कि इस जमीन के मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ की गई थी। कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय में रखे मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर रैयत का नाम बदला गया था। जिसके बाद विष्णु अग्रवाल ने यह जमीन खरीदी थी। जालसाजी कर मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर गंगाधर राय को इस जमीन का फर्जी मालिक बनाया गया था। बाद में गंगाधर राय के पोते राजेश राय से यह जमीन खरीद बिक्री की गई थी।

### पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका पर हाई कोर्ट में सुनवाई 29 जनवरी को

**चेशायर होम रोड स्थित जमीन खरीद बिक्री मामला**

**रांची।** बरियातू रोड स्थित चेशायर होम रोड स्थित 1 एकड़ की जमीन खरीदने मामले में चार्जशीटेड प्रेम प्रकाश की जमानत अर्जी की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में बुधवार को हुई। मामले में ईडी के जवाब पर प्रार्थी की ओर से प्रतिउत्तर दाखिल किया गया। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति दीपक रोशन की कोर्ट ने मामले में बहस के लिए अगली सुनवाई 29 जनवरी 2024 निर्धारित की है। बता दें की चेशायर होम रोड जमीन की अवैध खरीद बिक्री मामले में ईडी ने ईसीआईआर 5/2023 दर्ज किया है। इस मामले में ईडी ने पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश के अलावा न्यूक्लिय न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल, रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, राजेश राय एवं भारत प्रसाद, इम्तियाज अहमद, अफसर अली सहित 10 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है।

ईडी की जांच में पता चला था कि राजेश राय एवं भारत प्रसाद ने गलत तरीके से चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन पर कब्जा किया था। उक्त जमीन का खाता नंबर 37, प्लॉट नंबर 28 है। वहीं विष्णु अग्रवाल पर चेशायर होम रोड की 1 एकड़ की जमीन गलत ढंग से खरीदने का आरोप है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल,रामगढ़।**

**ई-अति अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई-अति अल्पकालीन पुनर्निविदा संख्या:- 317/RI/2022-23/RWD/RAMGARH दिनांक :- 20.12.2023

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़ द्वारा मुख्य मंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजनान्तर्गत (2515) निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेंडर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/RAMGARH/10/SRPKG/01/2022-23 | रॉची रोड (करमा सिमाना) से रतवे तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं0-3.900 कि0मी0) | 11,67,00,800/- | ग्यारह करोड़ सड़सठ लाख आठ सौ रू0 मात्र | 9 माह | द्वितीय |
| 2 | | दुरु कसमार से रौता-2 तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं0-4.000 कि0मी0) | | | | |
| 3 | | उपरखखरा से धारा फॉल भाया पत्थलगढ़ा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य।(लं0-3.950 कि0मी0) | | | | |
| 4 | | बरियातु बाजार टांड़ से साड़म भाया माचा टांड़ तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य।(लं0-6.450 कि0मी0) | | | | |
| 5 | | पोटमदगा से बोंगई तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य।(लं0-4.050 कि0मी0) | | | | |
| 6 | | रायपुरा से पी0डब्लू0डी0 रोड काली स्थान भाया बारघुटू तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य।(लं0-2.450 कि0मी0) | | | | |
| 7 | | भालु स्कूल से पोटमदगा भैरवी नदी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य।(लं0-1.300 कि0मी0) | | | | |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:- 22.12.2023
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:- 30.12.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:- 02.01.2024 अपराह्न 11.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़, नयानगर, घुटुवा, बरकाकाना, रामगढ़ झारखण्ड, पिन- 829103
6. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0- 06553254005

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, रामगढ़।

PR 313902 (Rural Work Department) 23-24 (D)

# अदालत ने जेल प्रशासन को जेल में बंद कुख्यात बंदियों को दूसरे जेल में भेजने की सशर्त अनुमति दी

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद जेल में यूपी के कुख्यात शूटर अमन सिंह की हत्या के बाद तनाव को देखते हुए अदालत ने जेल प्रशासन को धनबाद जेल में बंद कुख्यात बन्दियों को दूसरे जेल में 3 माह के लिए भेजने का सशर्तअनुमति दे दी है। धनबाद जेल प्रशासन ने जेल आईजी के निर्देश के आलोक में जिला एवं सत्र न्यायाधीश स्वयंभू की अदालत से 14 बंदियो को सुरक्षा एवं जेल के अंदर विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिहाज से दूसरे जेलों में भेजने की इजाजत मांगी थी।

इस पर अदालत ने अपने आदेश में कहा है की जेल के अंदर की स्थिति जेल प्रशासन के काबू में नहीं दिख रही। कैदियों की सुरक्षा महत्वपूर्ण है। अदालत ने यह भी कहा है की जेल आईजी ने अदालत को आश्ववस्थ किया है कि सभी बंधिया को निर्धारित तिथि को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश




करेंगे यदि किसी बंदे की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पैसे नहीं हो पाई तो दूसरी तिथि को जेल प्रशासन को उसे किसी अन्य माध्यम से या सशरीर पेश करना होगा। यदि जेल प्रशासन ऐसा करने में असफल रहा तो यह आदेश स्वत खत्म हो जाएगी।

ऐसे में जेल प्रशासन पर अदालत के आदेश की अवमानना की भी कार्रवाई हो सकती है। जज ने कहा कि अदालत में मुकदमे की सुनवाई प्रभावित न हो इसे सुनिश्चित करने का काम जेल अधिकारियों का होगा। अदालत ने अपने आदेश में जेल आईजी को निर्देशित किया है कि वह बंदियों से संबंधित रिपोर्ट त्रैमासिक भेजेंगे।

जिन बंदियों को बाहर भेजने की इजाजत मिली है उनमें जेल में बंद मोहम्मद शाहिद को सरायकेला जेल गॉडविन खान को लोहरदगा बंटी खान को पाकुड़ मोहम्मद औरंगजेब को तेनुघाट आशीष शुक्ला उर्फ सत्यनारायण को होटवार रांची अरुण कुमार को खूंटी कुंदन धिकार को पलामू अफरीदी राजा को जमशेदपुर और जय मंगल हाजरा को रामगढ़ जेल भेजने की इजाजत दी है।

## डीपीएस बोकारो खेलो इंडिया योगासन लीग के नेशनल स्पर्धा में शामिल

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के आठवीं कक्षा की छात्रा किया कोरल सिंह और सना ने योगाभ्यास में अपनी काबिलियत का परचम लहराया है। योग के क्षेत्र में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्डधारी संस्था योगासन भारत की ओर से आयोजित अस्मिता खेलो इंडिया विमेंस योगासन लीग की राष्ट्रस्तरीय प्रतिस्पर्धा में दोनों ही छात्राएं झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगी। विदित हो कि गुवाहाटी में इस प्रतियोगिता का ईस्ट जोन लीग आयोजित किया गया था। लीग की आर्टिस्टिक पेयर स्पर्धा में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए किया कोरल व सना ने नेशनल में अपनी जगह बनाई।

## स्पीड न्यूज

### प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता 2023 का आयोजन

**पूर्वी टुंडी।** पूर्वी टुंडी प्रखंड अंतर्गत पोखरिया गांव में प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता 2023 का आयोजन किया गया था। खेल आयोजन में 9 पंचायत के टीमों को रखा गया था। जिसमें सात पंचायत के टीमों ने भाग लिया। सेमी फाइनल खेल चुरूरिया पंचायत और मोहलीडीह पंचायत के बीच खेला गया। सेमीफाइनल में मोहलीडीह पंचायत पहुंचा तथा इसके बाद रूपन पंचायत एवं मोहलीडीह पंचायत के खिलाड़ियों के बीच खेला गया। रूपन पंचायत के खिलाड़ी फाइनल में पहुंचे। कार्यक्रम में शामिल मुख्य अतिथि द्वारा खिलाड़ियों को जर्सी आदि देकर सम्मानित किया गया।

### एनएसयूआई जी. एन कॉलेज की शीतकालीन बैठक

**धनबाद।** बुधवार को एनएसयूआई जी. एन. कॉलेज की ओर से शीतकालीन बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता जिला महासचिव सनी सिंह ने की। बैठक का संचालन जी एन कॉलेज उपाध्यक्ष सुंदर कुमार, अनिकेत कुमार ने किया। जहां जी. एन. कॉलेज महासचिव प्रिया गुप्ता,श्रेया पांडे, महक अग्रवाल, रोहित कुमार मंडल जी. एन. कॉलेज सचिव खुशी मित्तल, अदीबा अनम, साहिबा वार्सिया, अनिकेत कुमार, मौके पर मौजूद थे।

### मजदूरों की समस्याओं को लेकर प्रबंधन से वार्ता हुई संपन्न

**निरसा।** एमपीएल के अधीन कम्पनी आर एस शर्मा संवेदक के अधीन कार्यरत मजदूरों का प्रमोशन, वेतन बढ़ोतरी आदि अन्य मांगों को लेकर साकारात्मक वार्ता हुई और अगले एक महीने के अंदर सभी मांगों का समाधान करने का आश्वासन दिया गया। मजदूरों की ओर से झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य अशोक मंडल, एमपीएल पदाधिकारी संदीप खंडेलवाल, गैंगवाल साहब, अमित पाल, संवेदक इंचार्ज साधन विश्वास के बीच वार्ता सम्पन्न हुई।

### विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में बैठक आयोजित

**पूर्वी टुंडी।** पूर्वी टुंडी प्रखंड अंतर्गत लटानी बाजार स्थित शिव शक्ति मंदिर प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में एक बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में 22 जनवरी को अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इस कार्यक्रम में अयोध्या से आया हुआ अक्षत, आमंत्रण आदि विभिन्न पंचायत में स्थित गांव के घर-घर जाकर पहुंच कर आमंत्रित किया जाना है। कार्यक्रम विश्व हिंदू परिषद के पंकज मंडल, संत लाल बाबा, महादेव कुमार, मंजूर मंडल ,काजल कुमार, वीरेंद्र भंडारी, वासुदेव कुमार सहित दर्जनों गण्यमन लोग सम्मिलित हुए।

### रोटरेक्ट क्लब बीआईटी सिंदरी की नयी टीम ने संभाला कमान

**सिंदरी।** वर्ष 2023-24 के लिए रोटरेक्ट क्लब बी आई टी सिन्दरी की नई कार्यकारिणी सदस्यों ने बुधवार को संस्थान में आयोजित विवर्तन कार्यक्रम में पदभार ग्रहण किया। इसके जरिए नई टीम को जिम्मेवारी सौंपी गई है। बीआईटी सिंदरी के छात्र सुमित कुमार को अध्यक्ष, मोहम्मद सयजामन बिलाली और मनीषा कुमारी को उपाध्यक्ष, प्रियेश कुमार दत्ता को सचिव तथा प्रताप कुमार डे को नयी कमेटी का कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

# 25 - 25 टन अवैध कोयला लदे 2 ट्रक जब्त

## विक्की लाला सहित अन्य लोगों पर नामजद एफआईआर दर्ज



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन के निदेर्शानुसार कोयला और बालू के अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध जिला खनन टास्क फोर्स लगातार छापामारी अभियान चला रहा है। इसी क्रम में जिला खनन पदाधिकारी मिहिर सालकर के निर्देश पर खान निरीक्षक विनोद प्रमाणिक ने बीती रात लगभग 12:30 बजे से बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में औचक जांच अभियान चलाया। जांच के क्रम में बरवाअड्डा ओवर ब्रिज के नीचे अवैध कोयला लदे ट्रक संख्या बीआर 02 जीए 4840 तथा जेएच 02 आर 8859 को पकड़ा गया। दोनों ट्रक में कोयला से संबंधित किसी तरह के वैध कागजात नहीं पाए गए। वहीं वाहन चालकों से पूछताछ के क्रम में उनके द्वारा बताया गया कि उक्त कोयला कतरास के मालकेरा से अवैध खनन कर गोविंदपुर ले जाया जा रहा था। साथ ही वाहन चालकों ने बताया कि यह सब काम विक्की लाला के इशारों पर किया जाता है। जिला खनन टास्क फोर्स ने दोनों वाहन, उस पर लदा लगभग 25-25 टन कोयला, वाहन चालक, वाहन मालिक, विक्की लाला तथा इस कार्य में संलिप्त अन्य सभी लोगों के विरुद्ध बरवाअड्डा थाना में एफआईआर दर्ज किया गया है।

# झरिया में कोयला चोरों की चलती है दादागिरी

## कोयला चोर के बाईक से सात वर्ष की रिद्धि का पैर हाथ और पसली की हड्डी टूटी

**अलकडीहा।** जयरामपुर दुर्गा मंदिर निवासी संतोष सिंह की सात वर्षीय पुत्री रिद्धि कुमारी को एक कोयला चोर जिसका नाम विनोद कुमार है अपने बाईक से मारकर बुरी तरह घायल कर दिया। रीधी सड़क पार कर रही थी ठीक उसी समय विनोद अपने बाईक पर चार बोरी कोयला लेकर जा रहा था, उसके बाईक का संतुलन बिगड़ गया और बच्ची को धक्का मार दिया।बच्ची बुरी तरह घायल होकर लहु लुहान हो गयी। घर वाले परिजनों के सहयोग से जयरामपुर डिस्पेंसरी ले गए जहां प्राथमिक उपचार के बाद घर वाले



ईनजूरी रिपोर्ट के लिए अलकडीहा ओ पी चले गये। बेहतर इलाज के लिए घर वाले परिजनों के साथ धनबाद राज क्लिनिक पहुंच उसका इलाज आरंभ किया गया। एक्स-रे के बाद डॉक्टर ने स्पष्ट किया कि बच्ची का पैर ,हाथ और गर्दन की हड्डी बुरी तरह टुट गया है। रीधी अस्पताल में भर्ती है और ईलाज चल रहा है। बताते चलें कि आज से एक साल पहले बाईक पर कोयला ढोने वालों को तेज रफ्तार में गाड़ी दुर्गा मंदिर से ले जाने के लिए वहां के लोगों ने मना किया था। फिर भी वे लोग नहीं माने और आज एक बच्ची अपाहिज होने की स्थिति में पहुंच गई है। ईस पर स्थानीय पुलिस प्रशासन को भी ध्यान देना चाहिए जिससे ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो।

## दो मोटरसाइकिल के टक्कर में चार जख्मी एक की हालत नाजुक

**बेरमो/बोकारो।** दुग्धा थाना अंतर्गत बोकारो झरिया ओ पी के बोकारो झरिया बीजे पीट इंक्लाईन के पास दो मोटरसाइकिल संख्या खँ10र-0611 तथा दुसरा॰095-9551 के आमने-सामने टक्कर होने से चार लोग जख्मी हो गये जिसमें एक की हालत नाजुक बनी हुई है।नाजुक हालत में बीसीसीएल कर्मी जानकी नायक को सिटी हॉस्पिटल से डुमरा बीसीसीएल अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बीसीसीएल कर्मी जानकी नायक ड्यूटी से वापस लौट अपने घर जा रहे थे। इसी दरमियान एक बाइक जिस पर तीन लोग सवार थे सामने से आकर टक्कर मार दी जिससे दोनों मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गया और यह चारों सड़क पर घायल अवस्था में गिरे। जिसकी जानकारी तत्काल ओ पी थाना प्रभारी रंजीत कुमार को दिया गया वह तथा पूर्व जिला परिषद नवीन महतो ने घटनास्थल पर पहुंचकर थाना प्रभारी के साथ एंबुलेंस में घायलों को डाल कर सिटी हॉस्पिटल पहुंचाने का काम किया जहां घायलों की इलाज चल रही है

# अन्य क्षेत्रों सहित खेल में भी महिलाएं लहरा रही है परचम : योगेन्द्र महतो



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के सपाहीटांड मैदान में जेएसएलपीएस की ओर से लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान के तहत महिला फुटबॉल प्रदर्शनी मैच का आयोजन किया गया। इस दौरान मंत्री दर्जा प्राप्त सह राज्य समन्वय समिति सदस्य योगेंद्र प्रसाद महतो प्रमुख नियोति कुमारी विधायक प्रतिनिधि कौशल्या देवी प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष दिलीप कुमार हेंब्रम ने फुटबॉल एवं कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि श्री महतो ने कहा कि अब पढ़ाई हो या कोई खेल हर क्षेत्र में महिलाएं अपनी योग्यता की डंका बजा रही है। उन्होंने अपील किया कि आप सभी अपने बच्चियों को पढ़ाई के साथ साथ खेल के प्रति भी जागरूक करें। प्रमुख नियोति कुमारी ने कहा कि समाज और परिवार में बेटियों को भी आगे बढ़ने के लिए हर क्षेत्र में समान अवसर मिलना चाहिए। प्रदर्शनी मैच में खैराचातर मंजूरा सीएलएफ की टीम ने मधुकरपुर कसमार सीएलएफ की टीम को 4 गोल से पराजित किया। कबड्डी प्रतियोगिता में मधुकरपुर कसमार सीएलएफ की टीम ने खैराचातर मंजूरा सीएलएफ को पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया।

## बीसीसीएल श्रमिकों की समस्यायों पर हुई वार्ता

**धनबाद।** बुद्धवार को धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ संबद्ध बी.एम.एस. के नवीन पदाधिकारी द्वारा श्रमिक समस्याओं को लेकर बी.सी.सी.एल. के निदेशक कार्मिक मुरली कृष्ण रमैया से औपचारिक मुलाकात कर श्रमिकों के ज्वलंत समस्याओं से अवगत कराया गया तत्पश्चात मुरली कृष्ण रमैया निदेशक कार्मिक के साथ विधिवत बैठक की गई।

## उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को गैस सिलेंडर व चूल्हा वितरित

**बोकारो।** चास प्रखंड की करहरिया पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा में लगभग दो दर्जन महिलाओं के बीच उज्ज्वला योजना के तहत मिलने वाले गैस सिलेंडर और चूल्हे का वितरण किया गया। प्रदेश भाजपा के सदस्य व पूर्व जिलाध्यक्ष रोहित लाल सिंह ने ग्रामीणों को बताया कि इस यात्रा के माध्यम से भारत सरकार की ओर से गांव गांव में शिविर आयोजित कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। स्वच्छता मिशन के रूप में सबों को शौचालय पक्के मकान के साथ साथ रोजगार के साधन दिए गए हैं। कहा कि शिक्षित महिलाएं आत्मनिर्भर बनें और बनायें। मौके पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता शंकर रजक मुखिया दीपक कुमार समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# शौचालय का प्रयोग नहीं होने के कारण ग्रामीणों को परेशानी




खबर मन्त्र संवाददाता

**पूर्वी टुंडी।** पूर्वी टुंडी प्रखंड सह अंचल कार्यालय के परिसर में बना शौचालय झाड़ियां से गिर गया है। इसका उपयोग नहीं हो रहा। इस और प्रखंड प्रशासन का ध्यान नहीं है। जबकि प्रखंड परिसर में अक्सर ग्रामीणों की भीड़ रहती है। प्रखंड कार्यालय आने वाले ग्रामीणों की हित का ख्याल रखते हुए यहा महिला एवं पुरुष के लिए अलग-अलग शौचालय बनाया गया है। लेकिन इसका प्रयोग नहीं हो रहा है। विदित हो कि लटानी पंचायत में सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम प्रखंड कार्यालय के समीप मैदान में बीते 28 नवंबर को आयोजित किया गया था। जिसमें सैकड़ो लोगों ने भाग लिया था। बने शौचालय का प्रयोग नहीं होने के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था। झाड़ियां की कटाई होने से शौचालय का प्रयोग किया जा सकता है। और कहीं हद तक लोगों की परेशानी दूर हो सकती है।

## उपायुक्त के आश्वासन भी दिखे बेअसर

**धनबाद।** उपायुक्त के आश्वासन भी हुए बेअसर, नहीं हो पा रहा है बीपीएल परिवार के बच्चों का, रिक्त रहे स्कूल के सीटों पर नामांकन। आपको मालूम ही होगा कि इस वर्ष शिक्षा विभाग की ओर से बीपीएल नामांकन प्रक्रिया में कितनी लापरवाही बरती गई है। जो प्रक्रिया अप्रैल-मई में समाप्त हो जानी थी। उसे इस वर्ष दिसंबर माह तक भी, नहीं पूरा किया गया। इसका मुख्य कारण है, कार्यालय की उदासीनता। अगर शिक्षा विभाग इस प्रक्रिया को गंभीरता से लेती तो यह खामीआजा नहीं भुगतना पड़ता। विभाग की ओर से इस बार मन माने तरीके से नामांकन लिया गया। जिसमें नियमों की खूब धजिया उड़ाई गई।

## निशुल्क ओपीडी व नेत्र जांच शिविर 22-23 दिसंबर को

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/चंद्रपुरा।** डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र प्रबंधन और शहीद तिलकामांझी मेमोरियल अस्पताल द्वारा आगामी 22 दिसंबर को एशियन सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल धनबाद के सहयोग से कार्डियोलॉजी न्यूरोलॉजी और ऑर्थोपेडिक के लिए सुपर स्पेशियलिटी ओपीडी की सुविधा निशुल्क दी जाएगी। डीवीसी अस्पताल के उप महाप्रबंधक डॉ पीके घोष ने इस बाबत सूचना जारी करते हुए कहा है कि डीवीसी सीटीपीएस हॉस्पिटल में सैमफोर्ड हॉस्पिटल रांची के सहयोग से आगामी 23 दिसंबर को निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। सभी कर्मचारियों और आम जनता इस सुविधा का लाभ उठाने हेतु उक्त तिथि को साढ़े दस बजे से रजिस्ट्रेशन कराएंगे।

## सीएसआर के तहत केटीएमपीएल ने बच्चों के बीच बांटे 160 स्वेटर

**सिंदरी।** बढ़ती ठंड को देखते हुए रोहड़ाबाँध उत्क्रमित मध्य विद्यालय के 160 बच्चों को कल्याणेश्वरी टासरा माइनिंग प्रा लिमिटेड के सीएमडी किशोर बाबू और सेल सीजीएम शिवराम बनर्जी ने बुधवार को स्वेटर वितरण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेल मुख्य महाप्रबंधक शिवराम बनर्जी ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत केटीएमपीएल सीएसआर के तहत मेगा प्रोजेक्ट के आसपास के लोगों को लाभान्वित कर रहा है।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
यौंत्रिक प्रमण्डल, बनासो, हजारीबाग

ई-प्रोक्योरमेन्ट सूचना
ई–निविदा सूचना संख्या–WRD/MD/BANASO/04/2023-24

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | गवई बराज योजना के बॉयी मुख्य नहर के विभिन्न चैनों से निसृत वितरण प्रणाली पर C/R एवं H/R गेटों के निर्माण एवं अधिष्ठापन इत्यादि हेतु कराये जाने वाले यौंत्रिक कार्य। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | ₹ 1,42,56,382.00 (एक करोड़ ब्यालिस लाख छप्पन हजार तीन सौ बिरास्सी) मात्र। |
| 3 | कार्य समाप्ति की अवधि | 11 (ग्यारह) माह। |
| 4 | अग्रधन की राशि (रूपये में) | ₹ 2,86,000.00 (दो लाख छियास्सी हजार) मात्र। |
| 5 | वेबसाईट पर ई–निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | दिनांक– 26.12.2023 को 12:00 बजे अपराह्न |
| 6 | बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक– 16.01.2024 को 05:00 बजे अपराह्न |
| 7 | ई–निविदा (तकनीकी बीड) खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक– 18.01.2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, यौंत्रिक प्रमण्डल, बनासो, हजारीबाग। |
| 9 | प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 9470355027 |
| 10 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651–2490232 |

नोट:–
1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट् पर देखा जा सकता है।
3. निविदा बिना कारण बताये कभी भी संशोधित या रद्द की जा सकती है।
4. सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबावदेही संबंधित निविदाकार की होगी।

(सुबोध कुमार)
कार्यपालक अभियंता
यौंत्रिक प्रमण्डल, बनासो, हजारीबाग

PR 313901 Water Resource (23-24)_D


# मालगाड़ी की चपेट में आने से सीसीएल कर्मी की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो /जारंगडीह।** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र अंतर्गत जारंगडीह दक्षिणी पंचायत के मांझी टोला रेलवे ट्रेक से गुजर रही मालगाड़ी के जद में आने से जारंगडीह उतरी पंचायत रिवर साइड निवासी सह सीसीएल कर्मी किशोर कुमार सिंह उम्र लगभग 52 से 55 के आसपास की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पाते ही बोकारो थर्मल पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर तेनुघाट पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जबकि घटना स्थल



पर जमा लोगो के बीच उसके परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। घटना लगभग दिन के 1 बजे की आसपास की बताई जाती है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जारंगडीह रेलवे स्टेशन से एक विशेष रेलवे लाइन जारंगडीह रेलवे साइडिंग और कथारा वाशरी को जोड़ने के लिए बिछाई गई है ताकि इसी ट्रेक के सहारे मालगाड़ी कोयला लोड ले सके और आना जाना कर सके। हर दिन की तरह आज भी जारंगडीह रेलवे साइडिंग से कोयला लेकर मालगाड़ी जारंगडीह रेलवे स्टेशन की ओर निकली उक्त व्यक्ति मांझी टोला नामक गांव के समीप इसके जद में आ गया जिससे उसकी दर्दनाक मौत मौके पर ही हो गई। शव पुरी तरह क्षत विक्षत अवस्था में रेलवे लाइन पर पड़ी थी। जबकि घटना की जानकारी मिलने के बाद बोकारो थर्मल के सब इंस्पेक्टर जिदन गुड़िया दल बल के साथ वहां पहुंची और कानुनी प्रक्रिया में जुट गई। परिजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक सीसीएल गोविंदपुर परियोजना में कार्यरत था। उन्होंने अपने पिछे अपनी पत्नी, दो विवाहित बेटियां और एक विवाहित पुत्र छोड़ कर गया है। हालांकि मौत के सही कारण का पता समाचार लिखे जाने तक नही मिल पाई थी जबकि घटना स्थल पर मौजूद लोगो मे यह चर्चा का विषय बना हुआ था कि मृतक दिन भर नशे में धुत रहता था और कर्ज की बोझ से दबा हुआ था। वही पुलिस को मदद पहुचाने मे जारंगडीह दक्षिणी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुदेश भुईयां, उतरी पंचायत के पूर्व मुखिया मो इम्तियाज अंसारी पुर्व वार्ड सदस्य ललित रजक आदि ने अहम भूमिका निभाई।


कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, राँची
(जिला आपूर्ति शाखा)

आम सूचना

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत अन्त्योदय अन्न योजना (AAY) एवं पूर्वविक्ता प्राप्त गृहस्थ योजना (PHH) तथा झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के लाभुकों को खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। ऐसी संभावना है कि इस अधिनियम के अंतर्गत वर्तमान में कुछ ऐसे व्यक्ति भी राशन कार्ड धारित किये हुए है, जो निर्धारित मानकों के आलोक में पात्र नहीं है। "झारखण्ड लक्षित जन वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश–2022" के अध्याय– IV की कंडिका–20 के उपकंडिका–(XVIII) (झ) के अनुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अपवर्जन मानक के तहत् निम्न व्यक्ति पीएचएच/अन्त्योदय राशन कार्ड की पात्रता नहीं रखते हैं :–

अपवर्जन मानक निम्नवत् हैं :–
(i) परिवार का कोई भी सदस्य, भारत सरकार/राज्य सरकार/केन्द्र शासित प्रदेश या इनके परिषद्/प्रक्रम/उपक्रम/अन्य स्वायत निकास जैसे विश्वविद्यालय इत्यादि/नगर निगम/नगर पर्षद/नगर पालिका/न्यास इत्यादि में नियोजित हो, अथवा;
(ii) परिवार का कोई सदस्य आयकर/सेवा कर व्यावसायिक कर देते हैं, अथवा;
(iii) परिवार के पास 5 (पाँच) एकड़ से अधिक सिंचित भूमि अथवा 10 (दस) एकड़ से अधिक भूमि है अथवा
(iv) परिवार के किसी सदस्य के नाम से चार पहिया मोटर वाहन है, अथवा;
(v) परिवार का कोई सदस्य सरकार द्वारा पंजीकृत उद्यम का स्वामी या संचालक है, अथवा;
(vi) परिवार के पास रेफ्रिजेटर/एयर कंडिशनर/वाशिंग मशीन है अथवा;
(vii) परिवार के पास कमरों में पक्की दिवारें तथा छत के साथ तीन या इससे अधिक कमरों का मकान है, अथवा;
(viii) परिवार के पास मशीन चालित चार पहिये वाले कृषि उपकरण (ट्रेक्टर इत्यादि) है।

उपरोक्त अपवर्जन मानक के तहत् यदि ऐसे परिवारों के द्वारा अभी भी पीएचएच (PHH)/अन्त्योदय (AAY) राशन कार्ड का लाभ उठा रहे हैं तो निश्चित रूप से दिनांक 31.12.2023 तक अयोग्य पीएचएच/अन्त्योदय राशन कार्ड अपने प्रखण्ड के प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी/प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/पणन पदाधिकारी/जिला आपूर्ति कार्यालय, राँची में विलोपित (रद्द) करने हेतु स्वेच्छा से समर्पित करना सुनिश्चित करें।

अपनी स्वेच्छा से राशन कार्ड समर्पित करने वाले राशन कार्डधारियों के विरूद्ध किसी भी प्रकार की पिड़ित कार्यवाही नहीं की जाएगी। साथ ही वे अन्य अपात्र राशन कार्डधारियों को राशन कार्ड सरेन्डर करने हेतु प्रेरित करने एवं सूचना देने वाले व्यक्तियों की सूचना पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

उक्त समयावधि के उपरांत अपात्र व्यक्ति/परिवार द्वारा PHH/AAY राशन कार्ड का लाभ लिये जाने की सूचना प्राप्त होने पर अधिनियम के अंतर्गत वसूली एवं कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

दण्डात्मक प्रावधान निम्नवत् है :–
1. IPC की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर अपराधिक कार्रवाई प्रारंभ की जायेगी।
2. राशन की वसूली बाजार दर से 12 प्रतिशत ब्याज के साथ की जाएगी।
3. सरकारी कर्मी के विरूद्ध विभागीय कार्रवाई प्रारंभ की जायेगी।

नोट :– विदित हो कि झारखण्ड लक्षित जन वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश–2022 के अध्याय– IV की कंडिका–20 के उपकंडिका–(XVIII) (झ) के अनुसार यदि दुकानदार द्वारा अपने वितरण क्षेत्र के मृत कार्डधारी, विस्थापित कार्डधारी या वैसे कार्डधारी जो कि अपवर्जन मानकों के अधीन आ गये हो, की सूचना कार्यालय को नहीं दिये जाने पर संबंधित डिलरों के विरूद्ध कार्रवाई का प्रावधान है।

निदेशानुसार,
ह०/–
जिला आपूर्ति पदाधिकारी, राँची।

PR 313868 (District) 23-24 (D)

## स्पीड न्यूज

### यूनाईटेड कोल वर्कर्स का सम्मेलन कल



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** यूनाईटेड कोल वर्कर्स यूनियन ने बुधवार को भुरकुंडा यूनियन कार्यालय में शाखा अध्यक्ष नरेश मंडल, शाखा सचिव लखेन्द्र राय, विकास कुमार, अनुज कुमार, रंजीत कुमार, सुनील कुमार सिंह, मंजूर अंसारी, संतोष कुमार, नागेन साव, मंगल नायक प्रेस वार्ता में बताया कि यूनाईटेड कोल वर्कर्स यूनियन भुरकुंडा कोलियरी का 35वां शाखा सम्मेलन यूनियन कार्यालय रीवर साइड भुरकुंडा में 22 दिसम्बर को सुबह 11 बजे से शुरू होगी। उन्होंने बताया कि सम्मेलन के एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के महामंत्री रमेन्द्र कुमार, एरिया अध्यक्ष कॉ. कन्हैया सिंह, एरिया सचिव कॉ. बिंध्याचल सहित सभी शाखा के अध्यक्ष और सचिव अतिथि के रूप में भाग लेंगे। साथ ही इस सम्मेलन में भुरकुंडा कोलियरी से सैकड़ों मजदूर प्रतिनिधि के रूप में भाग लेंगे।

### डॉ. राणा ने ईसा मसीह के जन्मदिन पर दी बधाई



**रजरप्पा।** बुधवार को डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुकरीगढ़ा लारी के बहुउद्देशीय सभागार में क्रिसमस गैदरिंग के पूर्व संध्या पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम डॉ. एस. राधाकृष्णन के चित्र पर दीप एव पुष्प प्रज्जवलित कर कार्यकम की शुरूआत मातृ संस्था जन आकांक्षा के सचिव मणिकांत सिन्हा, महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रितेश कुमार, महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय कुमार प्रभाकर और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शिव कुमार राणा एवं सभी शिक्षको के द्वारा किया गया। डॉ. राणा ने ईसा मसीह की जीवनी की चर्चा के साथ ईसा मसीह के जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दिया।सहायक प्राध्यापक सुश्री संजु रंजु वंदना होरो ने कहा कि ईश्वर की प्रमुख रचना मनुष्य है ।

### मुखिया अरविंद सिंह हुये सम्मानित



**रजरप्पा।** डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकरण कार्यक्रम के तहत भूमि सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में संबंधित पंचायत के मुखिया के साथ बीडीओ, सीओ सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित किया गया। पंचायत के मुखिया को अभिनंदन पत्र समर्पित किया गया। पंचायत सचिवालय बड़कीपोना में आयोजित सादे कार्यक्रम के दौरान बड़कीपोना मुखिया अरविंद कुमार सिंह को चितरपुर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ज्ञानमनी एक्का एवं अंचलाधिकारी दीपक मिंज ने संयुक्त रूप से अभिनन्दन पत्र देकर सम्मानित किया। मुखिया को पंचायत सेवक अनिल महतो, योगेश कुमार, प्रखंड समन्वयक कमल साव, उप मुखिया परवेज आलम, अंचल के कम्प्यूटर कृष्णा कुमार, वार्ड सदस्य मंटू कुमार, सुनीता कुमारी, सुनीता मेहता, आंगनबाड़ी सेविका, जेएसएलपीएएस कर्मी सहित समाजसेवी लालकिशुन महतो, मनोज पासवान, निर्मल कुमार, आकाश कुमार, बादल कुमार, चरकु रविदास, शोभा मुंडा, रिंकु कुमार आदि लोगों ने बधाई दी।

### जोहार यात्रा को ले जदयू की बैठक



**कुजू।** 21 जनवरी को रामगढ़ में नीतीश कुमार के जोहार यात्रा को सफल बनाने को लेकर नयामोड़ स्थित जनता दल युनाईटेड कार्यालय में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू ने किया। बैठक में जदयू अल्पसंख्यक के प्रदेश अध्यक्ष मो अख्तर खान, प्रदेश महासचिव जगदीश महतो, राजू महतो, जिला प्रभारी मिथलेश सिंह शामिल हुए। बैठक के दौरान कार्यक्रम के सफल बनाने को लेकर प्रचार-प्रसार करने, दिवार लेखन एवं जगह-जगह पर बैनर-पोस्टर लगाने, तैयारी समिति का गठन करने, पंचायतों में जाकर बैठक, नुक्कड़ सभा करने का निर्णय लिया गया। मौके पर भूषण उरांव, मेघनाथ प्रसाद, अकबर अंसारी, उमेश प्रसाद साव, मनोज राय, राजेश महतो, महेंद्र किशोर महतो, रोहन महतो, धनेश्वर महतो, असमत इमाम, वीके तांती, रौशनलाल महतो, सुखेदव महतो, रामाकांत पटेल, रामचंद्र, श्रवण कुमार रवि, इम्तियाज अंसारी आदि मौजूद थे।

### स्वयं सेविका तन्वी प्रिया का स्वागत



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जेएम कॉलेज के प्रांगण में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई एक की स्वयंसेविका तन्वी प्रिया के राष्ट्रीय एकता शिविर से लौटने पर बुधवार को महाविद्यालय परिवार द्वारा स्वागत किया गया। प्राचार्य डॉ. विद्यानंद तिवारी ने तन्वी प्रिया को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा की तन्वी प्रिया के अथक परिश्रम और मेहनत का फल है जो सर्टिफिकेट और मेडल लाकर कॉलेज का नाम रोशन किया। प्राचार्य डॉ. तिवारी ने कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ शीला सिंह की सराहना करते हुए कहा की लगातार कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रीय योजना के स्वयंसेवक कॉलेज और अपने परिवार का मान बढ़ा रहे हैं। प्रिया के सर्टिफिकेट व मेडल जीतने पर कॉलेज के प्राचार्य विद्यानंद तिवारी, डॉ अरविंद सिंह, डॉ प्रमोद सिंह, डॉ अरुणजय सिंह, इंद्र विजय सिंह, राजेंद्र प्रसाद, डॉ अनिल सिंह सहित शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। डॉ. शीला सिंह ने बताया कि तन्वी प्रिया बीआईटी पटना में आयोजित 2 से 8 दिसंबर तक राष्ट्रीय एकता शिविर में भाग लेकर लौटी हैं। इस आयोजन में तन्वी प्रिया ने सर्टिफिकेट और मेडल प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। मौके पर तनु प्रिया ने अपने शिविर के अनुभव को साझा किया।

## आरोग्यम आई केयर यूनिट ने बड़कागांव में लगाया निःशुल्क आंख जांच शिविर

# हमारी पहल जारी रहेगी : अजमेरा

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** जिले के बेस्ट सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल एचजेडबी आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के आई केयर यूनिट द्वारा लोगों के बीच आंखों को लेकर जागरूकता का पहल जारी है।

सोमवार को हॉस्पिटल के आई केयर यूनिट में हजारीबाग का सबसे बड़ा निःशुल्क आंखों की जांच एवं मोतियाबिंद जांच शिविर लगाया गया और बुधवार को दूसरा शिविर का आयोजन बड़कागांव के एनटीपीसी, पकरी बरवाडीह कोल माइंस के कार्यालय क्षेत्र में आयोजित हुआ। इस शिविर में कुल 105 मरीजों ने पहुंचकर लाभ उठाया। सभी का आरोग्यम आई केयर यूनिट के आई स्पेशलिस्ट डॉ विवेक कुमार ने चिकित्सीय जांच किया और उचित चिकित्सा परामर्श दिया। कैंप में 3 लोगों को आंखों का ऑपरेशन कराने और 50 से अधिक लोगों को दवा, चश्मा के साथ इलाज कराने का सलाह दिया गया । शिविर में पहुंचे 100 से अधिक लोगों को भीड़ से हर्षित आरोग्यम हॉस्पिटल की निदेशक हर्ष अजमेरा ने कहा कि आंखों से संबंधित बीमारी और परेशानी को लेकर जनमानस के बीच हमारा जागरूकता कार्यक्रम जारी रहेगा। हमारे हॉस्पिटल के आई केयर यूनिट द्वारा निःशुल्क आंख जांच शिविर लगाया जा रहा है और लोगों को यह बताया भी जा रहा है की हमारे हॉस्पिटल के आई केयर यूनिट में आंखों से संबंधित संपूर्ण इलाज किफायती दर पर आधुनिक उपकरणों के साथ उन्नत सेवा के उपलब्ध है । शिविर के सफलता में आरोग्यम आई केयर यूनिट के नेत्र विशेषज्ञ डॉ विवेक कुमार, ऑप्टोमेट्रिस्ट विवेक कुमार गुप्ता, निशा मिश्रा, नर्सिंग स्टॉफ अविनाश, मार्केटिंग के राकिब फैजी, पीआरओ मनीष चौहान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया ।

## योजनाओं का लाभ उठायें ग्रामीण : डॉ ज्ञानी

**खोड़ाहर में विकसित भारत संकल्प यात्रा में हुयी गोदभराई, मुहजुट्ठी और निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगा**

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरही।** प्रखंड के खोड़ाहर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य मंजू देवी के साथ अनुमंडलीय अस्पताल उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी, बीपीएम नारायण राम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूवात की गई। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य मंजू देवी द्वारा लोगों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा विभिन्न योजनाओ के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। इस दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे में लोगों को जागरूक करने का काम किया गया। साथ ही स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी के द्वारा दर्जनों लोगों का स्वास्थ्य जांच कर उचित परामर्श भी दिया।

कार्यक्रम में डॉ. प्रकाश ज्ञानी व जिला परिषद सदस्य मंजू देवी ने गोद भराई व मुहजुट्ठी की रस्म पूरी की। डॉ. ज्ञानी ने लोगों को कार्यक्रम के उद्देश्य की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि सभी ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। जब तक सही से योजनाओं का क्रियान्वन नही होगा हम विकसित नहीं हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य लोगो में जागरूकता लाना है। कार्यक्रम के अंत में संकल्प लिया गया की 2047 तक भारत को पूर्ण रूप से विकसित बनाने की दिशा में हमसभी अपना बहुमूल्य योगदान देंगे। मौके पर टीबी रविशंकर कुमार, उपेंद्र कुमार दास, पूर्णिमा, मो शाहिद, रेखा सिंह, रीमा पांडेय सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### योगेंद्र यादव बने झामुमो युवा मोर्चा के रामगढ़ जिलाध्यक्ष



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झामुमो के केंद्रीय प्रधान महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने बलकुदरा निवासी सह झामुमो नेता योगेंद्र यादव को युवा मोर्चा का रामगढ़ जिलाध्यक्ष मनोनित किया है। आशा व्यक्त किया है की योगेंद्र झामुमो के नीति-सिद्धांताओं पर चलकर संगठनहित में कार्य करेंगे। साथ ही झामुमो युवा मोर्चा को और बुलंदियो तक ले जायेगा। योगेंद्र यादव ने कहा कि जिस उम्मीद व विश्वास के साथ मुझे यह कार्यभार सौंपा गया है उसका ईमानदारी पूर्वक निर्वाहन करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा की युवा मोर्चा में अधिक से अधिक युवाओं को जोड़कर संगठन को और मजबूत बनाना मेरा उद्देश्य होगा।

## सीएम के दौरे को लेकर डीसी और एसपी ने स्थल का किया निरीक्षण



**रामगढ़।** सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के मद्देनजर बुधवार को उपायुक्त चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के साथ गोला प्रखंड अंतर्गत चाड़ी पंचायत का दौरा किया। मौके पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने चाड़ी पंचायत अंतर्गत तिरला मैदान में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने ने स्थल पर वाहनों की पार्किंग, मूलभूत सुविधाओं यथा पेयजल, शौचालय आदि लोगों के शिविर तक आने हेतु सुविधा, शिविर के दौरान लोगों के बैठने की व्यवस्था आदि का जायजा लेते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आवश्यक निर्देश दिया । वहीं, उपायुक्त ने जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों को स्टाल लगाकर स्टॉल के माध्यम से लोगों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित व उनकी शिकायतों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त चंदन कुमार ने आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित जिला स्तरीय शिविर के दौरान जिलेवासियों व जनप्रतिनिधियों से शिविर में भाग लेकर शिविर को सफल बनाने की अपील की। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी किशोर कुमार रजक, नजारत उप समाहर्ता रविंद्र कुमार गुप्ता, अंचल अधिकारी गोला समरेश कुमार भंडारी थाना प्रभारी गोला सहित अन्य उपस्थित थे।

### दारु : 108 एंबुलेंस में नहीं था ऑक्सीजन, मरीज की मौत

**दारु।** झारखंड सरकार चाहे लाख दावे करे की वो मरीजों को 108 नम्बर पर तत्काल सभी उपकरणों से लैस निशुल्क वाहन की सुविधा उपलब्ध कराती है, लेकिन दारु में एक मौत ने सरकार के सभी दावे की पोल खोल दी है। प्रखंड मुख्यालय के ठीक सामने दारु बक्शीडीह निवासी मनोज राम (42 वर्ष) की तबीयत अचानक खराब हो गयी उसे सांस लेने मे परेशानी होने लगी। परिजनों ने मंगलवार की शाम सात बजे 108 एम्बुलेंस को फोन कर बुलाया । एंबुलेंस में बैठने के बाद परिजनों ने स्टॉफ से ऑक्सीजन लगाने का आग्रह किया। स्टाफ ने बताया कि वाहन में ऑक्सीजन की सुविधा नहीं है। इस बीच मरीज की स्थिति खराब होती चली गयी। इसके बाद परिजनों ने एम्बुलेंस के स्टाफ पर लापरवाही से गाड़ी चलाने का आरोप लगाया। डिस्ट्रिक्ट मोड के पास चालक ने इतना तेज ब्रेक मारा की मरीज की पत्नी सुनीता देवी सीट से निचे गिर गयी और लोहे की रड से लगकर उसका हांथ टूट गया। पति का इलाज कराने जा रही महिला का हाँथ टूटने से कराह उठी और इधर इसके पति की स्थिति लगातार खराब होती जा रही थी। दर्द से कराह सुनीता अपने परिजनों के साथ किसी तरह एम्बुलेंस से सदर अस्पताल हजारीबाग पहुंचे। चालक मरीज और उसकी पत्नी को टूटी हुई हाँथ के बाद भी छोड़कर फरार हो गया। डॉक्टरों ने उसके पति की गंभीर स्थिति को देखते हुए अस्पताल मे रखने से इंकार कर दिया। परिजनों के आग्रह पर उसे ऑक्सीजन लगाया गया पर तबतक काफी देर हो चुकी थी और मनोज की मौत हो गयी।

मुखिया ने दिया पांच हजार रुपये : दारु पंचायत के मुखिया सुनील कुमार ने मृतक की पत्नी को दाह संस्कार के लिए तत्काल पांच हजार रुपैये नगद की सहायता राशि दिया साथ हि आगे भी सहायता करने का आश्वासन दिया। मनोज का अंतिम संस्कार बुधवार को बेलासोती शमशान घाट मे कर दिया गया।

## रामगढ़ में अवैध बालू लदे पांच ट्रैक्टर जब्त



**रामगढ़।** अवैध बालू खनन, परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ जिला खनन पदाधिकारी नितेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में खान निरीक्षक राहुल कुमार एवं पुलिस बल ने पतरातू थाना क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान अवैध रूप से बालू का परिवहन करते पांच ट्रैक्टरों को जब्त किया गया। साथ ही वाहन मालिक, चालक एवं सभी संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी। जिला खनन पदाधिकारी नितेश कुमार गुप्ता ने बताया कि जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर अवैध खनन के खिलाफ लगातार छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में खान निरीक्षक के द्वारा पतरातू थाना अंतर्गत छापेमारी की गयी। बिना चालान के बालू ले जाते पांच ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। साथ ही वाहन मालिक, चालक एवं संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी है।

## भारत के विकास में सभी का योगदान जरूरी : विनीता

खबर मन्त्र संवाददाता



**जेएम कॉलेज में भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय प्रवक्ता का स्वागत**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय प्रवक्ता विनीता हरिहरण का बुधवार को पटेलनगर भुरकुंडा स्थित जेएम कॉलेज में महिला सदस्यों के साथ आगमन हुआ। इसमें मुख्य रूप से भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता कुमकुम देवी, कोषाध्यक्ष स्नेहा गुप्ता, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष लक्ष्मी देवी, जिला कोषाध्यक्ष खुशबु देवी, परमजीत कौर उपस्थित थीं। कॉलेज के प्राचार्य डॉ विद्यानंद तिवारी के नेतृत्व में कॉलेज प्रबंधन एवं विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय प्रवक्ता विनीता हरिहरण को बुके देकर जोरदार स्वागत किया। इसके बाद भाजपा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, योगेश दांगी, जगतार सिंह, अमरेश सिंह, संतन सिंह, प्रह्लाद पांडेय ने किया राष्ट्रीय प्रवक्ता को बुके देकर स्वागत करते हुए अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। हरिहरण ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्पों एवं युवाओं को रोजगार, स्व-रोजगार से जोड़ने वाली योजनाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया। उन्होंने 18 साल आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं से वोटर पहचान पत्र बनाने के साथ आने वाले चुनावों में बढ़-चढ़कर अपने मतों का प्रयोग कर भारत के विकास में योगदान देने की बात कही। उन्होंने कहा की युवा ही देश के भविष्य होते हैं इसलिए हर मोर्चे पर आपसभी अपना बहुमूल्य योगदान दें। उन्होंने शिक्षा पर बल देते हुए छात्र-छात्राओं को कई महत्त्वपूर्ण जानकारियां दी। साथ ही छात्र-छात्राओं से कई सवाल भी पूछे।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रवक्ताओं ने विद्यार्थियों को पीएम आवास योजना, हर घर जल योजना, पीएम कुसुम, पीएम मुद्रा, केसीसी योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, स्वास्थ्य सहित दर्जनों योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए देश के विकास में कार्य करने व जागरूगता फैलने की बात कही। वक्ताओं के संबोधन से छात्र-छात्राओं में हर्ष का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के अंत में पीएम विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के बड़कागांव विधानसभा प्रभारी सह सांसद प्रतिनिधि योगेश दांगी ने भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प दिलाया। मंच संचालन डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने किया।

मौके पर प्राचार्य डॉ. विद्यानंद तिवारी, डॉ. अरविंद सिंह, प्रो. ज्ञानेन्द्र दुबे, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. रामप्रमोद सिंह, डॉ. शिवशंकर सिंह, डॉ. अवधेश कुमार सिंह, डॉ. नरेंद्र कुमार पाठक, प्रो. सुब्रतो घोष, गिरधर पाठक, डॉ. बीके सिंह के अलावे पम्मी कुमारी, कुसुम, मून, तनिशा, आशा सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं एवं षिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारी मौजूद थे।

## एक नजर में

### बेस पंचायत में लगा जनता दरबार



**कटकमदाग।** आपकी योजना - आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कटकमदाग प्रखंड के बेस पंचायत में लगाया गया जनता दरबार। इस कार्यक्रम को दीप प्रज्वलित कर प्रमुख कुमारी विनीता,उप प्रमुख विमल गुप्ता, बीडीओ एकता वर्मा , सीओ प्रशांत कुमार , मुखिया दीपक यादव ,पंचायत समिति सदस्य किरण देवी, खपरीयावां पंचायत मुखिया राजेश गुप्ता व उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने समोहिक रूप से कार्यक्रम का आगाज किया।जेएसएलपीएस के दीदियों मे से 1 सखी मंडल को सी सी एल के तहत 1 लाख 50 हजार का चेक दिया गया। वही जेएसएलपीएस के दीदियो के बीच 2321 आईडी कार्ड दिया गया। जरूरतमंद विधवा विकलांग एवं वृद्ध के बीच 112 कम्बल वितरण किया गया। वही सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत 63 लाभुकों को साड़ी धोती दिया गया। साईकिल का चेक 73 बच्चे बच्चियों के बीच दिया गया। अबुवा आवास योजना के तहत 550 लाभुकों का आवेदन लिया गया। गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के लिए 03 आवेदन लिया गया। सावित्रीबाई फूलों किशोरी समृद्धि योजना के तहत 06 बच्चियों को स्वीकृति पत्र दिया गया। साथ ही अन्य यांजनाओं को क्रियान्वन किया गया। बेस पंचायत मुखिया दीपक यादव ने कार्यक्रम को सफल बनाने वाले तमाम सहयोग कताओं एवं प्रखंड से आए सभी कर्मियों को धन्यवाद दिया । कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रखंड कल्याण पदाधिकारी श्रीकांत कुमार, अरुण राणा, बीपीओ एकराम हुसैन, बीपीएम राजकुमार,पंचायत सचिव गोकुल महतो, रामप्रसाद महतो, ब्रह्मदेव साव, महेश राम,अकास कुमार सहित सैकड़ो कर्मी व पंचायत के दर्जनों कर्मी व लोग योगदान दिया।

### एनटीपीसी में मनाया गया खान सुरक्षा सप्ताह



**बड़कागांव।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी खान सुरक्षा महानिदेशालय के तत्वाधान में 66वां खान सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। 15 से 24 दिसंबर तक चलने वाली इस सप्ताह के पांचवें दिन आज पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना का खान सुरक्षा निदेशक, अफताब अहमद एवं उनकी टीम ने निरीक्षण किया। खान सुरक्षा निदेशक पहले पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के सीकरी स्थित कार्यालय पहुंचे जहां पर उन्होंने सुरक्षा सप्ताह में हो रही गतिविधियों का जायजा लिया एवं वरिष्ठ अधिकारियों से बातचीत की। कार्यालय में सुरक्षा संबंधित विषयों पर चर्चा के बाद निदेशक एवं उनकी टीम पकरी बरवाडीह माइंस की पीट ऑफिस पहुंचे जहां उनका औपचारिक स्वागत पगड़ी पहना कर परंपरागत संथाली नृत्य के साथ किया गया। सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए लगाए गए स्टॉल्स का निरीक्षण किया एवं जानकारियां ली। तत्पश्चात सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी कर्मचारियों को सुरक्षा शपथ दिलवाई गई और उसके बाद नाटक एवं अन्य नृत्य,संगीत सुरक्षा संदेश को ध्यान में रखते हुए प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर मुख्य अतिथि अफताब अहमद एवं उनकी टीम के अलावा एनटीपीसी, एमडीओ त्रिवेणी सैनिक के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सैकड़ो कर्मचारी मौजूद रहे। एनटीपीसी व त्रिवेणी सैनिक के अधिकारियों ने सुरक्षा को प्राथमिकता बताते हुए कई बातें कही। अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया की सुरक्षा हमारे पहली प्राथमिकता है भले ही उत्पादन कम हो जाए या कुछ भी हो जाए लेकिन हम सुरक्षा से कभी भी समझौता नहीं करते हैं। मुख्य अतिथि अफताब अहमद ने पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना की सुरक्षा संबंधित कदमों की प्रशंसा की और कहा की सुरक्षा संबंधित स्टॉल्स लगाना और लोगों को साधारण भाषा में इसकी जानकारी देना पकरी बरवाडीह की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है।बताते चलें कि एक सप्ताह तक चलने वाले इस सुरक्षा सप्ताह में पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के द्वारा सुरक्षा से संबंधित कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं जो कर्मचारियों की सुरक्षा पर निहित है।

### भाजपा महिला मोर्चा ने किया कई क्षेत्रों का भ्रमण



**कटकमदाग।** भाजपा राष्ट्रीय महिला मोर्चा के राष्ट्रीय प्रवक्ता रंजू झा का हजारीबाग में दो दिवसीय प्रवास भाजपा महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष रेणुका साहू के नेतृत्व में सदर विधानसभा के सदर शहरी, सदर ग्रामीण, एवं कटकमदाग मंडल के विभिन्न गाँव एवं टोलों में तथा मांडू विधानसभा के विभिन्न गाँव मे प्रवास के दौरान भ्रमण किया गया। भ्रमण के पूर्व नृसिंह भगवान के मंदिर में पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया । सावंत इंटर कॉलेज खपरियावाँ में जिला महामंत्री मंजू मिश्रा के द्वारा अतिथियों को साल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। आंगनबाड़ी सेविका,सहिया दीदी ,ए एन एम, किसान मित्र,कमल मित्र, एवं स्वंय सहायता समूह के महिला दीदियों के साथ बैठक हुई । भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा चलाये जा रहे जान कल्याणकारी योजनओं के बारे में बतलाया गया एवं विनोबा भावे विश्वविद्यालय में भी छात्र छात्राओं से रुबरु हूए प्रवास के दौरान साथ में भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री सीमा सिंह ,जिला अध्यक्ष रेणुका साहू, जिला महामंत्री मंजू मिश्रा,सत्यभामा जी, जिला मंत्री मनोरमा राणा ,कांचन देवी जिला कोषाध्यक्ष सुनीता देवी ,भाजपा के वरिष्ठ नेता अर्जुन साव ,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओ बी सी मोर्चा राम किशोर सावंत दिलीप साहू युवा मोर्चा के जिला महामंत्री आशीष कुमार अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मोहमद नसीम मुख्य रूप से मौजूद थे।

### महुआ शराब को उत्पाद विभाग ने किया नष्ट

**दारू।** इरगा में बुधवार शाम अवैध महुआ शराब के खिलाफ आबकारी विभाग ने छापामारी की। छापामारी की भनक लगते ही अवैध महुआ शराब बनाने वाले लोग घरों मे ताला लगाकर फरार हो गये।इस अभियान मे एक घर से पुलिस ने 150 किलो अवैध महुआ जावा को जप्त कर नस्ट कर दिया । छापेमारी का नेतृत्व आबकारी विभाग के दारोगा सुमितेश कुमार अपनी टीम के साथ कर रहे थे। उन्होंने बताया कि महुआ शराब के खिलाफ छापामारी अभियान लगातार जारी रहेगा।

### टाटीझरिया : साइबर ठग को भेजा गया जेल

**टाटीझरिया।** डूमर पंचायत के कोल्हू निवासी रंजन कुमार पिता सुरेश प्रसाद को टाटीझरिया थाना प्रभारी आनंद आजाद साइबर ठगी मामले में संलिप्त कांड संख्या 49/23 भादवि संख्या 406/420/419/663/66इ/88 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में बुधवार को भेज दिया गया। ब ठगी आरोपी ने 5 दिसंबर को किसी अनजान व्यक्ति के बैंक खाते से 3000 रुपए की निकासी हैक कर निकाला गया था। इसी मामले के अनुसंधान में सूचना मिलने पर गिरफ्तार कर लिया गया।

### विकसित भारत रथ गोंदलपुरा व नयाटाड पहुंचा

**बड़कागांव।** उपायुक्त कार्यालय द्वारा प्रखंड में केंद्र सरकार विकसित भारत संकल्प रथ का भ्रमण सभी पंचायतों मे हो रही है जिसके तहत आज बड़कागांव पुर्वी उरीमारी मंडल के गोंदलपुरा एवं नयाटांड पंचायत क्षेत्र का भ्रमण किया एवं पंचायत भवन में स्टाल लगाकर कई योजनाओं का लाभ एवं जानकारी ग्रामीणों को दी गई, जिसमें जल जीवन मिशन, प्राकृतिक खेती, जनधन योजना, अटल पेंशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड मुद्रा लोन, प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना तथा अन्य मोदी सरकार की योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई।मौके पर बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल,आशीष पासवान,विवेक आनन्द,मुखिया लीलावती देवी,भाजपा पुर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो,सांसद प्रतिनिधि श्रीकांत निराला,उपाध्यक्ष किशोर राणा,किसान मोर्चा अध्यक्ष त्रिवेणी महतो,ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष भुपाल स्वर्णकार,देवंती देवी,प्रकाश राणा,ऊषा देवी, पुजा रानी,सुनीता देवी, गीता देवी, कई अधिकारी, वार्ड सदस्य एवं कई जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### भाजपा की आक्रोश रैली आज

**गुमला।** भारत की संसद के प्रांगण में विपक्षी दल द्वारा संवैधानिक पद पर सुशोभित उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ का अपमान व हेमंत सरकार की विगत 4 वर्षों की नाकामियों, वादाखिलाफी, भ्रष्टाचार हत्या, बलात्कार, महिला-आदिवासी उत्पीड़न, खनिज पदार्थों की लूट ईडी के समन पर हाजिर नहीं होना जैसे मुद्दों को लेकर भाजपा गुमला द्वारा 21 दिसंबर को जिला मुख्यालय में आक्रोश प्रदर्शन करेगी। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी अरविंद मिश्रा ने दी।

### केंद्र की योजनाओं व पार्टी की नीति सिद्धांत से ग्रामीणों को करायें अवगत : रवि


बैठक में शामिल भाजपाई।

**घाघरा।** भारतीय जनता पार्टी आदर मंडल युवा मोर्चा की बैठक मंडल अध्यक्ष के आदर गांव स्थित आवास में बुधवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष पप्पू गुप्ता ने की। बैठक में मंडल सशक्तिकरण पर चर्चा किया गया। साथ ही मंडल के विस्तार और ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को अधिक से अधिक पार्टी में जोड़ने और पार्टी के नीति सिद्धान्त को लोगों को बताने के लिए कार्य करने का निर्णय भी लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष कुमार रवि ने कहा कि युवाशक्ति संगठन का मजबूत स्तंभ है। आप सभी व आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी में अभी से लग जाए और पार्टी के नीति सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से लोगों को अवगत कराते हुए लोगों को लाभ दिलाने में प्रयास करें। मौके पर आदर मंडल अध्यक्ष गोपाल गोप,भुनंदन बड़ाईक, प्रदीप गोप तेजू महतो,वासुदेव महतो, विनोद गोप, सहित कई भाजपाई उपस्थित थे।

### सिसई के डीलरों के साथ जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी ने की बैठक

**सिसई।** सिसई प्रखंड के ब्लॉक सभागार भवन में बुधवार को जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी प्रीतिलता किस्कू की अध्यक्षता में सिसई प्रखंड के डीलरों की बैठक हुई। बैठक में जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी ने सभी डीलरो को निर्देश दिया कि समय पर राशन का उठाव करें और कार्डधारियो को यूनिट के अनुसार राशन का वितरण करें और धोती साड़ी का भी सभी लाभुको को प्रदान करें। उन्होंने निर्देश दिया है कि किसी भी कार्ड धारी का राशन वितरण से संबंधित शिकायत ना हो इस पर सभी डीलर ध्यान दे। वही प्रखंड के निलम्बित जनवितरण दुकानो के संचालकों को निर्देश दिया कि जिनका भी जनवितरण दुकान निलम्बित है उसे पुनः चालू कराने के लिए कागजात के साथ हमसे मिले। सभी का दुकानो को चालू किया जायेगा। बाकि जितना भी लोगो का राशन कार्ड बनना पेंडिंग है उसे धीरे धीरे कर बनाया जा रहा है। एक ही लॉगिन होने के कारण धीमा काम चल रहा है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कैरो व गजनी पंचायत में हुआ कार्यक्रम


कार्यक्रम में मौजूद लोग।

**कैरो।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत सढ़ाबे व हनहट पंचायत में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ महिलाओं द्वारा अतिथियों का स्वागत गान के साथ किया गया। जिसके बाद भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं पीएम आवास, मनरेगा के तहत सिंचाई कूप, उज्वला, उजाला, शौचालय, पीएम किसान राहत योजना, प्रधानमंत्री कृषि ऋण माफी सहित कई योजना से लाभान्वित ग्रामीण महिला पुरुषों ने मिली लाभ और उससे जीवन में आई परिवर्तनों को मंच के माध्यम से साझा किया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से मौजूद भारत सरकार के अलग अलग विभाग के अधिकारी द्वारा कहा कि भारत सरकार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा जितनी भी योजनाएं संचालित की जा रही है उसका लाभ आम जनता व समाज के अंतिम व्यक्ति तक किस प्रकार हो रही है इसको लेकर लाभुकों की जुबानी सबके बीच रखना और सरकार योजनाओं को बेहतर ढंग से किस तरह लोग लाभ ले रहे हैं इसपर प्रकाश डालना ही कार्यक्रम का लक्ष्य है साथ ही महिलाओं में होने वाली अनेक तरह की स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन। किया गया जिसमें महिलाएं व ग्रामीण अपनी जांच निशुल्क कराकर उचित सलाह और दवा का वितरण किया जाना है। साथ ही भारत सरकार की योजनाओं को स्लाइड के माध्यम से दिखाया गया। कार्यक्रम में बीएओ राजीव कुमार, मुखिया सुमित्रा उरांव, सांसद प्रतिनिधि लखन उरांव, श्रवण मुंडा, शम्भू तिवारी, बलराम केवट, सुनीता तिग्गा, शिफा लकड़ा, नौशाद अली, जगबन्धन भगत ग्रामीण व लाभुक मौजूद थे।

### भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा ने किया बाबा टांगीनाथ धाम में दर्शन पूजन


भाजपा नेताओं के साथ पूजा अर्चना करती आशा लकड़ा।

**डुमरी।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री और रांची की पूर्व मेयर डॉ आशा लकड़ा ने बाबा टांगीनाथ धाम में पूजा अर्चना कर सभी क्षेत्र वासियों के सुख समृद्धि की कामना किया। बाबा टांगीनाथ धाम के मुख्य पुजारी रामकृपाल बैगा ने मंत्रोचार के साथ पूजा अर्चना कराया। बाबा टांगीनाथ के दर्शन के पश्चात राष्ट्रीय मंत्री ने कहा कि बाबा टांगीनाथ धाम से हमारा बहुत ही पहले से आस्था जुड़ा हुआ है। बाबा टांगीनाथ में हो रहे मंदिर निर्माण के कार्यों की उन्होंने सराहना किया और कहा कि जिस तरह की असुविधा अभी हो रही है उसको दूर करने के लिए हम लोग हमेशा प्रयासरत हैं। जिससे बाबा टांगीनाथ धाम का विकास हो सके और हजारों लाखों हिंदुओं के आस्था के मुख्य केंद्र बाबा टांगीनाथ धाम को विश्व के मानचित्र में अंकित किया जा सके। जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग दर्शन पूजन करने बाबा टांगीनाथ धाम आए। मौके पर भारतीय जनता पार्टी गुमला जिला के महामंत्री मिसिर कुजूर, भाजयुमो जिला महामंत्री नितेश गुप्ता (प्रिंस), प्रखंड अध्यक्ष चैनपुर मनोहर बड़ाइक, दिनेश साहू, कंचन सिंह, पवन केशरी, गोविंद सिंह एवं अन्य कार्यकर्ता और बाबा टांगीनाथ धाम समिति के सदस्य उपस्थित थे। अयोध्या से आए अक्षत चावल की पूजा अर्चना कर ग्रामीणों ने किया नगर भ्रमण।

# आईपीएल में रोबिन मिंज के चयन से विश्व पटल पर छाया गुमला का नाम

- रोबिन मिंज के चयन से जिले के खिलाड़ियों में क्रिकेट के प्रति बढ़ेगी प्रतिर्स्पद्धा

## भाई व भाभी ने कहा कि क्रिकेट के प्रति लगाव ही रोबिन को पहुंचाया मुकाम तक


रोबिन मिंज के भैया-भाभी व परिवार के सदस्य।

**रोबिन मिंज के गांव में नहीं है ग्राउंड, सड़क व अन्य बुनियादी सुविधा**

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** खेल की दुनिया में गुमला जिला का नाम हमेशा जगमगता रहा है। अब पूरे विश्व पटल पर रोबिन मिंज के आईपीएल में चयन से जिले का नाम रौशन हो उठा है। गुमला जिला हॉकी व फुटबाल के क्षेत्र में कई कीर्तमान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया है। रोबिन मिंज के आईपीएल में चयन से क्रिकेट का सुखा भी अब खत्म हो गया है। गुजरात जायंट्स टीम ने रोबिन मिंज को ऑक्शन में 3 करोड 60 लाख में खरीदा है। मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस ने रोबिन मिंज पर बोली लगाई और अंततः उसके प्रदर्शन के देखते हुए गुजरात जायंट्स ने उसे खरीदा। रोबिन मिंज के आईपीएल में चुने जाने के बाद गुमला के क्रिकेट खिलाड़ियों में उत्साह का माहौल है। क्योंकि जिस परिस्थिति में रोबिन मिंज ने अपने हौसलों को उड़ना दिया है। वह जिले के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायी है। जिले में क्रिकेट के संसाधनों का घोर अभाव है। रोबिन मिंज रायडीह प्रखंड के सिलम पादन टोली से आते हैं। जहां न सड़क है और न ही बेहतर ग्राउंड है। वहां से वे अपने लक्ष्य को हासिल करने में सफलता प्राप्त की है। वहीं कई युवा क्रिकेटर रोबिन मिंज के चयन पर उनके नक्शेकदम पर चलने को ललायित नजर आ रहे हैं। गुमला जिला का क्रिकेट का भविष्य अब उज्जवल होता प्रतीत हो रहा है। हाल के महीनों में गुमला में एक बेहतर क्रिकेट पीच तेलंगा खड़िया स्टेडियम में बनाया गया है जो अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है। अब इस पीच पर खेल कर कई खिलाड़ी आगे बढ़ सकते हैं।

**रोबिन मिंज के गांव में उत्साह का माहौल**

रोबिन मिंज के आईपीएल ऑक्शन में गुजरात जायंट्स टीम में चयन पर उसके गांव के लोग काफी खुश हैं। गांव में उत्साह का माहौल है। राबिन मिंज के चयन पर उसके बड़े भाई आलोक मिंज व उसकी भाभी ज्योसी विद्या टोप्पो ने कहा कि राबिन में बचपन से ही क्रिकेट के प्रति जबरदस्त लगाव था। वह लकड़ी के बैट से खेलता था। बाद में वह गुमला तरूण क्रिकेट क्लब से खेलना आरंभ किया। इसी दौरान 2020 में उसने जिला क्रिकेट टीम से खेल में बेहतर प्रदर्शन किया। जिसके आधार पर उसे ट्राईल के लिए स्टेट में भेजा गया। वहां भी राबिन मिंज का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा। वह अंडर 19 वर्ग के मैच में दो शतक भी लगाये। वर्ष 2023 में मुंबई इंडियनस टीम के द्वारा उसे प्रशिक्षण के लिए इंगलैंड भेजा गया। जहां उसने अच्छा प्रदर्शन किया। जिसका फल उसको आईपीएल के ऑक्शन में मिला। उसके भाई और भाभी ने कहा कि उनके गांव में संसाधन का घोर अभाव है। गांव में न सड़क है और न ही पीने की पानी की व्यवस्था। एक बेहतर ग्राउंड भी नहीं है। रोबिन जब मैच खेलेगा तो उसको खेलते देखने के लिए उनके पास टीवी भी नहीं है।

# महिलाओं को सशक्त करने को लेकर पीएम मोदी ने चलाए है कई योजना : शिरीगं डोलमा

खबर मंत्र संवाददाता


प्रेस कॉन्फ्रेश करती महिला मोर्चा के उपाध्यक्ष।

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व के द्वारा निर्धारित प्रवास कार्यक्रम के तहत लोहरदगा पहुंची अरुणाचल प्रदेश महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष शिरीगं डोलमा ने केंद्र सरकार की कार्यों को लेकर लोहरदगा नगरपालिका अंतगर्त ठाकुराइन तालाब, गुदरी बाजार स्थित अटल भवन में प्रेस कांफ्रेंस किया। शिरींग डोलमा ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान केंद्र की भाजपा सरकार के द्वारा अनेकों कार्यों का निष्पादन किया गया है और किया जा रहा है जिसका सीधा-सीधा लाभ लाभुक को मिल रहा है। इसके कई उदाहरण है विशेष कर महिलाओं के लिए मोदी जी ने बहुत सारी योजनाओं को दिया जिससे कि वह सशक्त हो। तीन तलाक से मुक्ति, महिला आरक्षण, जब झारखंड में भाजपा की सरकार थी तब महिलाओं के नाम 1 में जमीन रजिस्ट्री, कई केंद्र की योजनाओं को निष्पादन करने में महिलाएं अपनी भूमिका भी निभा रही हैं और स्वालंबी होने का मार्ग प्रशस्त हुआ। परंतु झारखंड में ऐसा देखने को मिल रहा है कि केंद्र सरकार की योजनाओं राज्य सरकार के द्वारा सही से मॉनिटरिंग नहीं हो रही है यहां पर लाभुक भ्रष्टाचार के शिकार हो रहे हैं सीधा-सीधा लाभान्वित होने के बजाय बाधा उत्पन्न किया जा रहा है जो कि किसी भी राज्य के लिए बहुत ही शर्मनाक होती है। झारखंड में वर्तमान परिस्थितियों और आकड़ो को देखते हुए हम कह सकते हैं कि महिलाएं बहुत ही असुरक्षित हैं। उन्हें कई तरह की भय हैं। जैसे लगातार बढ़ती हत्या, दुष्कर्म, घटनाएं वर्तमान सरकार को महिलाओं की सुरक्षा को लेकर इतना बेफिक्र होना अच्छी बात नहीं है। आज कई स्थानों पर महिलाएं अपनी ताकत दिखाकर विकास को अपना मत दिया है और मुझे पूर्ण विश्वास है आने वाले दिनों में जिस प्रकार से हेमंत सरकार कि झूठ और फरेब की बनी सरकार को महिलाएं जवाब अपने मत से देगी और भारतीय जनता पार्टी की दोबारा सरकार झारखंड में बनेगी क्योंकि झारखंड का विकास भाजपा के नेतृत्व में ही संभव है यह जनता समझ गई है।

# घाघरा के कुहीपाट में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

खबर मंत्र संवाददाता


योजना का लाभ प्रदान करते बीडीओ व आईटीडीए निदेशक।

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के कुहीपाट गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया। कार्यक्रम में आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, नैनो फर्टिलाइजर प्रमोशन, वन अधिकार सहित कई योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाकर जानकारी दी गई। इसके साथ ही कई लाभुकों को केंद्र सरकार के लाभकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच कर लोगों को निशुल्क दवा का वितरण भी किया। वहीं बिभाग द्वारा ड्रोन के माध्यम से डेढ़ एकड़ में लगे सरसों व आलू के खेत में दवा का छिड़काव भी किया गया। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित आईटीडीए निदेशक इंदु गुप्ता ने कहा कि केंद्र की योजनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को समृद्ध करने वाली है और व्यक्ति जीवन में बदलाव के लिए प्रभावकारी भूमिका रखती है आप सभी ग्रामीण आवेदन भरकर संबंधित स्टालों में जमा करें। ताकि सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं से आप सभी को लाभान्वित किया जा सके। वही बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि भारत सरकार जितनी भी योजनाएं संचालित कर रही है इसका लाभ आम जनता उठाएं। मौके पर बीडीओ दिनेश कुमार, मुखिया फगुवा उराव, लक्ष्मी देवी, अशोक कुमार, सहित कई पदाधिकारी कर्मी ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

# भंडरा पहुंचा अयोध्या से आया पूजित अक्षत कलश, निकाली गई शोभायात्रा

- जय श्रीराम के जयकारे के साथ निकली शोभा यात्रा
- प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने-अपने घरों में लोगो से पूजा करने का हुआ आह्वान

खबर मंत्र संवाददाता


कलश यात्रा में शामिल लोग।

**भंडरा।** प्रखंड के भंडरा में बुधवार को अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश के साथ ठाकुर बाड़ी मंदिर से कलश शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में प्रभारी कृष्ण चैतन्य ब्राम्हचारी व थाना प्रभारी गौतम कुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ता माथे पर कलश लेकर चल रहे थे। सैकड़ों लोग शोभायात्रा में शामिल हुए। सभी ह्यजय श्रीरामह्ण के जयकारे लगा रहे थे, गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा पूरे प्रखंड बस्ती का भ्रमण किया। मौके पर कृष्ण चैतन्य ब्राम्हचारी ने बताया कि अयोध्या के श्रीराम मंदिर में 22 जनवरी को रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इस महोत्सव के दिन चकिया में अयोध्या जैसा उत्सव मनाने की तैयारी है। घर-घर तक इसका निमंत्रण देने अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश को भ्रमण कराया जाएगा तथा लोगों से आग्रह किया जाएगा पूजित अक्षत लेकर घर-घर निमंत्रण दिया जाएगा कि 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने-अपने घरों में भगवान श्रीराम की आराधना-पूजन करें। धार्मिक अनुष्ठान, महाआरती व रात्रि में अपने-अपने घरों में दीपोत्सव मनाने का आग्रह किया जाएगा, ताकि अयोध्या जैसा उत्साह यहां भी देखने को मिले। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद जिला संगठन मंत्री कार्तिक विश्वकर्मा,विश्व हिंदू परिषद की उपाध्यक्ष अशोक कासकर, बजरंग दल संयोजक सचिन कुमार साहू,सह गौ रक्षा प्रमुख चंदन गोप, बजरंग दल सहसंयोजक राज साहू समाजसेवी सुभाष जिला,ईश्वरी मोहन शर्मा,श्रीकांत गुप्ता,भीम लाल,विकास लहेरी, सहित सैकड़ो राम भक्त मौजुद थे ।

# रोड को लेकर वोट बहिष्कार किये जाने पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष पहुंचे कसीरा गांव

## लोकतंत्र में अपनी बहुमूल्य वोट की महत्ता को समझें लोग : चैतु

- ग्रामीणों की समस्या से अवगत होकर समाधान करने का दिया अशवासन

खबर मंत्र संवाददाता


ग्रामीणों के साथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष व अन्य।

**गुमला।** गुमला प्रखंड के कसीरा पंचायत के ग्रामीणों द्वारा रोड को लेकर बहिष्कार किये जाने पर बुधवार को जिला कांग्रेस के अध्यक्ष चैतु उरॉंव कांग्रेसियों के साथ कसीरा पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात की। ग्रामीणों से बात करने लगे तभी ग्रामीणों ने उन्हें बतलाया कि हमारा गांव का स्थिति आपने तो आने के वक्त देखा ही लिया है। रोड की स्थिति क्या है बरसात में और उसके बाद लोगों को आने जाने पर कितना कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। हमलोगों ने आवेदन नेताओं से लेकर प्रशासन को दिया पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। साथ ही ग्रामीणों ने गांवों के सभी समस्याओं से अवगत करवाया। सभी समस्याओं से अवगत होकर चैतु उरांव ने कहा आने वक्त ही देख लिया कि सड़क से आप सभी ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। जहां तक आपका वोट बहिष्कार की बात है तो मैं कहना चाहूंगा कि आप लोकतंत्र में अपनी बहुमूल्य वोट की महत्ता को समझें और अपने विवेक के अनुसार मतदान का प्रयोग करें और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए एक अच्छे नागरिक के रूप में एक जन कल्याणकारी एवं लोक तंत्र की रक्षा करने वाली सरकार का गठन करें। जिससे कि हमारा लोकतंत्र की खूबसूरती बरकरार रहे। आप अपनी जागरूकता का परिचय देते हुए समाचार पत्रों में अपनी भावना को उदित किया है और एक अच्छे नागरिक होने का परिचय दिया है। मैं अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करते हुए आपकी एवं गांव के सर्वांगीण विकास के लिए संबंधित पदाधिकारी को अवगत कराउंगा। चैतु उरॉव का बात सुनकर ग्रामीणों ने कहा कि जनभावनाओं को आप सुनने आये हम सभी लोगों आपका और आपके साथ आये सभी लोगों का धन्यवाद किया। मौके पर सदर प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर मंडल अध्यक्ष पूर्वी राजा खड़िया मोहन महली, गजेंद्र साहू, रामविलास साहू, दयानंद महली उत्तम साहू, बिरसा खड़िया, पतरस मिंस, रामकिशुन बड़ाईक प्रदीप साहू, बीरबल लोहरा, प्रेम कुमार लोहरा, महेंद्र साहू, सहरू साहू, बालचंद साहू, पंचायत अध्यक्ष बिरसा खड़िया, अनिल साहू जयचंद साहू, विकेनदर साहू सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# फुटपाथ पर रहने वालों के बीच डालसा सदस्यों ने किया कंबल का वितरण

खबर मंत्र संवाददाता


गरीबों के बीच डालसा सदस्यों ने किया कंबल का वितरण।

**गुमला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ने झालसा के निदेशों का अनुपालन करते हुए तथा माननीय प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन पर बढ़ते ठंड को देखते हुए गरीबों की मदद हेतु कंबल का वितरण किया। कंबल वितरण को लेकर डालसा द्वारा लीगल एड डिफेंस काउंसिल एवं पैरा लीगल वॉलिंटियर्स को शामिल कर एक टीम गठित किया। जिनके उनके द्वारा शेल्टर होम, टावर चौक, पटेल चौक आदि जगहों में रात के समय दौरा कर महिलाओं पर विशेष ध्यान देते हुए फुटपाथ पर रहने वाले को चिन्हित कर कंबल वितरण किया गया। डालसा के सचिव श्री पार्थ सारथी घोष ने बताया कि प्रत्येक वर्ष डालसा के द्वारा जरूरतमंदों के बीच ठंड के मौसम में कंबल का वितरण किया जाता है ताकि लोगों को ठंड से कोई परेशानी ना हो तथा नगर पालिका के साथ भी समन्वय कर जिले के विभिन्न स्थान में जरूरतमंदों को कंबल का वितरण किया जा रहा है।

# चौक-चौराहों में जलाया गया अलाव, बढ़ते ठंड को लेकर की जा रही है व्यवस्था

खबर मंत्र संवाददाता


अलाव तापते लोग।

**गुमला।** लगातार बढ़ती ठंड को देखते हुए गुमला नगर परिषद क्षेत्र सहित जिले के विभिन्न प्रखंडों के चौक चौराहों के विभिन्न स्थानों में अलाव जलाने का कार्य किया जा रहा है। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश के आलोक में जिले के प्रमुख दुकान बाजार, चौक चौराहों सहित मुख्य स्थानों पर प्रति दिन अलाव जलाए जा रहें हैं। ताकि लोगों को ठंड से निजात मिल सके। अलाव जलते ही रिक्शा और ठेला चालक,स्थानीय दुकानदार एवं अन्य लोग ठंड से बचने के लिए अलाव के पास पहुंच रहें हैं। तापमान में लगातार गिरावट आ रही है। जिससे ठंड काफी बढ़ गयी है। शहर में गरीब और असहाय लोगों और वैसे लोग जिन्हें ठंड से बचने के लिए पर्याप्त कपड़े नहीं है। वैसे लोगों के लिए अलाव ही एकमात्र सहारा है। इसको देखते हुए प्रमुख चौक-चौराहों में अलाव जलाया जा रहा है।

# खेल के माध्यम से भी हम अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर सकते हैं : सुखदेव भगत

- कुंदगड़ी में आयोजित फुटबाल टूर्नामेंट में कुंदगड़ी टीम चैंपियन

खबर मंत्र संवाददाता


उद्घाटन करते सुखदेव भगत।


खिलाड़ियों के साथ अतिथि।

**सेन्हा।** प्रखंड के कुंदगड़ी गांव में नवयुवक संघ के द्वारा तीन दिवसीय फुटबाल टूनामेंट का आयोजन किया गया। फाइनल मैच में कुंदगड़ी फुटबॉल टीम ने आर्मी बॉयज टीम को पेनल्टी शूट में 1-0 से हराकर चैंपियन बना। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक सह लोहरदगा जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष सुखदेव भगत समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर आयोजन समिति द्वारा सुखदेव भगत एवं अन्य अतिथियों का पारंपरिक ढंग से स्वागत किया गया। ततपश्चात मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों के द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सुखदेव भगत ने कहा इस क्षेत्र में फुटबॉल काफी लोकप्रिय खेल है यहां काफी अच्छे-अच्छे फुटबॉल खिलाड़ी हैं बस उन्हें प्रोत्साहन देकर आगे बढ़ाने की जरूरत है। जिला फुटबाल संघ जिले में फुटबॉल खेल को आगे बढ़ाने हेतु सतत प्रयासरत है। खेल के माध्यम से भी हम अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं उसके लिए हमें अनुशासन में रहकर प्रतिबद्धता के साथ खेलना होगा। झारखंड सरकार खेल एवं खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने हेतु बहुत सुविधा उपलब्ध करा रही है। खिलाड़ियों को नौकरी के साथ-साथ स्टेफन देने का भी प्रदान किया गया है श्री भगत ने मौके पर सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आयोजन समिति का आभार प्रकट किया ।विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि खेल हमें अनुशासन में रहने के सीख देता है। खेल से आपसी भाईचारगी बढ़ती है उन्होंने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना किऐ। मौके पर श्री पूनम उरांव पंचायत समिति सदस्य, राजश्री उरांव मुखिया, धनवाज उरांव मुखिया, अनिल उरांव मुखिया भड़गांव, रुस्तम अंसारी, अमन उरांव, संजय उरांव, आदरा उरांव, धर्मवीर उरांव, तबारक अंसारी, आयोजन समिति के अध्यक्ष बबलू उरांव, उपाध्यक्ष राजेश उरांव, सचिव उमेश उरांव समलाल, कोषाध्यक्ष दीपक उरांव, रविंद्र उरांव, सूरज उरांव, दिलीप उरांव, विनोद उरांव, विपिन उरांव, सूर्यकांत उरांव, रामधन उरांव, प्रकाश रोशन उरांव, वसंत उरांव, वोदरा जी, सुनील उरांव, कार्तिक उरांव, लालू लोहरा, सतेंद्र लोहरा सहित सरोज उरांव, सुनीता उरांव, रंथी उरांव, अनीता उरांव, अंगनी उरांव, चंदरमुन्नी उरांव, हीरा उरांव, बंधु उरांव, विनीता उरांव, नम्रता उरांव, शिल्पी उरांव सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।


## स्पीड न्यूज

### रवि कृषि पाठशाला का किया गया आयोजन



**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत पंचायत बारीसाखी गांव मायाडीह शिवमन्दिर के समीप बुधवार को कृषि पाठशाला का आयोजन किया गया। बिटीएम अमरेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि रवि फसल का तृतीय कक्षा का संचालन रवि फसल 2023-24 को लेकर किया गया है। इस दौरान चना, सरसों,मटर सही तरीके से लगाने तथा श्री विधि का उपयोग करने की जानकारी दी गई। मौके पर उपस्थित बिटीएम दीनदयाल प्रसाद, कृषक मित्र प्रसादी पासवान, गोवर्धन यादव, विनोद पासवान, राजकुमार रविदास एवं किसान उपस्थित थे।

### खलिहान में लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान



खलिहान में लगी आग

**डंडई।** थाना क्षेत्र के रारो गांव में बुधवार को एक खलिहान में भीषण आग लग गयी, जिससे तीन किसानों समेत जिला परिषद सदस्य का पुआल का कई ढेर एवं एक सौ धान का बोझा जलकर राख हो गया। अगलगी की घटना की जानकारी मिलते ही संबंधित किसानों में कोहरा मच गया। आग की लपटे और धुआं देखकर स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और मोटर पाइप और डीजल पंप के माध्यम से आग पर काबू पाने के लिए हर संभव प्रयास किया, लेकिन खलिहान में लगी आग की लपटे इतनी तेज थी कि किसानों के खलिहान में रखा धान का बोझा सहित कई पुआल की ढेर धू धू कर जल गया। ग्रामीणों ने बताया कि बदन पासवान का एक सौ धान का बोझा, शिवकुमार सिंह पचु सिंह तथा जिला परिषद सदस्य मोहन पासवान का खलिहान में रखें पुआल का ढेर जलकर राख हो गया है। ग्रामीणों ने अंदेशा जताया कि खलिहान के पास से गुजरा बिजली के तार से शर्ट सर्किट हुआ और खलिहान में आग लग गयी। अगलगी की घटना में करीब एक लाख रुपए का नुकसान होने का अनुमान बताया जा रहा है। भुक्तभोगी किसान शिव कुमार सिंह, बच्चू सिंह ने बताया कि माल मवेशियों का साल भर का चारा-खुराक मिनटों में जलकर राख हो गया, अब मवेशियों के लिए चारा कहां से लाएंगे? हम किसानों पर मुसीबत आ गया। किसान बदन पासवान ने बताया कि खलिहान में एक सौ धान का बोझा रखे हुए थे जो जल गया, उसने बताया कि यह मेरा सालों भर का कमाया हुआ अनाज था, अब परिवार में अनाज के लिए आफत हो जाएगा।

### उपायुक्त ने की कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण



**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा जयनगर प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने बच्चियों को दी जाने वाली शिक्षा की जानकारी ली। उन्होंने कक्षा में जाकर बच्चियों से बातचीत की और उनके पठन-पाठन की जानकारी ली। उपायुक्त ने सभी शिक्षकों को बच्चियों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने का निर्देश दिया। उन्होंने कंप्यूटर का क्लास कर रही बच्चियों से भी बात चीत की और कंप्यूटर में क्या क्या सीखाया जाता है, जानकारी ली। उन्होंने बच्चियों से कहा कि हमेशा कुछ सीखने की ललक होनी चाहिए। आप कंप्यूटर से जितना खेलोगे, उतना कंप्यूटर का ज्ञान होगा। साथ ही विद्यालय में चल रही अर्द्ध वार्षिक परीक्षा का भी जायजा लिया।

### उपायुक्त ने किया मतदान केंद्र का निरीक्षण, दिए कई निर्देश



**मरकच्चो (कोडरमा)।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज मरकच्चो प्रखंड अंतर्गत रोशनबागी स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में अवस्थित मतदान केंद्र संख्या 341 का निरीक्षण किया गया। मतदान केंद्र में मौजूद बीएलओ से उपायुक्त ने मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम हटाने, मतदाताओं की त्रुटियों को दूर करने, मतदाता पहचान पत्र में खराब फोटो को ठीक करने, मृत्यु हो चुके मतदाताओं को मतदाता सूची से नाम हटाने आदि से संबंधित कार्यों की जानकारी प्राप्त की। वहीं बीएलओ द्वारा उपायुक्त को बताया गया कि मतदाता सूची से संबंधित कार्यों को पूरा कर लिया गया है।

### उपायुक्त की पहल से सदर में फिर से शुरू हुई सर्जरी, 5 मरीजों का हुआ ऑपरेशन

**कोडरमा।** सदर अस्पताल में उपायुक्त के दिशानिर्देश पर सिविल सर्जन डॉ.अनिल कुमार द्वारा क्रेस्टा हॉस्पिटल रांची को सूचीबद्ध किया गया और बुधवार को सर्जन डॉ.नीरज आनंद, स्त्री रोग सर्जन डॉ.मोनिका चंद्रा तथा डॉ. जयशंकर अनेस्थेटिक के द्वारा 5 सर्जरी की गई, जिसमें 2 बच्चेदानी, 2 हर्निया और 1 अप्पेंडिस की सर्जरी शामिल हैं। वहीं सिविल सर्जन ने बताया की अब हर सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को सर्जन और स्त्री रोग सर्जन की ओपीडी होगी, जिन मरीज की ऑपरेशन की आवश्यकता होगी, उनकी सर्जरी आयुष्मान भारत के तहत उक्त दिन सदर अस्पताल में ही किया जायेगा।

## तम्बाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान बनाने के लिए शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के सरकारी और गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों को तम्बाकू मुक्त संस्थान बनाने को लेकर राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सिविल सर्जन डॉ.अनिल कुमार की अध्यक्षता में प्रशिक्षण शिविर आयोजन किया गया एवं जिले के



शिक्षकों को तम्बाकू और इससे बने उत्पादों के उपयोग पर नियंत्रण को लेकर प्रशिक्षण दिया गया।

वहीं सीएस डॉ.अनिल कुमार ने कहा कि आधुनिकता की दौड़ में शैक्षणिक संस्थानों के युवा छात्र जाने अनजाने में तम्बाकू और इससे बने अन्य उत्पादों के लत के शिकार हो रहे हैं, जिससे युवाओं के सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, इसके सेवन से युवाओं को बचाने के लिए हम सबों को आगे आने की जरूरत है।

# लोन देने के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

## विभिन्न बैंकों के पासबुक, एटीएम, एक मोटरसाइकिल और नगद 85,600 बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** ग्रामीण क्षेत्रों में सोशल मीडिया के माध्यम से लोन देने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पुलिस ने खुलासा किया है, साथ ही दो सायबर अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। गिरफ्तार अभियुक्तों में सतगावां थाना क्षेत्र अंतगर्त बिसनीडीह निवासी संजीव कुमार पिता सदानन्द सिंह और आशिक कुमार पिता सुनील सिंह के नाम शामिल है। अभियुक्तों के पास से पुलिस ने नगद 85,600 के अलावे 4 मोबाइल, विभिन्न बैंकों के 4 पासबुक, 3 क्यूआर कोड स्कैनर, 2 चेकबुक, 2 आाार कार्ड, एक वोटर कार्ड, एक एटीएम, एक मोटरसाइकिल बरामद किया है। बुावार को एसपी अनुदीप सिंह ने उक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है। एसपी द्वारा जारी




विज्ञप्ति में कहा गया है कि गुप्त सूचना मिली थी कि साइबर अपराधियों का एक गिरोह के द्वारा सतगावां थाना क्षेत्र के बिसनीडीह में सक्रिय रूप से अपना धनी फाइनेंस से लोन दिलाने के नाम पर लोगों को झांसे में लेकर उनसे पैसे की ठगी करने की घटनाओं को अंजाम दे रहा है। सूचना के आलोक में प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम गठित किया गया, गठित टीम के द्वारा मामले का उद्भेदन करते हुए, गिरोह के उपरोक्तदो आरोपियों को गिरफ्तार किया। एसपी ने जारी विज्ञप्ति में यह भी बताया की गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि गिरोह के द्वारा मेटा एडस एप्प के मायम से सोशल मीडिया के सहारे अपना धनी फाइनेंस का फर्जी विज्ञापन पोस्ट कर, लोगों को लोन देने के नाम पर प्रलोभन देते थे और जो लोग इनके झांसे में आ जाते थे, उनसे लोन की स्वीकृति के नाम पर प्रोसेसिंग फीस के नाम पर पैसे की ठगी करते थे। एसपी ने यह भी बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के मोबाइल फोन की जांच में भी कई सारे लोगों से पैसे की ठगी करने के सबूत मिले है, पूरे मामले को सतगावां थाना कांड संख्या 88/23 में कांड दर्ज कर, आगे की कार्रवाई की जा रही है। मौके पर एसपी के अलावे प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार, पुलिस निरीक्षक सुजित कुमार, थाना प्रभारी आनन्द कुमार साह, एसआई मनोज कुमार, ऋषिकेश सिन्हा आदि मौजूद थे।

## भद्रकाली मंदिर न्यास समिति की दूसरी बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** मां भद्रकाली मंदिर कार्यालय कक्ष के सभागार में बुधवार को मंदिर न्यास समिति की दूसरी बैठक बुधवार को संपन्न हुई। इसकी अध्यक्षता मंदिर न्यास समिति के अध्यक्ष यतींद्र कुमार चौहान ने किया। बैठक के दौरान अति शीघ्र मंदिर से संबंधित निम्न संरचनाओं की निर्माण की व्यवस्था पर फोकस किया गया।



बैठक में मंदिर परिसर में 500 लोगों के ठहराव के लिए भव्य धर्मशाला का निर्माण कार्य कराने का निर्णय लिया गया। साथ हीं मंदिर परिसर में संस्कृत विद्यालय की स्थापना कराने का भी निर्णय लिया गया। वहीं उत्तर वाहिनी नदी में सीढ़ी निर्माण कार्य कराने पर सहमति बनीं। बगीचा में बाउंड्री का निर्माण कार्य करने पर विशेष रूप से चर्चा किया गया। बैठक में मंदिर विकास कार्य में गति देने के लिए अलग-अलग पांच उप समितियों का गठन किया गया। इन सभी उप समिति में दो न्यास समिति सदस्य समेत निम्नलिखित लोगों की उप समितियों का गठन किया गया। इसमें मंदिर रखरखाव उप समिति का गठन किया गया। जिसमें सभी मंदिरों और भवनों, पथों एवं यज्ञशाला आदि का क्रियान्वन हेतु उन्हें जिम्मेवारी दी गई। वहीं पूजा कर्मकांड से संबंधित भी उप समितियां बनाई गई। इसमें दो न्यास समिति समेत कुल नौ लोगों की उप समिति का गठन किया गया। बैठक में मंदिर सौंदर्यीकरण से संबंधित कुल सात लोगों की उप समिति बनाई गई। इसके अलावा भूमि प्रबंधन उप समिति का भी गठन किया गया। जिसमें मंदिर परिसर में भूमि अधिग्रहण, भूमि मुआवजा, दुकानों का किराया व आवंटन और पार्किंग आदि के लिए कुल 16 लोगों की उप समितियां बनाई गई। बैठक के अंत में मंदिर परिसर से संबंधित सूचनाओं को समाचार पत्रों में प्रकाशित एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रसारण के लिए प्रचार-प्रसार उप समिति का भी गठन किया गया। इसमें 10 प्रतिष्ठित अखबारों एवं इलेक्ट्रॉनिक चैनल के पत्रकारों को शामिल किया गया है। बैठक में मुख्य रूप से मां भद्रकाली मंदिर न्यास समिति के सचिव अमित कुमार सिंह, उपाध्यक्ष मंगलमणि सिंह व बद्री यादव, कोषाध्यक्ष विजय चौरसिया, सदस्य अनिल कुमार सिंह, प्रकाश राम, श्याम प्रसाद सिंह, अशोक कुमार पांडेय, बाल गोविंद राम और युगेश्वर दांगी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### रास्ता विवाद को लेकर मारपीट में संजय सिंह की इलाज के दौरान मौत

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र के मास्टर मोहल्ला में बीते शुक्रवार को हुए रास्ता विवाद को लेकर मारपीट में घायल संजय सिंह पिता स्व. गीता प्रसाद सिंह की बुावार को मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार रास्ता विवाद को लेकर संजय सिंह पर शुक्रवार को उनके पड़ोसी और बिहार के रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर केपी यादव के तीन बेटों राज कपूर, प्रेम कपूर व सोनू कुमार ने सर पर रड से हमला कर दिया था, जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायल अवस्था में पहले सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनकी स्थिति चिंताजनक देखते हुए उन्हें रिम्स रेफर किया गया। रिम्स में चार दिनों तक जिंद्गी और मौत के बीच जंग लड़ते हुए संजय सिंह बुावार को मौत हो गई। इार इस घटना को लेकर संजय सिंह के परिजनों ने तिलैया थाने में आवेदन भी दिया था। जिसके पश्चात मामला दर्ज भी हुआ, परंतु मामले के पांच दिन बीत जाने के पश्चात भी पुलिस द्वारा किसी भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होना पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े करती है। वहीं परिजनों ने इस मामले में इंसाफ की गुहार लगाई है और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

### फोरलेन बाईपास में पांच जगहों पर अंडर पास मार्ग बनाने की मांग

**रमना।** प्रखंड मुख्यालय स्थित रमना में बन रहे फोरलेन बाईपास में पांच जगहों पर अंडर पास मार्ग बनाने की मांग ग्रामीणों ने फोर लेन कम्पनी के अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से की है। ग्रामीणों का कहना है कि रमना में फोर लेन बाईपास का निर्माण होने से खुद रमना पंचायत वासी दो भागों में बंट गए हैं। मौके पर उमेश प्रसाद, सुदर्शन बीयार, संजय प्रजापति, अमित प्रजापति, रामलाल बियार, राजू बियार, सुनील प्रजापति, प्रभु साह, प्रबोधन साह, रामप्रवेश गुप्ता, भोला राम, लक्ष्मण राम, सरजू राम, संजय ठाकुर, सर्विस गुप्ता, राजेन्द्र यादव आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## भाजपा का दो दिवसीय प्रवास कार्यक्रम की शुरुआत



कार्यक्रम में भाजपाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से दो दिवसीय प्रवास कार्यक्रम की शुरुआत की जा रही है। कार्यक्रम को लेकर भवनाथपुर पहुंची दिल्ली महिला मोर्चा की राष्ट्रीय सदस्य डॉ. कायनात काजी, प्रदेश उपायक्ष रूप सिंह व जिला अध्यक्ष अनीता गुप्ता को भाजपा महिला मोर्चा द्वारा गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया।

मौके पर राष्ट्रीय सदस्य डॉ. कायनात काजी ने बताया कि प्राानमंत्री मोदी के निर्देश पर दो दिवसीय प्रवास कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम आयोजन देश के विभिन्न राज्यों में किया जायेगा।

अब तक पांच राज्य में प्रवास कार्यक्रम आयोजित किया जा चुका है। झारखंड देश का 16वां राज्य है, जहां इसकी शुरुआत की जा रही है। बताया कि दो दिन तक चलने वाले इस क्रार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर के पदाकािरी मौजूद रहेंगे। सभी पदाकािरी प्रदेश के सभी जिलों का दौरा करेंगे और महिलाओं समस्याओं से रूबरू होंगे।

## बिरहोर परिवारों का हुआ स्वास्थ्य जांच

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले के कान्हाचट्टी प्रखंड के बकचुम्मा पंचायत अंतर्गत बीरेखाप बिरहोर टोला में एक दिनी स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दर्जनों बिरहोर परिवार की हिमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, शुगर, सामान्य जांच की जांच की गई। इस मौके पर ज़िप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने स्वास्थ्य जांच शिविर पहुंच कर हो रहे जांच के बारे में जाना एवं अनेकों विषयों पर स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों के साथ चर्चा किया। वहीं उन्होंने बिरहोर परिवार के सदस्यों को कहा की स्वास्थ्य, हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण आयाम होता है। यह हमारे शारीरिक, मानसिक और सामाजिक का संतुलन होता है जो



हमारी जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करता है। स्वास्थ्य का मतलब बस बीमार नहीं होना नहीं होता, बल्कि यह विभिन्न पहलुओं का सम्मिलित होता है जो हमारे जीवन को सुखमय और सफल बनाते है। साथ ही बिरहोर परिवारों को साफ-सुथरा रहने के साथ-साथ नियमित खानपान पर ध्यान देने की अपील की। मौके पर सीएचओ संता डुंगडुंग, एनएम प्रियंका कुमारी,एनएम कुमारी वंदना, एमपीडब्ल्यू राजेश वर्मा सहिया दीदी शुभम देवी समेत अनेकों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### आदित्य बिड़ला और जेपीएस ने जीते अपने-अपने मैच

**गढ़वा।** गोविंद हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के पांचवे दिन जूनियर वर्ग में आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल रेहला ने बीएसकेडी पब्लिक स्कूल को 84 रनों से तथा जेपीएस स्कूल ने डीएवी मडल को 54 रनों से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। टस जीतकर आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 14 ओवर में 8 विकेट होकर 160 रनों का स्कोर खड़ा किया। जिसमें सिद्धार्थ का 39 और नमन का 45 रन शामिल है। बीएसकेडी की ओर से विशाल और प्रतीक ने तीन-तीन विकेट प्राप्त किया। जवाबी पारी खेलने उतरी बीएसकेडी की टीम 76 रनों पर ही सिमट गई। आदित्य बिड़ला की ओर से सिद्धार्थ ने पांच, नमन और अरबाज ने दो-दो विकेट प्राप्त किया।

## एक नजर में

### महिला समूहों के बीच कबड्डी खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** लिंग आधारित हिंसा के विरूद्ध राष्ट्रीय अभियान 'नई चेतना' 2.0 पहल के अवसर पर सिमरिया प्रखण्ड के इलेवन स्टार मैदान में जेएसएलपीएस द्वारा सखी मंडल की दीदीयों के बीच कबड्डी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पुर्वी जिला परिषद सदस्या रोहनी देवी, जेएसएलपीएस प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक राहुल रंजन पांडेय, मनरेगा प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी राजेश पासवान के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

मुख्य अतिथि द्वारा बताया गया कि महिला लिंग आधारित हिंसा के विरूद्ध महिला सशक्तिकरण एवं महिलाओं के आत्मविश्वास को बढाने की दिशा में यह प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिससे महिलाएं अपने आप को सभी क्षेत्रों में पुरूषों के समान भागीदारी का अनुभव प्राप्त कर सके।

### एक दिवसीय पशुपालन प्रशिक्षण का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखण्ड क्षेत्र के मकरी पंचायत भवन में जिला पशुपालन पदाधिकारी विद्या सागर ने ग्रामीणों को एक दिवसीय पशुपालन का प्रशिक्षण दिया। मौके पर जिला पशुपालन पदाधिकारी ने मुख्य रूप से गाय पालन, गाय के विभिन्न नशलो की जानकारी, गाय की रख रखाव, चारा-भोजन एवं गाय के लगने वाले वैक्शिन एचएस, बीक्यू, एलएसडी, बुरु सुलोसिस, संबनी जानकारी दी गई। किसान के संपर्क में रह कर जानकारी लेते हैं। राज्य सरकार द्वारा पशुपालन संबंधित प्रशिक्षण दिया जाता है जिसमें गाय, बकरी, मुर्गी, सुअर पालन का प्रशिक्षण दिया जाता है जो किसान प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहते हैं वे अपने मुखिया के पास से फर्म लेकर भर कर मुखिया के मय से जिला में मेरे पास भेजवाइए।

### कार्मिक विभाग के प्रधान सचिव प्रवीण टोप्पो एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे चतरा



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** चतरा प्रखण्ड के दारीयातु पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का जायजा लेने हेतु प्रवीण टोप्पो प्रधान सचिव, कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राज्य भाषा विभाग झारखण्ड रांची एक दिवसीय दौरे पर चतरा पहुंचे। उनके चतरा आगमन पर उपायुक्त अबु इमरान ने आभार प्रकट करते हुए पूष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। वहीं कार्यक्रम स्थल आगमन पर पारंपरिक रूप से उनका स्वागत किया गया तत्पश्चात दीप प्रज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उन्होने कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लाभुकों को लाभान्वित करने हेतु लगाए गए स्टॉलों का एक एक कर निरीक्षण कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए और कहा यह कार्यक्रम राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाया जा रहा है।

### पत्रकार को मातृ शोक

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** पत्रकार संजीव शर्मा की माता लगन देवी 95 वर्ष का निान मंगलवार की रात्रि हो गया। उनके निान से क्षेत्र के पत्रकारों में शोक की लहर छाई है। पत्रकार संजीव शर्मा ने फेसबुक पोस्ट के माध्यम से दुख भरे शब्दों में अपनी मां को याद किया, जिन्होंने हमेशा समर्पण भरे साथ से उनके पीछे खड़ा रहा। शोक व्यक्त करने वालों में ानंजय सिंह, सियाराम वर्मा, ओमप्रकाश पाठक, विनोद पाठक, शम्भू दुबे,



अनुज चौबे, विवेकानंद उपायाय, आनन्द सिन्हा, लव दुबे, विजय देव, प्रताप तिवारी, संजीव पांडेय, आशुतोष सिंह, चन्दन कश्यप, ामेंद्र सिंह, राजा पांडेय, रिशु श्रीवास्तव आदि का नाम शामिल है।

### ज्योतिषी ब्राह्मण समाज ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** चतरा जिला कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज के नेतृत्व मे एक शिष्टमंडल कुलपति विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग से मिलकर संस्कृत विषय की पढ़ाई चतरा जिला अंतर्गत विभिन्न महाविद्यालय में तथा झारखंड प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालय में समुचित रूप से पठन-पाठन तथा विकास हेतु कुलपति को ज्ञापन दी। इस अवसर पर झारखंड कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक, चतरा जिला अध्यक्ष संजय पांडेय, प्रवक्ता नंदकिशोर पांडेय, चतरा जिला सचिव राजन पांडेय, जिला कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्रनाथ शर्मा, प्रदीप पांडेय, अक्षयवट दयाल शर्मा, सहित शिष्ट मंडल के अन्य लोग मौजूद थे।

# ग्रामीणों की शिकायत पर निर्माणाधीन स्वास्थ्य उपकेंद्र का निरीक्षण किए भाजयुमो जिला अध्यक्ष

- घटिया मेटेरियल का उपयोग कर संवेदक योजना की मोटी रकम डकारने के फिराक में
- योजना की जांच कर संवेदक पर कार्रवाई करने का उच्चाधिकारियों से किया मांग, कार्रवाई नहीं होने पर सांसद को करवाएंगे अवगतः छोटू राजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय में इन दिनों सरकार की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं में संवेदकों को लूट की छूट मिली हुई है कई योजनाओं में संवेदक सिर्फ लीपा पोती कर योजना की मोटी रकम डकारने के फिराक में लगे हुए हैं। ऐसा ही ताजा मामला प्रखंड मुख्यालय के जुंगुर पंचायत स्थित टोंगरी टोला की है जहां विभाग के द्वारा बनाए जा रहे निर्माणधीन सामुदायिक स्वास्थ्य उपकेंद्र में संवेदक के द्वारा भारी लापरवाही बरती गई है जिसके कारण वहां के ग्रामीणों के शिकायत पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के लातेहार जिला अध्यक्ष छोटू राजा निर्माणधीन सामुदायिक स्वास्थ्य उपकेंद्र का जांच करने पहुंचे जहां पर उन्होंने काफी कमियां पाई है। मौके पर जिला अध्यक्ष छोटू राजा ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र निर्माण में संवेदक घटिया मेटेरियल का प्रयोग कर मोटी रकम डकारने की फिराक में है इसी


निर्माणधीन स्वास्थ्य उपकेंद्र।

शिकायत पर योजना स्थल में देखने से साफ प्रतीत हुआ कि पूरे भवन निर्माण में लोकल छड़ कामधेनु, सिस्कॉन और नॉन ग्रेट सीमेंट का उपयोग एवं लाल पेटी ईंट का प्रयोग किया गया है। कहीं-कहीं पर केवल दिखावा के लिए ब्रांडेड मेटेरियल का प्रयोग किया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे में बिल्डिंग को जो गुणवत्ता मिलनी चाहिए थी वह नहीं मिल पाया है। संवेदक के द्वारा घटिया मेटेरियल के उपयोग के संबंध में उच्चाधिकारियों एवं जेई को अवगत कर दी गई है और उन्हें मेटेरियल की सारी फोटोग्राफी भी मोबाइल के माध्यम से भेज दी गई। उन्होंने कहा कि उच्चाधिकारियों एवं जेई के द्वारा मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच कर संवेदक के ऊपर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया है। अगर इसके बाद भी योजना निर्माण का जांच नहीं होता है तो सांसद सुनील कुमार को सभी बिंदुओं से अवगत करवाकर योजना का जांच करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र में गरीबों के कल्याण के लिए स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन का निर्माण हो रहा है इसलिए इस भवन का निर्माण पूरी मजबूती के साथ होना चाहिए इसमें संवेदक की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## एक नजर में

### सुकर गंझू के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार


इश्तेहार चिपकाती पुलिस।

**चंदवा।** माननीय न्यायालय व लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार चंदवा पुलिस के द्वारा फरार चल रहे अभियुक्त सुकर गंझू पिता गणेश गंझू के पन्ना टांड स्थित आवास पर इश्तेहार चिपकाया गया। बुधवार को पुलिस टीम गांव पहुंची व ग्रामीणों की मौजूदगी में इश्तेहार तामिल किया। पुलिस ने बताया कि फरार सुकर गंझू प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी का सक्रिय सदस्य रहा है। इसके खिलाफ चंदवा समेत विभिन्न थानों में लगभग एक दर्जन मामले दर्ज है। अभियान में कुंदन कुमार समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन



जिला नियोजन पदाधिकारी संतोष कुमार।

**लातेहार।** जिला नियोजन पदाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि 22 दिसंबर शुक्रवार को जिला खेल स्टेडियम में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन राज्य के बेरोजगार युवक युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित करने के उदेश्य से जिला नियोजनालय लातेहार द्वारा आयोजित किया जा रहा है। बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए कई कंपनियां इस मेला में भाग लेंगे और यहां के युवक युवतियों को रोजगार देंगे। श्री कुमार ने आगे कहा कि उपरोक्त रोजगार मेला में नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायोडाटा (दो कॉपी), नियोजनालय का निबंधन कार्ड व स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र का छाया प्रति के साथ उपस्थित हों। जो उम्मीदवार पुर्व से निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। ज्ञात हो कि एक दिवसीय रोजगार मेले में आने वाले कम्पनियों की संख्या घट बढ़ सकती है। इस रोजगार मेले में योग्यता अनुसार न्युनतम 7000/- से अधिकतम 25000/- तक की नौकरी दिया जायेगा।

### विपक्षी संसद सदस्यों के निलंबन की कार्रवाई मोदी सरकार की हिटलरशाही : असगर खान

**चंदवा।** सांसद सदस्यों पर निलंबन की कार्रवाई लोकतंत्र की हत्या है, उक्त बातें कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही है। उन्होंने कहा कि सांसदों को संसद पर संसद की सुरक्षा के सवाल पर अपनी बात रखने पर उन्हें निलंबित कर दिया गया ।जबकि संसद पर सेंधमारी कर घुसने वालों को पास मुहैया कराने वाले मैसूर के भाजपा सांसद खुलेआम घूम रहे हैं। सांसद पर कैसे घुसपैठ हुई इसपर विपक्षी सांसद, प्रधानमंत्री और गृह मंत्री से संसद पर जवाब देने और उसपर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे थे। सांसदों का वाजिब मांग है कि गृह मंत्री और प्रधानमंत्री को संसद में बोलना चाहिए उन्हें बताना चाहिए कि संसद की सुरक्षा पर कैसे चुक हुई कौन जिम्मेदार है। इतने गंभीर मामले पर प्रधानमंत्री और गृह मंत्री संसद में जवाब न देकर बाहर बोल रहे हैं, जब लोकसभा चल रहा हो तो ऐसे में वह लोकसभा में उपस्थित न होकर बाहर घुम रहे हैं, खुद लोकतंत्र का माखौल उड़ा रहे हैं। सांसदों को निलंबित कर अपनी सरकार की सुरक्षा की चुक और संसद में सेंधमारी करने वालों को पास जारी करने वाले मैसूर के सांसद को बचाना चाह रहे हैं।

## विधायक, डीसी एवं एसपी ने कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा, दिये कई दिशा निर्देश


स्थल का जांच करते विधायक, डीसी व एसपी।

- 27 दिसंबर को कुंदरी ग्राम में आयोजित होने वाले आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का किया गया स्थल जांच
- कार्यक्रम में भाग लेंगे झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

**लातेहार।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आगामी 27 दिसंबर को लातेहार आयेगें। मुख्यमंत्री लातेहार के कुंदरी ग्राम में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में भाग लेगें। बुधवार को विधायक बैद्यनाथ राम, उपायुक्त हिमांशु मोहन, एसपी अंजनी अंजन व झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को ले कर स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने वहां सुरक्षा एवं अन्य प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही मंच व ग्रामीणों के बैठने की तैयारी को ले कर कई दिशा निर्देश जारी किया। कहा कि सुरक्षा व विधि व्यवस्था संधारण में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। मौके पर जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष अरुण कुमार दुबे, जिला परिषद बिनोद उरांव, विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, अनुमंडल पधाधिकारी मो परवेज आजम, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार मिश्रा, अंचल अधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो, सदर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार, झामुमो जिला सचिव समशुल होदा, युवा नेता अंकित पांडेय, दीपक कुमार व चंदन कुमार आदि मौजूद थे।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बनहरदी पंचायत में लगा विकास शिविर

**खबर मन्त्र संवाददाता**


योजना का वितरण करते अतिथि।

**चंदवा।** राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इस उद्देश्य के साथ हेमंत सोरेन सरकार द्वारा चलायी जा रही आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण में बुधवार को प्रखंड के बनहरदी पंचायत सचिवालय प्रांगण में विकास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि जीप सदस्य सरोज देवी, झामुमो केंद्रीय सदस्य पपन खान, प्रखंड बीससूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझू, झामुमो नेता मो इजहार, मुखिया रामेश्वर उरांव, पंसस मनोहर भगत ने सयुक्त रूप से दीप प्रवजल्लित कर किया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों को जानकारी देते हुए अतिथियों ने कहा कि हेमंत सरकार का यह प्रयास संचालित विकास योजनाओ को धरातल पर उतारने का काफी अहम साबित हो रही है। आमजनता शिविर के माध्यम से संचालित विकास योजनाओं का लाभ उठाकर उठाएं। इस दौरान अतिथियों ने मनरेगा जॉब कार्ड, आवास योजना के चयनित लाभुकों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया। अतिथियों ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ कई बच्चियों को प्रदान किया व परिस्थितियों का वितरण किया साथ ही दर्जनों लाभुकों व जरूरतमंदों के बीच धोती साड़ी/लुंगी व कंबल का वितरण भी किया। इसके उपरांत उपस्थित अतिथियों ने शिविर में मनरेगा, आधार कार्ड, श्रम कार्ड, पशुपालन विभाग, शिक्षा विभाग, जेएसएलपीएस, आपूर्ति, पेंशन, विद्युत समेत अन्य विभाग के लगे स्टॉल का निरीक्षण किया। स्टॉल में ग्रामीणों ने अपने अपने आवेदन जमा किये। मौके पर बीडीओ विजय कुमार, सीओ जयशंकर पाठक, सीआई ऋषिदेव कमल, मनरेगा बीपीओ रतन शाहदेव, प्रखंड कर्मी रितेश कुमार,रोहित कुमार, कुश ध्वज कुमार समेत सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष मौजूद थे।

## जंगली हाथियों के झुंड ने धान की फसल को पहुंचाया नुकसान


जायजा लेते भाजपा मंडल अध्यक्ष।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के शेरेगड़ा पंचायत स्तिथ बागोता गटोला में लगभग 18-20 की संख्या में आए हाथियों के झुंड ने कई एकड़ में लगे धान के फसल को चट कर गए। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों का झुंड एकाएक गांव में आ धमका और किसान बलकू भुइयां खेत से लगे धान, आलू, केतारी की फसलों को नुकसान पहुंचाया एवं चट कर गए। इसके अलावा किसान डोमन साव, दीपक साव, कैलाश साव कूटू साव, झारी साव समेत कई किसानों के लगभग 10 एकड़ में लगे धान की फसल को रौंदकर नष्ट कर दिया। घटना की सूचना पाकर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा घटना स्थल पर पहुंच नुकसान का जायजा लेते हुए बालूमाथ वन विभाग को घटना की जानकारी दी। इसके बाद वन विभाग के पंचायत प्रभारी धनंजय कुमार ने पीड़ित किसानो के फसल नुकसान का मुआवजा जल्द से जल्द दिलवाने की बात कही।मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ने कहा की सरकार द्वारा हाथियों को इस जोन से भागने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है एवं लंबित मुआवजा भी नही दिया जा रहा। मौके पर रमेश भुइयां, बालकू भईया, दिनेश उरांव, जयराम उरांव, संतोष उरांव, महेंद्र उरांव, रामजी उरांव समेत कई ग्रामीण जनता मौजूद रहे।

### 235 असहाय व जरूरतमंदो के बीच बांटे कंबल


कंबल वितरण करते मुखिया व अन्य अतिथि।

**चंदवा।** प्रखंड के जमीरा पंचायत सचिवालय परिसर में बुधवार को कंबल वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुखिया दुर्गावती देवी, पंसस बलकु मुंडा, पंसस अनुरोध कुजूर व झामुमो नेता ब्रह्मदेव प्रजापति समेत अन्य पंचायत प्रतिनिधियों न संयुक्त रूप से पंचायत अंतर्गत वार्डो वार्डो के 235 गरीब, असहाय व जरूरतमंदों के बीच कम्बल का वितरण किया। मुखिया दुर्गावती देवी ने कहा कि पड़ रही कड़ाके की ठंड के बीच समय पर गरीबो के बीच हेमंत सरकार के द्वारा कम्बल मुहैया कराया गया है। हेमंत सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं से गरीब लाभांवित हो रहे है। इधर पड़ रही ठंड के बीच कम्बल पाकर वृद्ध व जरूरतमंदों के चेहरे में खुशी देखने को मिली। मौके पर उप मुखिया पति मनिलाल यादव, वार्ड सदस्य समेत सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## विधायक का किया आभार व्यक्त

**मनिका।** मनिका विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह ने झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र में अल्पसूचित प्रश्न के माध्यम से लातेहार जिला के मनिका प्रखंड के दुंदु पंचायत स्थित दोमुहान नदी जहाँ (सुकरी नदी व लाली नदी) दोनों नदियों का संगम स्थल है। साथ ही यहां पर पौराणिक मंदिर अवस्थित है जहां लाखों श्रद्धालु आते हैं जिसे पर्यटक स्थल के रूप में विकसित कराने की मांग सदन में सवालों के माध्यम से मंत्री पर्यटन कला ससंस्कृति, खेलकूद एवम युवा विभाग से किया। वहीं विधायक श्री सिंह ने अपने अल्पसूचित सवाल के माध्यम से उक्त स्थल का सौंदर्यीकरण कराने एवं मंदिर के समीप तटबंध संरक्षण के लिए सीढ़ीनुमा घाट बनाने की मांग को रखा। वहीं विधायक श्री सिंह ने अपने सवालों मे यह भी कहा कि उक्त स्थान पर साल में 3 से 4 बार बृहद मेला आयोजित की जाती है। वहीं इस कार्य के लिए कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, विधायक प्रतिनिधि दरोगी यादव, बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, विधानसभा युवा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान, कामेश्वर यादव, तस्लीम अंसारी, अकबर अंसारी समेत अन्यों ने विधायक रामचंद्र सिंह को आभार व्यक्त किया है।

# आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण

- केंद्र में आने से बच्चों का मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है : सेविका
- आंगनबाड़ी दीदी से शिक्षा ग्रहण करेः खुशबू बीबी

**खबर मन्त्र संवाददाता**


स्वेटर वितरण करती सेविका।

लातेहार। सदर प्रखंड क्षेत्र के नावागढ़ पंचायत के बाजार टाड आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। सेविका मीरा गुप्ता ने अपने आंगनबाड़ी केंद्र में ठंड से बचने के लिए सरकार द्वारा आए हुए 70 स्वेटर को केंद्र के 35 बच्चों को दो-दो स्वेटर पंचायत समित खुशबू बीबी के हाथों वितरण किया गया। जिसमें प्रत्येक बच्चों को दो स्वेटर दिया गया। वही इसका लाभ 3 वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों को दिया गया। मौके पर खुशबू बीबी ने कहा कि प्रत्येक दिन आप सभी आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचे आंगनबाड़ी दीदी से शिक्षा ग्रहण करें तो आप लोगों को समय-समय पर सरकार द्वारा बहुत सारी फायदा पहुंचाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि नवागढ़ बाजार टाड की सेविका मीरा गुप्ता ने केंद्र में अपने बच्चों के बीच जितनी लगन और मेहनत से बच्चों को शिक्षा देते हैं और उनके खान-पान पर जिस प्रकार ध्यान देते हैं इस तरह प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में ध्यान देना चाहिए। मौके पर उपस्थित सेविका ने बच्चों को प्रत्येक दिन आंगनबाड़ी केंद्र आने की बात कही एवं उनके उपस्थित अभिभावक को कहा कि सभी बच्चों को प्रत्येक दिन आंगनबाड़ी केंद्र भेजें केंद्र में आने से बच्चों का मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है। वही मौके पर ग्रामीण लोग मौजूद थे।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के मारंगलोइया ग्राम स्थित पंचायत भवन परिसर में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव, बालूमाथ अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर, पंचायत मुखिया सोनामनी कुमारी, पंचायत समिति सदस्य रामलाल उरांव, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष नागदेव उरांव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर आयोजित शिविर में ग्रामीणों के बीच कई परिसम्पत्तियों का वितरण किया गया। जिसमें कंबल, धोती-साड़ी छात्राओं के बीच साइकिल खरीदने के लिये चेक का वितरण किया गया। मौके पर बोलते हुए प्रखंड बिस सूत्री अध्यक्ष नागदेव उरांव ने कहा कि हेमंत सरकार की सोच है की सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक ग्रामीणों तक को मिले। जिसके तहत आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन सभी पंचायत में किया जा रहा है। जिसमें ग्रामीणों द्वारा मिलने वाले आवेदन के बाद उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। आगे उन्होंने बताया कि जल्द ही बालूमाथ प्रखंड में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का कार्यक्रम होना तय है। उन्होंने लोगों से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील किया।

## लगातार तीसरी बार केंद्र में भाजपा की प्रचंड जीत सुनिश्चित है: रिक्की वर्मा


मौके पर मौजूद भाजपा कार्यकर्ता।


**चंदवा।** पथ निर्माण विश्रामागार परिसर में बुधवार को भाजयुमो चंदवा मंडल कार्य समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रिकी वर्मा एवं संचालन महामंत्री संटू गुप्ता ने की। प्रभारी के रूप में मौजूद अश्वनी सिंह ने संबोधित करते हुए युवा मोर्चा का विस्तार कर पार्टी को मजबूत करने की बात कही तथा अभी से चुनाव की तैयारी में जुट जाना है और मोदी सरकार की उपलब्धियां को जन-जन तक प्रचारित करते हुए भाजपा की सरकार पुनः सत्ता पर काबिज कर विकास की गति को जारी रखने के लिए जनता को प्रेरित करना है। बूथ सशक्तिकरण, नमो एप डाउनलोड कर ग्रामीणों को जानकारी साझा करें। वहीं रिकी वर्मा ने कहा कि 2014 व 19 के बाद 2024 मे भी प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा सत्ता में आने जा रही है। केंद्र सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं का आज गांव-गांव तक पहुंच रहा है। जिसका लाभ आगामी चुनाव में मिलेगा। मौके पर सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद साहू, ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, संतोष वर्मा, मीडिया प्रभारी बबलू सोनी, रोहित शाहदेव, छोटू रजक, रूपेश ठाकुर, आशीष, शुभम, वरुण, धनु, प्रदीप साहू, सुनील, सोनू, विकास, वेदांत समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### जलनल योजना के अंतर्गत लगाए गए जलमिनार खराब


जानकारी देते ग्रामीण।

**बारियातू।** प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम मकरा मे घर-घर जल नल योजना अंतर्गत लगाए गए सोलर जलमिनार पिछले एक सप्ताह से खराब हो जाने के कारण ग्रामीण परेशान है। ग्रमीण अनिल सिंह, जितेंद्र राम, मुन्ना सिंह, द्वारिका ठाकुर, श्रीकांत सिंह, दीपू ठाकुर, संजीत ठाकुर, बिरन देवी, चन्दन कुमार सहित अन्य ग्रामीणों ने बातया की मकरा मे जल-नल योजना के अंतर्गत पिएचडी विभाग द्वारा घर-घर पेयजल व्यवस्था के उदेश्य से जलमिनार लगाया गया था परन्तु एक सप्ताह पूर्व ही जलमिनार खराब हो गया है जिससे ग्रामीणों को पानी पिने के साथ साथ अन्य दैनिक कार्य के लिए काफी परेशानी हो रही है। वही ग्रामीणों ने उपायुक्त व पीएचडी विभाग से अविलम्ब सोलर जलमिनार को दुरुस्त करवा पेयजल सुविधा बहाल कराने की मांग की है।

### टीबी से बचाव के प्रति छात्रों को किया गया जागरूक



**मानिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय में दिन बुधवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी लातेहार के निदेर्शानुसार टीबी रोग से बचाव के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। वहीं टीबी बीमारी किस तरह से लोगों को संक्रमित करती है और इससे कैसे बचा जा सकता है इन सभी के प्रति पिरामल स्वास्थ्य के गांधी फेलो द्वारा जागरूक किया गया। इसके साथ ही सरकार के द्वारा दी जाने वाली सुविधा निक्ष्य पोषण योजना आदि की जानकारी दी गई। बच्चों को बताया गया कि गांव के आस-पास में किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से ज्यादा खांसी, बुखार, भूख ना लगना, वजन का घटना इस तरह के लक्षण हो तो अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भेजें ताकि अपने गांव पंचायत को टीबी रोग से मुक्त करने में सहयोग मिल सके। मौके पर पिरामल स्वास्थ्य के गांधी फेलो परशुराम कड़ू, सुष्मिता साहू, स्कूल के प्राचार्य, समेत 150 छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### भाजपा का विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम आज

**लातेहार।** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के निदेर्शानुसार जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह के नेतृत्व में बुधवार को बाजारटांड़ शिव मंदिर के पास से प्रारंभ होकर समाहरणालय चौक तक विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम एवं महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। वहीं राज्य की इस भ्रष्टाचारी सरकार, दमनकारी, युवा विरोधी सरकार, झूठे वादे पर टिकी सरकार को राज्य की सत्ता से उखाड़ फेंकने का आह्वान होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद सुनील कुमार सिंह एवं जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिंहा उपस्थित रहेंगे। उपयुक्त जानकारी पंकज सिंह जिला महामंत्री भाजपा लातेहार ने दी। उन्होंने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया कि उक्त विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम मे आप सभी, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, जिला में निवास करने वाले प्रदेश के पदाधिकारी एवं प्रदेश का समिति सदस्य, पूर्व जिला अध्यक्ष, जिला परिषद अध्यक्ष, सभी मोर्चा के जिला अध्यक्षगण एवं मोर्चा के जिला पदाधिकारी, सभी मंडल अध्यक्षगण, सभी जेस्ट श्रेष्ठ पार्टी के नेता ससमय उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर का हुआ आयोजन

**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखंड के चोरहा पंचायत सचिवालय में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिप सदस्य बुधेश्वर उरांव, वरीय पदाधिकारी अनील कुमार मिंज, प्रमुख अमिता देवी, बीडीओ सह सीओ शम्भु राम, उप प्रमुख सुनील उरांव, मुखिया अंकिता देवी, डाक्टर मिरा कुमारी, सांसद प्रतिनिधि सुनील प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि अख्तर हुसैन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिप सदस्य बुधेश्वर उरांव ने जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि योजना का लाभ अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचा है जिसके लेकर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार तक पहुंचा है। इस अवसर पर प्रखंड एवं पंचायत के पदाधिकारी के द्वारा लोगो के बीच परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया है। मौके पर प्रखंड कार्यालय पदाधिकारी विजय कुमार पासवान, प्रखंड खाद्य पूर्ति पदाधिकारी सह पंचायत सचिव जितेंद्र कुमार पाठक, पंचायत समिति सदस्य मंजू देवी, बीस सुत्री सदस्य उमेश प्रसाद, रोजगार सेवक धनदेव सिंह, अनु कुमारी, तिलक बैठा, अल्फ्रेड बृजिया, लालमुनि तिवारी, सिद्धार्थ कुमार, सुशील कुमार, मुखिया राजेश सिंह, प्रमिला देवी, समेत अन्य कर्मी व सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# कल्वर्ट व सड़क निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा किया जा रहा है अनियमितता

- विधायक के दिशा निर्देशो को दरकिनार कर पीसीसी ढलाई में मिट्टी युक्त बालू का किया जा रहा है प्रयोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**


कार्य में अनियमितता।

**लातेहार।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पानीटंकी से पांडेयपूरा होते हुए लोटो जाने वाले सड़क का शिलान्यास स्थानीय विधायक बैद्यनाथ राम ने 23 नवंबर 2023 को किया था। यह सड़क पिछले 12 से 15 वर्षों से जर्जर हालत में था, जिस पर चलना बहुत मुश्किल होता था। जिसे देखते हुए विधायक ने सड़क का सुदृढ़ीकरण व निर्माण कार्य का शिलान्यास किया था लेकिन लेकिन कार्य शुरू होते ही संवेदक के द्वारा अनियमितता की सारी हदे पार करते दिखाई दे रहा है। कार्य प्रारंभ होते ही सड़क के ऊपर मिट्टी डालकर एवं कल्वर्ट लगाने के मामले में अनियमित बरती जा रही है। जिस स्थान पर कल्वर्ट नहीं होना चाहिए। वहां कल्वर्ट लगाकर अपनी गिनती को पूरा कर रहे हैं। जिस स्थान पर कल्वर्ट लग रहा है। वहां बिना पिचिंग किए ही मिट्टी डालकर ढक दिया जा रहा है। बताते चले की सड़क निर्माण कार्य में बालू का उपयोग न कर मिट्टी का उपयोग हो रहा है कहा जाए तो गलत नहीं है। क्योंकि जिस बालू का उपयोग हो रहा है, उसमें बालू से अधिक मिट्टी की मात्रा है। इसी बालू से पीसीसी पथ का ढलाई किया जा रहा है। जो कि कुछ ही महीनों में खराब हो जाएगा। बता दे की रोड उद्घाटन के दिन ही विधायक बैद्यनाथ राम ने संवेदक को कहा था कि रोड ऐसा बनाए जिसमें शिकायत का कोई मौका नहीं मिले। स्थानीय जनता से घुल मिलकर के मजबूत पथ बनाएं। शिकायत नहीं होनी चाहिए। लेकिन इस बात का संवेदक पर कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है। साथ ही अधिकारियों को भी आदेश दिया गया था कि सड़क निर्माण कार्य पर नजर बनाए रखें अगर गुणवत्ता पूर्ण कार्य नहीं होता है तो संवेदक के ऊपर कड़ी से कड़ी करवाई किया जाए। लेकिन संवेदक के द्वारा इन सभी बातों को दरकिनार करते हुए अपने मनमर्जी से कल्वर्ट एवं पीसीसी का निर्माण किया जा रहा है। बता दें कि मसाला बनाने वाले मजदूर लेबर के अनुसार 12 तागड़ी बालू में एक तागड़ी सीमेंट डाला जा रहा है। जो की गुणवत्ता पूर्ण नहीं है। वही मुंशी अजय चौधरी से इस मामले पर पुछताछ किया गया तो कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया।

## स्पीड न्यूज

### पत्नी के हत्यारे को उम्रकैद

**पटना।** बिहार में पटना की एक सत्र अदालत ने दहेज के लिए पत्नी की हत्या करने वाले एक व्यक्ति को बुधवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (25) छेदी राम ने मामले में सुनवाई के बाद खगड़िया जिले के अलौली थाना क्षेत्र स्थित मेघौना गांव निवासी राजीव रंजन को भारतीय दंड विधान की धारा 304बी के तहत दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है।

### भाजपा को हराने के लिए 'इंडिया' गठबंधन में एकजुटता जरूरी : सदा

**भागलपुर।** बिहार के अनुसूचित एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री रत्नेश सदा ने कहा कि साल 2024 के आम चुनाव में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार को हराने के लिए 'इंडिया' गठबंधन के लोगों की एकजुटता जरुरी है। श्री सदा ने बुधवार को कहा कि देश के लोगों ने बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री के रुप में पसंद कर लिया है। लेकिन गठबंधन के कुछ लोगों की आत्मा अभी भी हिल रही है। ऐसे में भाजपा की केंद्र सरकार को हटाने के लिए इंडिया गठबंधन में एकजुटता होनी चाहिए।

### सारण में अज्ञात युवक का शव बरामद

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के इसुआपुर थाना क्षेत्र में बुधवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव मंगला ने बताया कि थाना क्षेत्र के निपनिया बार्डर पर एक अज्ञात लगभग (25) का शव बरामद किया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेजने के साथ ही अगले 72 घंटे तक सुरक्षित रखने की कार्रवाई की गई है।

### भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद, चालक गिरफ्तार

**जहानाबाद।** बिहार में जहानाबाद जिले की मखदुमपुर थाना पुलिस ने बुधवार को एक ट्रक से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद कर चालक को गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि सूचना मिली थी कि क्षेत्र में पड़ोसी राज्य झारखंड से शराब की बड़ी खेप लाई जा रही है। सूचना के आधार पर कार्रवाई के लिए थाना की पुलिस टीम ने वाहनों को जांच शुरू की। इस क्रम में एक ट्रक को रोककर तलाशी ली गई। इस क्रम में ट्रक से 812.16 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई।

### शराब माफिया ने एसआइ को कार से टक्कर मार की हत्या

**बेगूसराय।** बिहार में बेगूसराय जिले के नावकोठी थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक (एसआइ) खामस चौधरी की शराब माफिया ने कार से टक्कर मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि नावकोठी थानाध्यक्ष को मंगलवार की आधी रात को सूचना मिली कि एक अल्टो कार से शराब की बड़ी खेप लाई जा रही है। सूचना के आधार पर कार्रवाई के लिए एसआई श्री चौधरी के नेतृत्व में रात्रि गस्ती दल को भेजा गया।

### मजदूर की गोली मारकर हत्या

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के मढ़ौरा थाना क्षेत्र में अपराधियो ने एक ईट्ट भट्ठा मजदूर की गोली मारकर हत्या कर दी। सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव मंगला ने बुधवार को यहां बताया कि लेरुआं गांव स्थित सुरेश महतो के ईट्ट भट्ठा पर मंगलवार की देर रात को कुछ मजदूर काम कर रहे थे।इसी दौरान वहां मोटरसाइकिल पर पहुंचे अपराधियों ने मजदूरों से बीड़ी की मांग की। मजदूरों द्वारा बीड़ी नही देने पर अपराधियों ने उत्तरप्रदेश के इलाहाबाद के कुसांदी थाना क्षेत्र निवासी मजदूर ललन कुमार उर्फ लवलीन (23) की गोली मारकर हत्या कर दी।

### पांडव गिरोह का सरगना रांची से गिरफ्तार

**पटना।** बिहार पुलिस का विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने पटना और जहानाबाद जिले में हत्या समेत कई अपराधों का आरोपी 50 हजार का इनामी पांडव गिरोह का सरगना संजय कुमार उर्फ संजय सिंह को झारखंड की रांची से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि पटना और जहानाबाद जिले के अलग-अलग थानों में हत्या, अपहरण, रंगदारी और लूट समेत 16 आपराधिक मामलों में वांछित संजय सिंह लंबे समय से फरार चल रहा था।

# बढ़ते अपराध की जिम्मेदारी लें और इस्तीफा दे सीएम : सम्राट चौधरी

एजेंसी



**पटना।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने बेगूसराय में शराब माफियाओं के दारोगा खमास चौधरी की हत्या और एक होमगार्ड जवान को गाड़ी से कुचल कर बुरी तरह घायल करने की घटना पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने बुधवार को यहां कहा कि बालू एवं दारू माफियाओं को संरक्षण देने वाले अपराध और भ्रष्टाचार के पर्याय राजद के साथ सरकार चलाने वाले बीमार नीतीश कुमार से अब बिहार नहीं संभल रहा है। पूरे बिहार में बालू-दारू माफियाओं ने कोहराम मचा रखा है और सरकार के मुखिया अपनी कुर्सी बचाने के लिए आंख मूंदे हुए हैं। उन्होंने कहा कि जिस राज्य की पुलिस सुरक्षित नहीं, वहां की जनता का भगवान ही मालिक है। उन्होंने कहा कि विगत महीने भी बालू माफियाओं ने जमुई में एसआई प्रभात रंजन को ट्रैक्टर से रौंद कर जान ले ली थी। पुलिस के एक जवान को बेरहमी से कुचल दिया गया था। छह माह पहले बेगूसराय में ही एक अन्य दारोगा की हत्या शराब माफियाओं ने कर दी थी। पिछले दो महीने में नवादा, पटना, मुंगेर, सहरसा, सारण, जहानाबाद, किशनगंज आदि जिलों में 20 से ज्यादा ऐसी घटनाएं घटी हैं, जिसमें बालू, दारू तथा भू-माफियाओं द्वारा न केवल पुलिस बल पर हमले किए गए, बल्कि उन्हें खदेड़-खदेड़ कर पीटा भी गया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का एक दिन के लिए भी सत्ता में रहना न केवल बिहार के लिए हानिकारक है, बल्कि बिहार को गर्त में धकेलने जैसा है। ऐसे में मुख्यमंत्री को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए स्वयं इस्तीफा दे देना चाहिए। राजद पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि जिन लोगों के साथ आज नीतीश कुमार बिहार में सरकार चला रहे हैं, उनके डीएनए में ही अपराध और भ्रष्टाचार है। ऐसे लोग जब भी सत्ता में आते हैं अपराधियों व भ्रष्टाचारियों को बढ़ावा देते हैं। अब बिहार की जनता अपराधियों को संरक्षण देने वाली ऐसी सरकार से तंग आ चुकी है। 2024 के लोकसभा और 2025 के विधान सभा चुनाव में माफियाओं को प्रश्रय देने वालों को बिहार की जनता सबक सिखायेगी।

## नीतीश के लिए सारे द्वार बंद, किसी पद के लिए लालू ने भी नहीं प्रस्तावित किया नाम : सुशील मोदी



**पटना।** पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने कहा है कि आइएनडीआइए गठबंधन की चौथी बैठक के बाद नीतीश कुमार के लिए राष्ट्रीय राजनीति के सारे द्वार बंद हो गए हैं। दूसरे राज्यों की बात तो दूर, बिहार के 'किंग मेकर' लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव ने भी किसी पद के लिए नीतीश कुमार का नाम नहीं प्रस्तावित किया। सुशील मोदी ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवारी पाने के लिए पटना में अपने पक्ष में पोस्टर लगवाये थे, लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे का नाम आगे बढा कर केजरीवाल और ममता बनर्जी ने 'खेला' कर दिया। लालू प्रसाद कुछ नहीं कर पाए। आइएनडीआइए गठबंधन से झटका खाने के तुरंत बाद जदयू ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी और राष्ट्रीय परिषद की बैठक एक साथ बुलाने की घोषणा कर बड़े बदलाव का संकेत दिया है। संगठन के भीतर हताशा बढ़ी है। उन्होंने कहा कि जदयू में जब भी ऐसी बैठक होती है, राष्ट्रीय अध्यक्ष बदल जाता है। लालू प्रसाद से ललन सिंह की बढ़ती निकटता उन्हें हटाने का आधार हो सकती है। राहुल गांधी की जगह मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम प्रस्तावित करने से स्पष्ट है कि पद की दावेदारी के जरिये गठबंधन में वर्चस्व की लड़ाई तेज हो गई है।

## संथाल परगना स्थापना दिवस पर क्रॉस कंट्री रेस 22 को



बैठक करते आयोजन समिती।

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** संथाल परगना स्थापना दिवस 22 दिसंबर को होनेवाली क्रॉस कंट्री रेस के सफल आयोजन के लिए इंडोर स्टेडियम में बुधवार को बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला खेलकूद संघ सचिव उमाशंकर चौबे ने की। दौड़ क आयोजन गोटा भारत सिदो कान्हु हूल वैसी, जिला खेलकूद संघ एवं जिला एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होगी। रेस का आयोजन सुबह 7 बजे से डीसी चौक से होगा। पुरुषो एवं महिलाओं के लिए आयोजित हो रहे इस दौड़ में पुरुषो को डीसी चौक से हवाई अड्डा होते हुए सृष्टि पार्क एवं उसी रास्ते से फिर वापस आना होगा। जबकि महिलाओं के लिए डीसी चौक से खिजुरिया एवं पुनः वापस डीसी चौक तक होना है। प्रथम दस प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। वहीं वरिष्ठ धावकों को भी ट्रॉफी से सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर जिला खेलकूद संघ सचिव श्री चौबे ने कहा की चिकित्सीय सुविधाओ एवं क्रॉस कंट्री दौड़ में आवश्यक होने वाली सभी औपचारिक सुविधाओ का ख्याल रखा जा रहा है। आम जन से उत्साह की अपेक्षा की है।बैठक में जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव वरुण कुमार, गोटा भारत सिदो कान्हु हूल वैसी के सुलेमान मरांडी, सनातन मुर्मू, राज्य कबड्डी संघ के कोषाध्यक्ष हैदर हुसैन, जिला खेलकूद संघ के संयुक्त सचिव विजय कुमार सिन्हा एवं निमाय कुमार झा, जिला कला एवं संस्कृति संघ अध्यक्ष शिशिर घोष, जिला शतरंज संघ संयुक्त सचिव विकाश कुमार, अंजनी शरण एवं अन्य उपस्थित थे।

## छात्रा के साथ छेड़खानी करने के आरोप में शिक्षक गिरफ्तार

- डेढ़ साल पहले शिक्षक के विरुद्ध जरमुंडी थाना में दर्ज की गई थी छात्रा के साथ छेड़खानी की प्राथमिकी



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** मध्य विद्यालय के सातवीं कक्षा की छात्रा के साथ छेड़खानी करने के आरोप में शिक्षक भवेश मिश्रा को जरमुंडी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला लगभग डेढ़ साल पुराना है। जानकारी के मुताबिक गिरफ्तार शिक्षक भवेश मिश्रा देवघर जिला का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार लगभग डेढ़ वर्ष पहले 23 जुलाई 2022 को बासुकीनाथ इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति ने जरमुंडी थाना में लिखित आवेदन दिया था। इसमें उन्होंने लिखा था कि मेरी बेटी जरमुंडी प्रखण्ड के एक सरकारी मध्य विद्यालय में सातवीं की छात्रा है। बेटी के साथ विद्यालय के शिक्षक भवेश मिश्रा ने छेड़छाड़ की। वह उसे अपने पास बुलाकर उसे पकड़ा और उसके शरीर को स्पर्श किया। जब वह घर आई और दोबारा स्कूल जाने से इंकार करने लगी। काफी पूछने पर उसने शिक्षक की सारी करतूत की जानकारी दी। छात्रा के पिता के इस आवेदन पर थाने में छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट की सुसंगत धाराओं की तहत एफआईआर दर्ज कराया गया। इसी मामले में बुधवार को लगभग डेढ़ वर्ष बाद आरोपी शिक्षक भवेश मिश्रा की गिरफ्तारी हुई। उसे कोर्ट में पेश करते हुए जेल भेज दिया गया। आरोपी शिक्षक भवेश मिश्रा खुद को बचाने के लिए जनवरी माह में ही उक्त विद्यालय से अपना तबादला करा लिया था। वर्तमान में सरैयाहाट प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, भलुआ तिलकपुर में वे पदस्थापित थे। इधर, जरमुंडी के थाना प्रभारी दयानंद साह ने बताया कि एफआईआर जुलाई 2022 का ही है। पीड़िता के पिता ने आवेदन दिया था। आरोपी शिक्षक भवेश मिश्रा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ने कहा कि मामले की जांच शिक्षा विभाग द्वारा भी की गई। जांच में सही पाया गया था।

## अप्रेंटिसशिप अवेयरनेस वर्कशॉप आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** राष्ट्रीय प्रशिक्षु संवर्धन योजना (एनएपीएस) के बारे में युवाओं और प्रतिष्ठानों के बीच जागरुकता पैदा करने के लिए क्षेत्रीय व कौशल विकास और उद्यमिता निदेशालय ने गोड्डा में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम बुधवार को अदाणी पावर प्लांट स्थित सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि गोड्डा डीएफओ मौन प्रकाश, झारखंड कौशल विकास और उद्यमिता निदेशालय के क्षेत्रीय निदेशक बीके सिंघा, उप निदेशक पी के मांडवी, सहायक निदेशक हिमांशु अदाणी पावर के प्लांट हेड प्रसून चक्रवर्ती, गोड्डा की नियोजन पदाधिकारी पद्मा कुमारी व अन्य गणमान्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए झारखंड कौशल विकास और उद्यमिता निदेशालय के क्षेत्रीय निदेशक सिंघा ने कहा कि ऐसी कार्यशालाओं का उद्देश्य राष्ट्रीय प्रशिक्षु संवर्धन योजना (एनएपीएस) के तहत प्रशिक्षण और लाभों पर प्रतिष्ठानों के बीच जागरुकता पैदा करना है। मुख्य अतिथि मौन प्रकाश ने आयोजकों की सराहना की और कौशल को प्रोत्साहित करने और उद्योगों के लिए योग्य कार्यबल की मांग को पूरा करने के लिए इस तरह के और अधिक कार्यक्रम आयोजित करने पर जोर दिया। समापन भाषण में कौशल विकास और उद्यमिता निदेशालय के उप निदेशक मांडवी ने जागरुकता कार्यक्रम को बढ़ावा देने और कौशल विकास कार्यक्रमों पर प्रधानमंत्री के फोकस का भी उल्लेख किया। साथ ही कहा कि उनकी प्रेरणा प्रभावी और कुशल तरीके से कौशल विकास प्रशिक्षण में युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्र का मार्गदर्शन कर रही है।

### बैंक प्रबंधक को तीन वर्षों के कैद की सजा

**पटना।** बिहार में पटना स्थित केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की विशेष अदालत ने रिश्वत मामले में एक राष्ट्रीयकृत बैंक के तत्कालीन शाखा प्रबंधक को आज तीन वर्षों के सश्रम कारावास के साथ ही 30 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश अविनाश कुमार ने मामले में सुनवाई के बाद पंजाब नेशनल बैंक की सारण जिला स्थित नारायणपुर शाखा के तत्कालीन प्रबंधक शशि प्रकाश को भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की अलग-अलग धाराओं में दोषी कर देने के बाद यह सजा सुनाई है।

## एसपी से लगाया न्याय की गुहार

**दुमका।** बेटी से मिलने उसके ससुराल गई वृद्ध मां के हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मृतक के परिजनों ने एसपी को आवेदन सौंप न्याय की गुहार बुधवार को लगाया है। मृतक महिला के बेटे नौशाद अंसारी ने एसपी कार्यालय पहुंच हत्या में शामिल फरार हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग किया है। आवेदन में थाना प्रभारी वकार हुसैन पर गंभीर आरोप लगाते हुए दबंग आरोपियों की मदद करने और साक्ष्य मिटाने का आरोप लगाया है। जिससे आरोपियों के मनोबल बढने और खुलेआम धमकी देने की बात कही। आवेदन में बताया कि बीते 8 नवंबर को उसकी मां मोमिना बीबी गांव के ही दबंगों ने गला दबा हत्या कर दी थी। मामले में पुलिस थाना कांड संख्या 112/23 में सुसंगत धारा के तहत मामला दर्ज की थी। मामला दर्ज होने के बाद एक महिला समेत तीन आरोपियों ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया था। आत्मसर्मपण करने वाले में मृतक महिला का दामाद नईम अंसारी, सौतन चुनकी खातून एवं आरोपी चाचा करामात मिंया शामिल था। मामले में दामाद नईम अंसारी, करामत मियां, जियाउल अंसारी, चुनकी खातून, सोनाभन बीबी, पुसिया अंसारी एवं रिजाउल अंसारी के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। यहां बता दें कि मोमिना बीबी शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के शिवतल्ला गांव में ही ब्याही बेटी-दामाद से मिलने गईं थी। दामाद के दूसरी शादी करने पर समझाने पहुंची थी। जहाँ विवाद में गला दबा वृद्धा की हत्या आरोपियों ने कर दी थी।

## पुलिस की घेराबंदी पर अपहृत को छोड़ भागे बदमाश

खबर मन्त्र संवाददाता




**गिरिडीह।** पुलिस की सक्रियता से अपहताओं के चंगुल से कुछ ही घंटों में अपहृत व्यक्ति को सकुशल मुक्त करा लिया गया। हालांकि, मौका पाकर अपराधी भागने में सफल रहे। घटना अहिल्यापुर थाना क्षेत्र की है। बताया गया कि जोरासीमर गांव के रहने वाले जितेंद्र मंडल का पुत्र मिथलेश मंडल सोमवार की सुबह आठ बजे पत्नी अंजली देवी और मां राधिका देवी को जरूरी काम बताकर बाइक से निकला था। शाम को मिथलेश के मोबाइल नंबर से उसकी पत्नी अंजली देवी को कॉल कर किसी अज्ञात व्यक्ति ने धमकी देते हुए कहा कि मिथलेश मंडल को अपहरण कर लिया गया है। साथ ही उसने दस लाख रुपये की फिरौती मांगी। अंजली ने मामले की जानकारी सास को दी। इसके बाद मिथलेश मंडल की मां ने घटना की जानकारी अहिल्यापुर थाना पुलिस और एसपी को दी। मामले की जानकारी मिलते ही एसपी दीपक शर्मा के निर्देश पर बगोदर सरिया एसडीपीओ नौशाद आलम समेत कुछ थाना प्रभारियों ने अपहरणकताओं से अपहत मिथलेश को सुरक्षित बचाने का ऑपरेशन शुरू किया। बताया गया कि एसडीपीओ नौशाद आलम के नेतृत्व में पुलिस ने चारों तरफ घेराबंदी शुरू की। इस बीच बढ़ते दबाव के बीच अपहरणकताओं ने मिथलेश मंडल को बगोदर के जीटी रोड के समीप छोड़ भागे। वारदात में तीन से चार अपराधियों के शामिल होने की बात सामने आ रही है, जिन्हें पुलिस तलाश रही है।

## सीडब्ल्यूसी ने रांची के बालक को उसकी मां के साथ भेजा घर

- सौतेला पिता ने मारपीट की तो घर से भाग कर दुमका पहुंच गया था बालक
- 7 दिनों में रांची सीडब्ल्यूसी के समक्ष बालक को प्रस्तुत करने का दिया आदेश

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** सौतेला पिता ने कक्षा 6 में पढ़नेवाले 12 वर्षीय बालक के साथ मारपीट की तो वह घर से भाग कर इंटरसिटी ट्रेन में बैठकर दुमका आ गया। 26 नवम्बर को इस बालक को आरपीएफ ने भटकता हुआ पाने पर बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के समक्ष प्रस्तुत किया था। समिति ने उसे श्री अमड़ा स्थित बालगृह में आवासित कर रखा था और उसके अभिभावकों की खोज कर रही थी। बुधवार को पुलिस पदाधिकारी के साथ बालक की मां समिति के समक्ष प्रस्तुत हुई। चेयरपर्सन डा अमरेन्द्र कुमार, सदस्य रंजन कुमार सिन्हा, डॉ राज कुमार उपाध्याय, कुमारी बिजय लक्ष्मी और नूतन बाला ने इस मामले की सुनवायी करते हुए बालक को उसके मां के सुपरवीजन में सौंप दिया। समिति ने इस केश के अनुसंधानकर्ता पुलिस पदाधिकारी को आदेश दिया है कि वह बालक को सात दिनों के अंदर रांची सीडब्ल्यूसी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। चेयरपर्सन डॉ अमरेन्द्र कुमार ने बताया कि बालक ने अपने बयान में बताया था कि उसकी मां ने दूसरी शादी कर ली है। सौतेला पिता उसके साथ मारपीट करता है जिस कारण वह घर से भाग गया और ट्रेन से दुमका पहुंच गया। सीडब्ल्यूसी ने रांची के डीसीपीओ से इस बालक का एसआईआर (सामाजिक जांच प्रतिवेदन) समप्रित करने का आदेश दिया। रांची डीसीपीओ ने बालक का गृह सत्यापन करते हुए समिति को एसआईआर भेज दिया और बालक के परिवार को भी उसके दुमका सीडब्ल्यूसी के देखभाल और संरक्षण में होने की जानकारी दी। बालक के 24 घंटे से अधिक समय तक लापता रहने के कारण वहां के थाना में अज्ञात द्वारा बालक का अपहरण किये जाने की आशंका व्यक्त करते हुए प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी थी। लिहाजा उस केस के आईओ भी बालक की तलाश कर रहे थे। बुधवार को आईओ और बालक की मां दुमका सीडब्ल्यूसी पहुंचे। बालक की मां ने अपने बयान में स्वीकार किया कि सौतेला पिका शराब के नशे में उसके बेटे के साथ मारपीट करता है। बालक की मां द्वारा बॉण्ड भरे जाने पर बालक को उसके हवाले करते हुए एक सप्ताह के अंदर बालक को रांची सीडब्ल्यूसी के समक्ष प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया है।

## पेज एक का शेष

### 1932 खतियान आधारित...

**बाबूलाल मरांडी ने कहा सिर्फ राजनीत है :** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने स्थानीय और नियोजन नीति बिल को सदन में हुबहू पुनः पेश किए जाने के सवाल पर कहा कि हेमंत सरकार केवल राजनीति कर रही है। सरकार की मंशा साफ नहीं है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य की जन भावनाओं का पूरा सम्मान करती है। इसका बड़ा उदाहरण अलग झारखंड राज्य का निर्माण है। उन्होंने कहा कि नियोजन और स्थानीयता तय करना राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में है, पर सरकार इस मामले में सिर्फ राजनीति कर रही है।

### सीटेट पास या ...

अगर ऐसे अभ्यर्थी चयनित हो जाते हैं और नियुक्त होते हैं तो उन्हें 3 वर्ष के भीतर पहले प्रयास में ही झारखंड सरकार द्वारा आयोजित जेटेट परीक्षा पास करनी होगी। अभ्यार्थियों को सहायक आचार्य परीक्षा में परीक्षा की तैयारी के लिए 3 माह का समय दिया जायेगा। यदि 3 साल में राज्य सरकार जेटेट परीक्षा नहीं लेती है तो अभ्यर्थियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं होगी। कोर्ट के आदेश पारित किये जाने के क्रम में महाधिवक्ता राजीव रंजन ने सरकार के उच्च अधिकारियों से दिशा निर्देश लिया, उसके बाद कोर्ट के आदेश पर अपनी सहमति जतायी।

क्या है मामला : प्रार्थी का कहना था कि झारखंड सरकार ने वर्ष 2016 के बाद टेट परीक्षा नहीं ली है, लेकिन राज्य में शिक्षक नियुक्ति परीक्षा शुरू हो गयी है। आवेदन मंगाये जा रहे हैं। इसलिए शिक्षक नियुक्ति में सीटेट पास अभ्यर्थियों को भी शामिल होने दिया जाये या झारखंड सरकार सीटेट परीक्षा का आयोजन कराये। प्रार्थी की ओर से कोर्ट को यह भी बताया गया कि 23 अगस्त 2010 के एनसीटीई की गाइड लाइन में प्रोविजन है कि अगर राज्य सरकार टेट परीक्षा नहीं लेती है तो दूसरे राज्य से टेट परीक्षा या केंद्र सरकार से सीटेट पास अभ्यर्थियों को नियुक्ति में कंसीडर किया जायेगा। प्रार्थी की ओर से रोहित रंजन सिन्हा, विशाल कुमार ने पैरवी की। प्रार्थी ने राज्य सरकार को जेटेट परीक्षा शीघ्र लेने का आदेश देने का आग्रह कोर्ट से किया है। प्रार्थी ने याचिका में कहा है कि 7 वर्षों से झारखंड में जेटेट की परीक्षा आयोजित नहीं हो रही है। प्रार्थी ने प्रार्थना की है कि सीटेट को भी जेटेट की तरह झारखंड में मान्यता दी जाये, क्योंकि राज्य सरकार जेटेट की परीक्षा कराने में पिछले 7 साल में असफल रही है। ऐसे में सीटेट पास अभ्यर्थियों की उम्र सीमा भी धीरे-धीरे खत्म हो रही है। याचिका में यह भी कहा गया है कि राज्य सरकार वर्ष 2016 के बाद से बिना जेटेट की परीक्षा लिये शिक्षक नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू करने जा रही है जिससे करीब चार लाख अभ्यर्थी शिक्षक नियुक्ति परीक्षा में शामिल होने से से वंचित हो जायेंगे।

### लालू- तेजस्वी की...

इसी मामले में एक बार फिर इडी की ओर से समन जारी किया गया है। अक्टूबर में मिली थी जमानत : अक्टूबर माह में इस मामले में कोर्ट में सुनवाई हुई थी, उस वक्त राउज कोर्ट ने लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव को जमानत दे दी गई थी। हालांकि इसके बाद भी इस मामले में सुनवाई हुई थी।

### देशद्रोह पर जेल, मॉब ...

इससे सरल, सुसंगत, पारदर्शी और जवाबदेह व्यवस्था से न्याय मिलने में आसानी होगी। साथ ही निष्पक्ष, समयबद्ध, साक्ष्य आधारित, तेजी से सुनवाई कर दोषसिद्धि दर को बढ़ाना और जेलों पर अतिरिक्त भार कम होगा। **सीआरपीसी में 531 धाराएं होंगी :** गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, सीआरपीसी में पहले 484 धाराएं थीं, अब इसमें 531 धाराएं होंगीष 177 धाराओं में बदलाव किये गये हैं और 9 नयी धाराएं जोड़ी गयी हैं। 39 नई उप-धाराएं और 44 नये प्रावधान जोड़े गये हैं। बिल पर चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, आपराधिक न्याय प्रणाली में आमूल-चूल बदलाव किया जा रहा है। हम 200 साल पुरान कानूनों में बदलाव कर रहे हैं। पीएम मोदी गुलामी के चिह्न को मिटा रहे हैं। तीनों कानूनों को विदेशी शासकों ने अपने शासन के लिए कानून बनाये थे। पीएम ने लाल किले की प्राचीर से औपनिवेशिक कानूनों से मुक्ति की बात कही थी, उसी के तहत गृह मंत्रालय ने आपराधिक कानूनों में बदलाव के लिए गहन विचार किया। नये कानून व्यक्ति की स्वतंत्रता, मानव के अधिकार और सबके साथ समान व्यवहार के तीन सिद्धांतों के आधार पर बनाये जा रहे हैं। **सेना, देश, महिला और बच्चे प्राथमिकता :** गृह मंत्री ने कहा, हमारी सरकारी की प्राथमिकता सेना, देश, महिला और बच्चे हैं। नये कानूनों में महिलाओं और बच्चों को प्रभावित करने वाले कानूनों को प्राथमिकता दी गयी है। उसके बाद मानव अधिकारों से जुड़े कानूनों और देश की सुरक्षा से संबंधित कानूनों मे प्राथमिकता है। मोदी सरकार पहले बार आतंकवाद की व्याख्या करने जा रही है, इसके साथ ही राजद्रोह को देशद्रोह में बदला जा रहा है। सही मायने में इसे संविधान की भावना के अनुरूप बनाया गया है।**3 साल में निपटारा :** गृहमंत्री ने कहा कि नये प्रावधान के तहत 3 साल के भीतर मामलों का निपटारा होगा। पुलिस और वकील जवाबदेह बनेंगे। अपराधियों की सजा सुनिश्चित की जायेगी। पुलिस अपने अधिकारों का दुरुपयोग ना करे, इसका प्रावधान किया गया है। पहचान बदलकर यौन शोषण को अपराध बनाया गया है। संगठित अपराध के खिलाफ मजबूत कानून लाया गया है। नयी संहिताओं में आधुनिक तकनीक का उपयोग किया है। इससे कागजों के बड़े-बड़े ढेर समाप्त होंगे। सारी प्रक्रिया डिजिटल होगी। 2027 तक इस पूरी प्रक्रिया को पूरा किया जायेगा। अब कहीं से भी एफआईआर दर्ज कराई जा सकेगी। 15 दिन के अंदर उसे संबंधित थाने में भेजना होगा। हम ईएफआईआर का कॉन्सेप्ट लाये हैं। तलाशी के दौरान वीडियोग्राफी को अनिवार्य किया जा रहा है। सात साल से अधिक की सजा वाले कानून में फॉरेंसिक साक्ष्य जरूरी होंगे। इसके अलावा हर जिले या थाने में एक-एक पुलिस अधिकारी नियुक्त होगा, जो हिरासत में लिए जाने का अधिकृत सर्टिफिकेट देगा। गृहमंत्री ने कहा कि छोटे-मोटे मामले अब समरी ट्रायल से निपटाये जायेंगे। 90 दिन में आरोप पत्र दाखिल करना अनिवार्य होगा और कोर्ट की अनुमति से पुलिस को 90 दिन और दिये जा सकेंगे। आरोप तय होने के 60 दिन के अंदर नोटिस दिया जायेगा। कोर्ट सुनवाई पूरी करने के बाद 30 दिन के अंदर अपना फैसला सुनाएगा।

# कोरोना से सहमा शेयर बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी में भारी गिरावट

एजेंसी

▸▸ सेंसेक्स 931 अंक गिरावट के साथ 70,506 पर हुआ बंद निफ्टी 303 अंक गोता लगाकर 21150 पर आया

मुंबई। देश में कोरोना के ने वेरिएंट से संक्रमण के बढ़ते मामलों के साथ ही ऊंचे भाव पर हुई मुनाफावसूली से बुधवार शेयर बाजार में हाहाकार मच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 930.88 अंक अर्थात 1.30 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ 71 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक अंक से नीचे 70,506.31 अंक रह गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 302.95 अंक यानी 1.41 प्रतिशत का गोता लगाकर 21,150.15 अंक पर आ गया। मुनाफवासूली का अधिक दबाव बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों पर रहा। इससे मिडकैप 3.12 प्रतिशत लुढ़ककर 35,056.63 अंक और स्मॉलकैप 3.42 प्रतिशत की गिरावट लेकर 40,879.42 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3921 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3177 में भारी बिकवाली जबकि 658 में लिवाली हुई। इसी तरह निफ्टी की 46 कंपनियां नुकसान जबकि शेष चार लाभ में रही। विश्लेषकों के अनुसार, देश में कोरोना के नए वेरिएंट जेएन 1 से संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। पिछले चौबीस घंटे में 614 संक्रमितों की पहचान हुई है। इससे निवेशक सहमे हुए हैं। साथ ही बाजार के ऊंचे भाव पर निवेशकों ने जमकर मुनाफावसूली की है, जिससे बाजार में इतनी बड़ी गिरावट आई है। इससे बीएसई के सभी 20 समूहों के शेयर नुकसान में रहे। इस दौरान कमोडिटीज 3.51, सीडी 2.55, ऊर्जा 2.18, एफएमसीजी 0.65, वित्तीय सेवाएं 1.58, हेल्थकेयर 2.00, इंडस्ट्रियल्स 2.85, आईटी 1.84, दूरसंचार 4.36, यूटिलिटीज 4.65, ऑटो 2.30, बैंकिंग 0.97, कैपिटल गुड्स 2.83, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.51, धातु 3.57, तेल एवं गैस 2.23, पावर 4.33, रियल्टी 2.43, टेक 1.89 और सर्विसेज समूह के शेयर 4.20 प्रतिशत लुढ़क गए। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 210 अंक की तेजी के साथ 71,647.66 अंक पर खुला और लिवाली के बल पर थोड़ी देर बाद ही 71,913.07 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुँच गया। वहीं, कारोबार के अंतिम चरण में हुई भारी बिकवाली के दबाव में यह 70,302.60 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 71,437.19 अंक के मुकाबले 1.30 प्रतिशत का गोता लगाकर 70,506.31 अंक रह गया। इसी तरह निफ्टी भी 90 अंक बढ़कर 21,543.50 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 21,593.00 अंक के उच्चतम जबकि 21,087.35 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 21,453.10 अंक की तुलना में 1.41 प्रतिशत की गिरावट लेकर 21,150.15 अंक पर रहा। इस दौरान एचडीएफसी बैंक की 0.19 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर सेंसेक्स की शेष 29 कंपनियां मुनाफवासूली का शिकार हुईं।

## 20 समूहों के शेयर में भारी नुकसान




**इन कंपनियों का हुआ नुकसान :** टाटा स्टील 4.21, एनटीपीसी 3.79, टाटा मोटर्स 3.33, एचसीएल टेक 3.24, महिंद्रा एंड महिंद्रा 3.04, एसबीआई 2.97, पावरग्रिड 2.86, टेक महिंद्रा 2.68, एलटी 2.25, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.99, बजाज फाइनेंस 1.87, मारुति 1.87, बजाज फिनसर्व 1.72, टाइटन 1.63, भारती एयरटेल 1.57, इंफोसिस 1.37, रिलायंस 1.22, आईटीसी 1.17, आईसीआईसीआई बैंक 0.85, टीसीएस 0.83, एक्सिस बैंक 0.80 और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयरों ने 0.18 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

# झटका : ट्रंप नहीं लड़ पायेंगे राष्ट्रपति चुनाव

एजेंसी

▸▸ कैपिटल हिंसा में कोर्ट ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति को ठहराया अयोग्य



**वाशिंगटन।** अमेरिकी सत्ता में दोबारा आने की होड़ में शामिल पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को बड़ा झटका लगा है। मंगलवार को कोलोराडो प्रांत की प्रमुख अदालत ने यूएस कैपिटल हिंसा मामले में ट्रम्प को राष्ट्रपति पद के लिए अयोग्य करार दिया है। अदालत ने रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से व्हाइट हाउस की दौड़ के लिए प्रमुख उम्मीदवार ट्रम्प को राष्ट्रपति पद के लिए राज्य के प्राथमिक मतदान से हटा दिया है। अमेरिकी इतिहास में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार को अयोग्य ठहराए जाने का यह पहला मामला है। कोलोराडो हाई कोर्ट ने 4-3 के बहुमत वाले अपने फैसले में कहा कि ट्रंप 14वें संशोधन की धारा-3 के तहत राष्ट्रपति पद संभालने के अयोग्य हैं। कोलोराडो प्रांत के हाई कोर्ट ने जिला अदालत के निर्णय को पलटते हुए यह आदेश दिया। जिला अदालत ने कहा था कि ट्रम्प ने 6 जनवरी 2021 को अमेरिकी संसद पर हुए हमले के लिए भीड़ को हिंसा के लिए उकसाया था लेकिन ट्रम्प को राष्ट्रपति चुनाव में हिस्सा लेने से नहीं रोका जा सकता क्योंकि यह साफ नहीं है कि संविधान की धारा राष्ट्रपति पद को कवर करती है।

गौरतलब है कि वर्ष 2021 में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में ट्रम्प की हार के बाद उनके समर्थकों ने 6 जनवरी 2021 को यूएस कैपिटल (अमेरिकी संसद) पर हमला कर दिया था। उनके हजारों समर्थक संसद भवन के भीतर घुसकर जमकर हिंसा व तोड़फोड़ कर दी थी। हिंसा में पांच लोगों की मौत हो गई। ट्रम्प पर समर्थकों को संसद भवन में घुस कर हिंसा के लिए भड़काने का आरोप लगा था।

# दूरसंचार बिल लोकसभा से पारित

## नयी प्रौद्योगिकी और नये उत्पादों के विकास में मिलेगी मदद : वैष्णव

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** देश में भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885, भारतीय वायरलेस टेलीग्राफी अधिनियम, 1933 और टेलीग्राफ वायर्स (गैरकानूनी कब्जा) अधिनियम, 1950 का स्थान लेने वाला भारतीय दूरसंचार विधेयक 2023 बुधवार को लोकसभा में ध्वनिमत से पारित हो गया। लोकसभा में संक्षिप्त चर्चा के बाद संचार, सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अपने उत्तर में कहा कि इस विधेयक में देश में टेलीकॉम नेटवर्क को किसी भी बाहरी हमले से बचाने के लिए वैधानिक फ्रेमवर्क शामिल किया गया है और साइबर सुरक्षा का व्यापक नेटवर्क बनाने का प्रस्ताव किया गया है। वैष्णव के जवाब के बाद सदन ने ध्वनिमत से सरकार के तीन संशोधनों के साथ यह विधेयक पारित कर दिया और इसके बाद अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही गुरुवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

वैष्णव ने यह भी साफ किया कि कॉल को इंटरसेप्ट करने यानी बीच में सुनने के लिए जो प्रावधान या नियम पहले थे, उन्हीं प्रावधानों को बनाये रखा गया है। इसी प्रकार से डिजीटल भारत निधि की स्थापना की गयी है और इससे नयी प्रौद्योगिकी एवं नये उत्पादों के विकास के लिए मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि टेलीकॉम उद्योग में 40 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। डिजीटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा हो, यूपीआई हो या बैंकिंग, हर डिजीटल गतिविधि के पीछे टेलीकॉम होता है और इस विधेयक के माध्यम से उसे सुदृढ़ करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के पारित होने से दूरसंचार उद्योग में लचीलापन आएगा। यह विधेयक भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885, भारतीय वायरलेस टेलीग्राफी अधिनियम, 1933 और टेलीग्राफ वायर्स (गैरकानूनी कब्जा) अधिनियम, 1950 का स्थान लेने के साथ ही भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) अधिनियम, 1997 में भी संशोधन करता है। दूरसंचार सेवा प्रदाता के लिए लाइसेंस की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। सौ अलग अलग लाइसेंस की जगह एक ही जगह पंजीकरण एवं ऑथराइजेशन कराना होगा। ओटीटी को इससे अलग किया गया है। स्पेक्ट्रम के आवंटन की प्रक्रिया को सुधारा गया है। सेना, सुरक्षा बल, पुलिस, बन विभाग, रेलवे, मेट्रो, अंतरिक्ष वैज्ञानिकों, रेडियो, टेलीविजन सेवाएं, विमान परिचालन सहित 19 प्रकार की सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम प्रशासनिक आधार पर तय किया जाएगा। बाकी सबके लिए निविदा आमंत्रित की जाएगी। केंद्र सरकार किसी भी फ्रीक्वेंसी रेंज का उद्देश्य दोबारा तय कर सकती है या उसे दोबारा आवंटित कर सकती है। केंद्र सरकार किसी भी स्पेक्ट्रम की शेयरिंग, ट्रेडिंग, लीजिंग और उसे सरेंडर करने की अनुमति दे सकती है। नये कानून में मोबाइल सिम हासिल करने की प्रक्रिया को पासपोर्ट की तर्ज पर पारदर्शी एवं विश्वसनीय बनाया जा रहा है जिसमें सिम को आधार कार्ड से लिंक करना, केवाईसी सत्यापन करना और उपयोगकर्ता की जिम्मेदारी तय करने के प्रावधान किये हैं। दूसरे के नाम से सिम लेना दंडनीय अपराध करार दिया गया है। मोबाइल फोनों पर अवांछित मार्केटिंग कॉल की बीमारी को दूर किया जा सकेगा। डू नॉट डिस्टर्ब (डीएनडी) में रजिस्टर करने के बावजूद अवांछित कॉल दंडनीय अपराध नहीं थी। लेकिन नये कानून में इसे दंडनीय अपराध बनाया गया है। दूरसंचार संवाद को सुनने यानी इंटरसेप्शन और तलाशी का अधिकार के अंतर्गत दो या दो से अधिक व्यक्तियों के बीच संदेशों या संदेशों की एक श्रेणी को कुछ आधारों पर इंटरसेप्ट, मॉनिटर या ब्लॉक किया जा सकता है।

### विधेयक की मुख्य बातें

- ▸▸ साइबर सुरक्षा का व्यापक नेटवर्क बनाने का प्रस्ताव
- ▸▸ सेना, सुरक्षा बल, पुलिस, बन विभाग, रेलवे, मेट्रो, अंतरिक्ष वैज्ञानिकों, रेडियो, सहित 19 प्रकार की सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम प्रशासनिक आधार पर तय किया जाएगा



# प्रधानमंत्री मोदी से मिली ममता

## बकाया के लिए केंद्र और बंगाल के अधिकारी करेंगे बैठक

एजेंसी



नयी दिल्ली। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद कहा कि प्रधानमंत्री ने केंद्र से राज्य के विभिन्न योजनाओं में बकाया राशि के मुद्दे के निपटारे के लिए अधिकारियों की संयुक्त बैठक का प्रस्ताव किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का केंद्र पर विभिन्न योजनाओं का 1.16 लाख करोड़ रुपये का बकाया हो गया है। पश्चिम बंगाल के अधिकारी केंद्रीय अधिकारियों के साथ इस मामले पर सौ से अधिक बैठकें कर चुके हैं पर इसका समाधान नहीं हुआ है। बनर्जी ने संसद भवन परिसर में प्रधानमंत्री के कार्यालय में हुई इस बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि केंद्र पर पश्चिम बंगाल में विभिन्न योजनाओं का एक लाख 16 हजार करोड़ रुपये बकाया है। उन्होंने कहा, ह्यरुपया नहीं मिल रहा है। जिन गरीबों ने काम किया है (मनरेगा में) उनका भी पैसा नहीं मिला है। यह भुगतान संविधान के अनुसार अनिवार्य है। यह रुपया देना चाहिए अब तक वह नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि 2022-23 में ग्रामीण रोजगार योजना के तहत लोगों को अतिरिक्त काम देने के लिए राज्यों को मिलने वाला पैसा भी उनके राज्य को नहीं मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य को गरीबों के लिए आवास, ग्रामीण विकास तथा स्वास्थ्य योजनाओं को बंद कर दिया गया है, इसके लिए रुपया देना बंद कर दिया गया है और वित्त आयोग की सिफारिशों के तहत मिलने वाला विशेष धन-यह सब बंद कर दिया गया है।

## राजनीति में राहुल गांधी जैसे लोगों की कोई जगह नहीं : नड्डा

**बस्ती।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को शाहिद सत्यवान सिंह स्टेडियम में सांसद खेल महाकुंभ का शुभारंभ किया। नड्डा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस प्रकार से देश के उपराष्ट्रपति का नकल कर उन्हें अपमानित किया गया है, वह निंदनीय है। अगर कैमरामैन ही बनना है तो भोजपुरी फिल्मों की तरफ राहुल गांधी को रुख करना चाहिए। राजनीति में ऐसे लोगों की कोई जगह नहीं है। नड्डा ने कहा कि 2014 के पहले का इंडिया अब भारत बन चुका है। विश्व में भारत पांचवें नंबर की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभर कर विश्व गुरु बनने का सपना पूरा कर रहा है।

# पाकिस्तान में संकट के लिए मैं खुद जिम्मेदार हूं : नवाज



**लाहौर।** पाकिस्तान की बदहाली, आर्थिक और नकदी संकट पर पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने देश के वर्तमान हालात के लिए भारत या अमेरिका को नहीं देश की नीतियों को जिम्मेदार ठहराया है। पूर्व पीएम नवाज शरीफ ने देश के संकटों के लिए शक्तिशाली सैन्य प्रतिष्ठान पर परोक्ष निशाना साधते हुए मंगलवार को कहा कि नकदी संकट से जूझ रहे देश की परेशानियों के लिए न तो भारत जिम्मेदार है और न ही अमेरिका, बल्कि हमने अपने पैरों पर खुद कुल्हाड़ी मारी है। चौथी बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री पद के दावेदार शरीफ ने पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के टिकट के दावेदारों के साथ बातचीत के दौरान कहा कि उन्हें तीन बार 1993, 1999 और 2017 में सत्ता से बेदखल किया गया था। शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान (अर्थव्यवस्था की स्थिति के लिहाज से) जिस स्थिति में है, उसके लिए भारत, अमेरिका या अफगानिस्तान जिम्मेदार नहीं है। असलियत में तो हमने अपने पैरों पर स्वयं कुल्हाड़ी मारी है।

## एक नजर में

### इजरायल ने अल-अहमी अस्पताल पर किया हमला



**गाजा पट्टी।** उत्तरी गाजा पट्टी के शेष बचे अस्पतालों में से एक अल-अहमी में इजरायली सेना द्वारा हमले के बाद काम करना बंद हो गया है। अस्पताल के निदेशक ने बुधवार को यह जानकारी दी। अस्पताल के निदेशक फादेल नईम ने बताया कि इजरायली सैनिकों ने अल-अहली अस्पताल पर हमला किया, जिसमें इमारत का कुछ हिस्सा नष्ट हो गया है। उन्होंने कहा कि इजरायल द्वारा हमले के बाद इस अस्पताल में कार्य ठप हो गया है, इसलिए हम किसी भी मरीज की मदद नहीं कर सकते हैं।

### युगांडा में आइएस ने की 10 लोगों की हत्या

**कंपाला।** युगांडा के पश्चिमी जिले कामवेंज में इस्लामिक स्टेट समूह से जुड़े आतंकवादियों ने हमला कर कम से कम 10 लोगों की हत्या कर दी है। युगांडा की सेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी। युगांडा पीपुल्स डिफेंस फोर्सेज के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल फेलिक्स कुलायिगये ने कहा कि एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्सेज (एडीएफ) नामक संगठन के आतंकवादियों ने मंगलवार सुबह गांव पर हमला किया। आम लोगों पर हमले यह ताजा हमला है, जिसके लिए एडीएफ को जिम्मेदार ठहराया गया है। एडीएफ की स्थापना युगांडा के मुसलमानों द्वारा 1990 के दशक की शुरूआत में की गयी थी, जिनका आरोप था कि 1986 से सत्ता पर काबिज युगांडा के राष्ट्रपति योवेरी मुसेवेनी ने उनको दरकिनार किया हुआ है।

### चीन में तूफान को लेकर ब्लू अलर्ट जारी

**बीजिंग।** चीन की राष्ट्रीय वेधशाला ने बुधवार को तूफान के लिए ह्यब्लू अलर्ट जारी रखा जबकि देश के कुछ हिस्सों में अलग-अलग तीव्रता की तेज हवाएं चलने के आसार हैं। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार सुबह आठ बजे से गुरुवार सुबह आठ बजे तक शिनजियांग उइगुर स्वायत्त क्षेत्र, ज़िजांग स्वायत्त क्षेत्र और इनर मंगोलिया स्वायत्त क्षेत्र के साथ-साथ किंघई प्रांत के कुछ क्षेत्रों में तेज हवाएं चलने का अनुमान है।

### मुंबई एयरपोर्ट पर नौ करोड़ की ड्रग्स जब्त



**मुंबई।** राजस्व खुफिया निदेशालय (कस्टम) की टीम ने मुंबई एयरपोर्ट पर एक विदेशी महिला को 9 करोड़ की ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है। युगांडा से मंगलवार को देर रात मुंबई आई महिला ने अपने अंडरवियर में 890 ग्राम ड्रग्स छिपा रखी थी। कस्टम विभाग के अधिकारी ने बुधवार को बताया कि उनकी टीम को ड्रग सहित विदेशी महिला के मुंबई एयरपोर्ट पर आने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इस पर कस्टम की टीम एयरपोर्ट पर निगरानी कर रही थी। संदिग्ध महिला के दिखने पर कस्टम टीम ने उसे रोककर तलाशी ली। जब उसके सामान में ड्रग नहीं मिला तो उसके अंडरगारमेंट की तलाशी महिला अधिकारियों ने ली और 890 ग्राम ड्रग्स पाया गया। इसके बाद कस्टम की टीम ने विदेशी महिला को गिरफ्तार कर लिया। इस घटना की गहन छानबीन की जा रही है।

### किश्तवाड़ में फिर भूकंप के झटके

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बुधवार को एक बार फिर 3 .4 तीव्रता का भूकंप आया। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने कहा कि भूकंप बुधवार दोपहर को आया। इसकी तीव्रता 3 .4 पर थी और इसकी गहराई 5 किमी थी। गौरतलब है कि इससे पहले 24 घंटों में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में कम से कम 11 दौर में भूकंप के झटके आए थे जबकि विशेषज्ञों ने कहा है कि कम तीव्रता के झटके एक अच्छा संकेत हैं, क्योंकि इससे बड़े भूकंप की संभावना कम हो जाती है।

### तोमर बने एमपी विधानसभा के स्पीकर



**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से नरेंद्र सिंह तोमर निर्वाचित हुए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तोमर के नाम का प्रस्ताव रखा और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने उसका समर्थन किया। विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर गोपाल भार्गव ने अध्यक्ष पद के निर्वाचन की प्रक्रिया का जिक्र करते हुए बताया कि निर्वाचन के लिए प्रस्ताव की सात सूचना आई है। इन प्रस्तावों के प्रस्तावक सदस्य अपना प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे और उसका समर्थन किया जाएगा। उसी के तहत आए सभी प्रस्तावों को प्रस्तुत किया गया और सर्वसम्मति से तोमर को अध्यक्ष चुना गया।

### केरल : 24 घंटे में 292 मामले, तीन की मौत

**नयी दिल्ली।** केरल में कोरोना के नए मामले अचानक से तेजी से बढ़ने लगे हैं। बुधवार को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार, केरल में पिछले 24 घंटे में 292 नए सक्रिय मामले सामने आए हैं और 3 कोरोना पीड़ितों की मौत हुई। राज्य में कुल सक्रिय मामलों की संख्या 2041 है। मंत्रालय के अनुसार देश में कोरोना के 341 नए मामले सामने आए हैं। जिसमें दिल्ली और गुजरात में तीन-तीन, महाराष्ट्र में 11, तमिलनाडु में 13, तेलंगाना में 4, कर्नाटक में 9 मामले दर्ज किए गए हैं।

## मानहानि मामले में गहलोत को राहत

**नयी दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट के राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को राहत मिली है। हाईकोर्ट ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की ओर से दायर आपराधिक मानहानि के मामले में राऊज एवेन्यू कोर्ट के एडिशनल मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट को 22 दिसंबर को मामले की सुनवाई न करने को कहा है। हाई कोर्ट ने गजेंद्र सिंह शेखावत को नोटिस जारी कर 22 जनवरी तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। राऊज एवेन्यू कोर्ट के सेशंस कोर्ट ने 13 दिसंबर को एडिशनल मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की कोर्ट की ओर से अशोक गहलोत को जारी समन को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी थी। इससे पहले 06 जुलाई को एडिशनल मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल ने शेखावत की ओर से दायर मानहानि के मामले पर अशोक गहलोत को समन जारी किया था।

# साहित्य अकादमी पुरस्कार का एलान

एजेंसी

▸▸ हिंदी के लिए संजीव को दिया जाएगा पुरस्कार, अंग्रेजी के लिए नीलम शरण गौर और उर्दू के लिए सादिका नवाब सहर होंगे पुरस्कृत
▸▸ संताली के लिए तारासीन बासकी को मिलेगा पुरस्कार
▸▸ दिल्ली में 12 मार्च को दिया जायेगा पुरस्कार

**नयी दिल्ली।** साहित्य अकादमी पुरस्कार 2023 की घोषणा कर दी गई है। बुधवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में साहित्य अकादमी के सचिव डॉ. के. श्रीनिवासराव ने अकादमी पुरस्कार 2023 सभी 24 भारतीय भाषाओं के लिए घोषित किए। इनमें 9 कविता-संग्रह, 6 उपन्यास, 5 कहानी-संग्रह, 3 निबंध, तथा 1 आलोचना की पुस्तक शामिल हैं। इन पुरस्कारों की अनुशंसा 24 भारतीय भाषाओं की निर्णायक समिति द्वारा की गई। साहित्य अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक की अध्यक्षता में आयोजित अकादमी के कार्यकारी मंडल की बैठक में इन नामों को अनुमोदित किया गया।

हिंदी के लिए संजीव (मुझे पहचानो, उपन्यास), अंग्रेजी के लिए नीलम शरण गौर (रेक्युम इन रागा जानकी, उपन्यास), तारासीन बासकी (तुरिया चंद बासकी) (संताली), पंजाबी के लिए स्वर्णजीत सवी (मन दी चिप, कविता-संग्रह) और उर्दू के लिए सादिका नवाब सहर (राजदेव की अमराई, उपन्यास) पुरस्कृत किए गए हैं। कविता के लिए पुरस्कृत लेखकों में विजय वर्मा (डोगरी), विनोद जोशी (गुजराती), मंशूर बनिहाली (कश्मीरी), सोरोख्खैबम गंभिनी (मणिपुरी), आशुतोष परिडा (ओड़िआ), स्वर्णजीत सवी (पंजाबी), गजेसिंह राजपुरोहित (राजस्थानी), अरुण रंजन मिश्र (संस्कृत), विनोद आसुदानी (सिंधी) शामिल हैं। उपन्यास के पुरस्कृत लेखकों में स्वपनमय चक्रबर्ती (बांग्ला), कृष्णात खोत (मराठी), राजशेखरन (देवीभारती) (तमिल) शामिल हैं। पुरस्कृत कहानी-संग्रह में प्रणवज्योति डेका (असमिया), नंदेश्वर दैमारि (बोडो), प्रकाश एस. पर्येकार (कोंकणी), टी. पतंजलि शास्त्री (तेलुगु) शामिल हैं। इसके साथ निबंध के लिए लक्ष्मीशा तोल्पडि (कन्नड), बासुकीनाथ झा (मैथिली), युद्धवीर राणा (नेपाली) और आलोचना के लिए ई.वी. रामकृष्णन (मलयालम) को पुरस्कार दिया जाएगा। पुरस्कार स्वरूप एक उत्कीर्ण ताम्रफलक, शॉल और एक लाख रुपये की राशि पुरस्कृत लेखकों को कमानी ऑडिटोरियम में 12 मार्च 2024 को आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किए जाएगे। ये पुरस्कार, पुरस्कार-वर्ष से पिछले पांच वर्ष (यानी, 1 जनवरी 2017 से 31 दिसंबर 2021 के दौरान) पहली बार प्रकाशित पुस्तकों पर दिए गए हैं।

## रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल की बनेगी सीक्वल



**मुंबई।** रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' का क्रेज कम नहीं हो रहा है। 1 दिसंबर को रिलीज हुई फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। इस फिल्म के गाने, डायलॉग्स और कुछ सीन काफी चर्चा में रहे हैं। वैसे ही दर्शक 'एनिमल' के दूसरे पार्ट के लिए भी उत्सुक हैं। फिल्म 'एनिमल' के बाद इसके सीक्वल की चचाएं चल रही थीं। इस फिल्म के सीक्वल के लिए भी दर्शक उत्सुक थे। अब फिल्म के सीक्वल 'एनिमल पार्क' को लेकर आधिकारिक घोषणा की गयी है। इसके सीक्वल के बारे में हिंट 'एनिमल' के क्लाइमेक्स में दिया गया था, जिसने पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड तोड़ दिया और 800 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की। इसलिए फिल्म एनिमल पार्क के सीक्वल को लेकर चचाएं चल रही थीं। अब इसकी आधिकारिक घोषणा कर दी गई है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# विकसित भारत यात्रा के सहारे 2024 में जीत की मजबूत तैयारी

**मृत्युंजय दीक्षित**

विकसित भारत संकल्प यात्रा की 15 नवंबर को झारखंड के खूंटी से शुरू की गई थी और अब इसका विस्तार संपूर्ण भारत में हो चुका है।

आगामी लोकसभा चुनावों को दृष्टिगत रखते हुए देश के सभी राजनैतिक दलों ने अपनी-अपनी चुनावी संभावनाओं को मजबूत करने के लिए अपनी तैयारी को अंतिम रूप देना प्रारंभ कर दिया है। इस तैयारी पर यदि समग्र व निष्पक्ष दृष्टि से डाली जाए तो इस समय निःसंदेह भारतीय जनता पार्टी आगे दिखाई पड़ रही है। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव जिन्हें लोकसभा का सेमी फाइनल माना जा रहा था उनमें भाजपा ने सभी विश्लेषकों को चौंकाते हुए मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में शानदार जीत हासिल की, जिससे उसका उत्साह बढ़ा है। इन सभी राज्यों में भाजपा के मुख्यमंत्री चयन ने विपक्ष की जातिवाद की राजनीति की गहरी काट खोजने का प्रयास किया है । भारतीय जनता पार्टी ने मुख्यमंत्री चयन के बाद उनका प्रचार भी प्रारम्भ कर दिया है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव का उत्तर प्रदेश के यादव बाहुल्य क्षेत्रों और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का ब्राह्मणों सहित सवर्ण समाज के बीच में प्रचार हो रहा है। उधर विपक्षी दलों में भी एकता के लिए बैठकें चल रही हैं।

विधानसभा चुनाव के मध्य ही भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के नेतृत्व में 15 नवंबर 2023 से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत की है। यह यात्रा भारत की सभी ग्राम पंचायतों, नगर पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों तक पहुंचेगी। विकसित भारत यात्रा के माध्यम से भाजपा उन वंचित लोगों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है जो विभिन्न योजनाओं के पात्र हैं लेकिन अभी तक लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। दूसरा यह कि इस यात्रा के माध्यम से सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इस यात्रा में गांव व पंचायत में मोदी की गारंटी वाली वैन पहुंचने पर उसका ढोल-नगाड़े के साथ स्वागत किया जाता है और उसी स्थान पर लाभार्थी फार्म भी भरवाये जाते हैं। यात्रा के दौरान सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से उनकी व्यक्तिगत कहानियों और अनुभव साझा करने को भी कहा जाता है और उनका फीडबैक लिया जाता है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा की 15 नवंबर को झारखंड के खूंटी से शुरू की गई थी और अब इसका विस्तार संपूर्ण भारत में हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस यात्रा का उद्घाटन किया था। तीन राज्यों में भाजपा की जो जोरदार वापसी हुई है उसमें प्रधानमंत्री मोदी की खूंटी की उस यात्रा का भी योगदान माना जा रहा है।

एक माह की अवधि में विकसित भारत संकल्प यात्रा 68,000 ग्राम पंचायतों में 2.50 करोड़ से अधिक नागरिकों तक पहुंच गई है जिसमें लगभग दो करोड़ लोगों ने विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। केंद्र सरकार की योजनाओं के 2 करोड़ से अधिक लाभार्थियों ने, ‟मेरी कहानी मेरी जुबानी” पहल के अंतर्गत अपने अनुभव बताए हैं। अनुमान है भाजपा की व्यापक विजय सुनिश्चत करने में यह यात्रा मील का पत्थर साबित होगी। भाजपा की यात्राएं देश और भाजपा दोनों के लिए शुभ रही हैं । राममंदिर निर्माण की बाधाओं को दूर करने के लिए की गई यात्राओं से अयोध्या में भव्य राममंदिर निर्माण का संकल्प पूरा हो रहा है। जम्मू-कश्मीर के लिए की गई यात्रा का संकल्प भी पूरा हुआ और जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 का सदा के लिए समापन हुआ। अब विकसित भारत रथयात्रा नया इतिहास लिखने वाली है।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संकल्प यात्रा पर व्यक्तिगत रूप से ध्यान दे रहे हैं तथा अपने सभी सांसदों, विधायकों व पार्टी जिलाध्यक्षों आदि सभी से यात्रा से जुड़ने की लगातार अपील कर रहे हैं। उन्हें आभास हो गया है कि यह संकल्प यात्रा आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी का सबसे महत्वपूर्ण प्रचारक बनेगी। संभवतः यात्रा की सफलता लोकसभा के टिकट की दावेदारी को भी मजबूत करे।

यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषणों से जातिवाद की राजनीति पर करारा प्रहार किया है और उन्होंने सबसे बड़ी जाति गरीबी बता दी। गरीबों में महिला, किसान, युवाओं और बेरोजगारों को वह प्राथमिकता दे रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री लाभार्थियों से सीधा संवाद कर रहे हैं, जिससे लाथार्थियों व सरकारी कर्मचारियों में उत्साह का संचार हो रहा है। प्रधानमंत्री सभी लोगों से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की लगातार अपील कर रहे हैं। प्रधानमंत्री का कहना है कि आज इस यात्रा की कमान देशवासियों ने अपने हाथों में ले ली है। यह वर्तमान सरकार का ही प्रयास है कि जिसने गरीबों, किसानों छोटे व्यापारियों और समाज के विभिन्न वर्गों की मदद की है। स्वतंत्रता के बाद लंबे समय तक विकास का लाभ कुछ बड़े शहरों तक ही सीमित था किन्तु अब सरकार छोटे शहरों के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है। यह विकसित भारत यात्रा देश को विकसित बनाने का बीज संकल्प है। इस यात्रा से विकसित भारत की नींव मजबूत होने जा रही है।

वर्तमान केंद्र सरकार ने अपनी कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से केवल निर्धन वर्ग के जीवनस्तर में बदलाव लाने का काम नहीं किया है अपितु उनमें भाजपा और विशेष रूप से प्रधानमंत्री मोदी के प्रति भरोसा बढ़ाने का भी काम किया है। आज यदि प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता का ग्राफ बढ़ रहा है तो उसके पीछे उनकी कल्याणकारी योजनाएं हैं। वह स्वतंत्र भारत के इतिहास में ऐसे प्रथम प्रधानमंत्री हैं जो स्वयं धरातल पर उतर कर सभी योजनाओं की सच्चाई का पता लगाकर योजनाओं को नया स्वरूप प्रदान कर उनका विस्तारीकरण भी कर रहे हैं। उदाहरण के रूप में प्रधानमंत्री जनऔषधि वितरण केंद्र योजना, अभी तक देशभर में 10 हजार औषधि वितरण केंद्र थे जिनका विस्तार अब 25 हजार तक किया जा रहा है। यह एक बहुत अच्छी योजना है और उन लोगों के लिए तो वरदान सरीखी है जिन्हें लम्बे समय या जीवनपर्यंत कोई दवा लेनी है।

यात्रा के माध्यम से ही भाजपा दो करोड़ विकसित भारत ब्रांड एम्बेसडर बनाने जा रही है और उसके लिए कार्यशालाएं भी आयोजित की जा रही हैं। यह अभियान भी भाजपा को चुनाव में लाभ प्रदान करेगा। केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों में से एक बड़ी संख्या महिलाओं की है और इसका एक बड़ा कारण अनेक योजनाओं में घर की मुखिया के रूप में महिला को वरीयता दी गयी है। यही कारण है कि राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में हर चार में से तीन महिलाओं ने भाजपा को वोट दिया है और भारी मतदान भी किया है। वर्तमान सरकार में कई ऐसे कार्य हुए व निर्णय लिए गये हैं जिससे महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है।

प्रधानमंत्री का कहना है कि जहाँ से लोगों की उम्मीदें समाप्त हो जाती है वहां से मोदी की गारंटी की शुरूआत हो जाती है और वे ऐसा कहते नहीं वरन करके दिखाते हैं।

जब विकसित भारत संकल्प यात्रा का समापन होगा तब तक भाजपा करोड़ों लाभार्थियों तक अपनी पहुंच बना लेगी। वहीं, अयोध्या के भव्य राममंदिर का उद्घाटन भी संपन्न हो चुका होगा। इस प्रकार आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा भक्ति, अध्यात्म और विकसित भारत के संकल्प के बल एक बड़ी विजय प्राप्त करने की ओर अग्रसर होगी।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# वैश्विक लोकप्रियता के शिखर पर नरेन्द्र मोदी

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर विरोधियों द्वारा लाख आरोप-प्रत्यारोप लगाये जाते रहे हों पर इसमें दो राय नहीं कि आज लोकप्रियता में दुनिया के दिग्गज नेताओं में शीर्ष पर कोई नेता है तो वह मोदी ही हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन या रूस के पुतिन हों या अमेरिका के ही पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प, नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता के आसपास भी नहीं टिकते हैं। अमेरिका की कंसल्टेंसी फर्म मार्निंग कंसल्ट द्वारा इसी माह की शुरूआत में कराए गए सर्वे में यह साफ हो गया कि सर्वे में हिस्सा लेने वाले दुनिया के अलग-अलग देशों के 76 फीसदी लोगों की पहली पसंद नरेन्द्र मोदी हैं। लोकप्रियता में नकारने वाले भी केवल 18 फीसदी ही हैं जबकि 6 फीसदी ने अपनी कोई राय उजागर नहीं की। इससे पहले अमेरिकी थिंक टैंक प्यू रिसर्च सेंटर द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार देश के 10 में से 8 व्यक्ति नरेन्द्र मोदी के प्रति सकारात्मक राय रखते हैं। यानी देश के 80 फीसदी लोग नरेन्द्र मोदी में विश्वास रखते हैं। 55 फीसदी लोगों की पहली पसंद नरेन्द्र मोदी है। देश की केवल 20 फीसदी आबादी नरेन्द्र मोदी को पसंद नहीं करती है। लोकप्रियता की सूची में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन 8 वें पायदान पर हैं।

विश्वव्यापी लोकप्रियता अर्जित करना सामान्य बात नहीं है। हमारे देश के लिए तो यह और भी गर्व की बात हो जाती है कि हमारे नेता की लोकप्रियता दुनिया में पहले पायदान पर है। खास बात यह है कि लोकप्रियता के साथ विश्वसनीयता में भी वे सबसे आगे हैं। लोकप्रियता में अव्वल आना इस मायने में बड़ी बात है कि 76 फीसदी मामूली आंकड़ा नहीं है। यह लोकप्रियता के दूसरे पायदान पर रहे मैक्सिको के राष्ट्रपति एन्ड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर से पूरे दस प्रतिशत अधिक है। यानी नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता का आंकड़ा 76 फीसदी है तो दूसरे पायदान पर रहे मैक्सिको के राष्ट्रपति की लोकप्रियता का आंकड़ा 66 फीसदी यानी कि दस फीसदी कम है। सूची के अनुसार तीसरे पायदान पर स्विट्ज़रलैंड, चौथे पर ब्राजील, पांचवें पर आस्ट्रेलिया और छठे पायदान पर इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी हैं। उनकी और नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता में पूरे 35 फीसदी का अंतर है।

देखा जाये तो कठोर से कठोर निर्णय भी एक झटके में लेने और भीड़ को अपने पक्ष में कर लेने की क्षमता नरेन्द्र मोदी को लोकप्रियता के शिखर पर पंहुचाती है। वैश्विक सम्मेलनों और मंचों पर ऐसा लगता है जैसे दुनिया के देशों का नेतृत्व नरेन्द्र मोदी ही कर रहे हों। भले ही इतर राय रखने वाले कुछ भी कहें पर अभी तो यही दिख रहा है और नरेन्द्र मोदी को सर्वमान्य नेता के रूप में प्रतिस्थापित करता है। इसे यों भी समझा जा सकता है कि कश्मीर में अनुच्छेद 370 समाप्त करने का निर्णय और इसे लेकर दुनिया के देशों की चुप्पी, कूटनीतिक कौशल व क्षमता को ही सिद्ध करता है। पाकिस्तान और चीन को अलग-थलग करना हो या फिर रूस-यूक्रेन युद्ध या इजरायल-हमास युद्ध कहीं भी नरेन्द्र मोदी की विदेश नीति को लेकर किसी तरह का विवाद नहीं हुआ। विरोधी देशों के संकट के दौरान सहायता में सबसे आगे रहना, अरब देशों को भी भारत के पक्ष में बनाये रखना, अमेरिका और रूस दोनों को ही साधे रहना, अपने आप में बड़ी बात है। कोरोना दौर में भारतीय वैक्सीन के माध्यम से दुनिया के देशों के मानव इतिहास के सबसे बड़े संकटकाल में सहभागी के रूप में आगे आना लोकप्रियता और विश्वसनीयता बनाए रखने की बड़ी सफलता है। अमेरिका में ओबामा, फिर ट्रम्प और अब जो बाइडन काल में भी समान अधिकार के साथ संबंध बनाए रखना, कम चुनौतीपूर्ण परिस्थितियां नहीं थी, लेकिन उससे भी पार पाने में कामयाबी हासिल की। पाकिस्तान को दुनिया के देशों से अलग-थलग करना तो मोदी के लिए मामूली बात सिद्ध हुई है।

दरअसल, आज के दौर में वैश्विक नेता के लिए बोल्ड होने, एग्रेसिव होने, कठोर व त्वरित निर्णय लेने वाले नेता लोगों की पसंद बनते जा रहे हैं। अच्छे बुरे परिणाम की चिंता कर निर्णय की उहापोह में फंसे नेता आज के लोगों की पसंद हो ही नहीं सकते। इसका बड़ा कारण दुनिया में वैश्विक संकट का दौर चलना है। संकटों के दौर में लोगों का यह मानना रहता है कि हमें आलोचना प्रत्यालोचना या आगा पीछा सोच कर निर्णय लेने वाला नहीं अपितु त्वरित और कठोर निर्णय लेने वाला नेता चाहिए। इसमें कोई दो राय नहीं कि नरेन्द्र मोदी इस पर खरे उतरे हैं।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# क्या नीतीश का इंडिया से मोहभंग हो गया?

**दिल्ली** में इंडिया गठबंधन की बैठक में एक तरह से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कांग्रेस ने किनारे लगा दिया। यहां की बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम को आगे कर दिया गया। लेकिन इसी बीच नीतीश कुमार ने कुछ ऐसा कहा कि सोनिया गांधी भी चौंक गईं। नीतीश कुमार के बदले रूप से इंडिया के सहयोगी दल भी हैरान दिखे। भारत सुनते ही सन्न रह गईं सोनिया गांधी

**नीतीश के बदले रूप से 'इंडिया' हैरान**

मंगलवार को नई दिल्ली में इंडी गठबंधन की बैठक हुई। इसमें सभी विपक्षी दलों के नेताओं के साथ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी शामिल हुए। इस बैठक में लोकसभा चुनावों को लेकर कई रणनीतियों पर चर्चा हुई। लेकिन नीतीश के संयोजक बनाने पर कोई फैसला नहीं हुआ। कहा तो ये भी जा रहा है कि प्रेस कॉन्फ्रेंस से पहले ही नाराज होकर नीतीश कुमार और लालू यादव बाहर निकल गए। अब टाइम्स न्यूज नेटवर्क को सूत्रों के हवाले से बड़ी खबर मिली है। इस खबर के मुताबिक नीतीश ने इंडिया के बदले भारत नाम को अच्छा बताया।

**नीतीश कुमार ने भारत नाम को अच्छा बताया- सूत्र**

टाइम्स न्यूज नेटवर्क को सूत्रों से ये बड़ी खबर मिली। सूत्रों ने बताया कि इंडी गठबंधन की बैठक के दौरान नीतीश कुमार ने कहा कि देश को भारत के नाम से ही जाने जाना चाहिए। उन्होंने ये तब कहा जब बीजेपी पहले से ही देश का नाम आधिकारिक तौर पर भारत रखने की बात कर रही है। नीतीश एक बार फिर से गठबंधन की उल्टी दिशा में दिख रहे थे।

**क्या नीतीश का इंडिया से मोहभंग हो गया?**

सवाल यही है क्या सीएम नीतीश कुमार का इंडिया से मोहभंग हो गया। सूत्रों का कहना है कि नीतीश कुमार भले ही ये कहें कि उन्हें किसी पद की लालसा नहीं है। लेकिन उनके मन में ये जरूर था कि अगर वो विपक्ष को एकजुट करने निकले हैं तो उन्हें भी इसका लाभ मिलना चहिए। शायद इसीलिए इंडिया गठबंधन की इस बैठक से पहले इशारों में नीतीश की दावेदारी को लेकर बिहार में पोस्टरबाजी भी की गई। लेकिन बैठक में वो नतीजा नहीं निकला जिसकी उम्मीद जदयू खेमे से की जा रही थी।

**अब आगे क्या होगा?**

नीतीश कुमार पहले से ही वो नेता माने जाते रहे हैं जो अनप्रेडिक्टेबल हैं, यानी उनका अगला कदम क्या होगा, ये उनके खास लोगों को भी नहीं पता होता। अब बैठक में बीजेपी के एजेंडे को इशारों में सही बताकर नीतीश का ये कदम काफी कुछ कह रहा है। हालांकि आगे क्या होगा इसके बारे में अंदाजा लगाना मुश्किल है। लेकिन ये भी तय है कि आने वाले दिनों में नीतीश अपनी भविष्य की राजनीति का इशारा जरूर देंगे।

# नरेंद्र मोदी का विकल्प क्या है? कौन से चेहरे प्रधानमंत्री की रेस में है?

**विपक्षी** दलों के गठबंधन इंडिया में जिस तरह 28 दलों के नेता टालमटोल कर रहे हैं, उससे अलायंस के भविष्य पर ही संकट मंडराने लगा है। पिछले सात महीने में इंडिया के नेता सिर्फ मीटिंग के डेकोरेम को पूरा कर रहे हैं। नेताओं के बॉडी लैंग्वेज और बयान भी बता रहे हैं कि गठबंधन में सब कुछ ठीक नहीं है। फैसलों में लेटलतीफ रहने वाला इंडिया चुनाव में नरेंद्र मोदी और बीजेपी का मुकाबला कैसे करेगा?

**इंडिया गठबंधन के पास मतभेद भुलाने और चुनाव की तैयारियों के लिए सिर्फ दो महीने हैं अगर एक महीने में सीट शेयरिंग और कॉमन मिनिमन प्रोग्राम पर लेना होगा फैसला**

**सिर्फ मोदी हटाओ के अभियान से नहीं चलेगा काम, जनता को विजन भी बताना होगा**

इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस यानी इंडिया गठबंधन को बने सात महीने हो गए। जून से दिसंबर के बीच अभी तक चार मीटिंग हुई है। पटना से दिल्ली के बीच इंडी गठबंधन में 2024 लोकसभा चुनाव के लिए बातें हुईं। नरेंद्र मोदी को सत्ता से हटाने के लिए हर सीट पर वन टु वन लड़ाई का आइडिया भी आया। पटना, चेन्नई और मुंबई में फोटो सेशन का दौर भी चला मगर गठबंधन की गाड़ी सात महीनों में दो कदम भी नहीं चल पाई। मीटिंग में कभी ममता रूठीं तो कभी नीतीश और लालू नाराज हुए। अब लोकसभा चुनाव के ऐलान में सिर्फ चार महीने बचे हैं और गठबंधन के पास राज्यों के हिसाब से कन्वेनर का चुनाव, सीट शेयरिंग, कॉमन मिनिमम प्रोग्राम, मेनिफेस्टो और चुनावी कार्यक्रम जैसे फैसले पेंडिंग पड़े हैं। नई दिल्ली की चौथी बैठक में इंडी गठबंधन में शामिल 28 दल ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच पाए। पॉलिटिकल एक्सपर्ट नदीम मानते हैं कि विपक्षी गठबंधन की प्रॉब्लम यह है कि हर पार्टनर को ड्राइविंग सीट ही चाहिए, इस कारण इंडी गठबंधन हर मोर्चे पर पिछड़ता जा रहा है।

**कैसे जीतेगा इंडिया मुंबई में बनीं कमेटियों ने तीन महीने में क्या किया, कोई जवाब नहीं**




इंडी गठबंधन की तीसरी बैठक मुंबई में हुई थी। मुंबई बैठक में कोई बड़ा फैसला तो नहीं हुआ, मगर 13 सदस्यीय कोर्डिनेशन कमेटी बनाई गई। इसके अलावा इंडिया गठबंधन का अलग झंडा बनाने का ऐलान भी हुआ था। मीडिया, प्रचार, सोशल मीडिया, कैंपेन और रिसर्च के लिए कमेटियां बनाई गईं। पिछले तीन महीने में कोर्डिनेशन कमेटी की एक बैठक दिल्ली में शरद पवार के आवास पर हुई। इसके अलावा इंडी गठबंधन में कोई भी फैसला ऐसा नहीं हुआ, जिससे लगता हो कि गठबंधन की गाड़ी चुनावी पटरी पर आगे की ओर बढ़ रही है। लोकसभा चुनाव में जाने से पहले इंडी गठबंधन अभी तक तय नहीं कर पाया है कि वह नरेंद्र मोदी के विजन से मुकाबले के लिए क्या नया एजेंडा लेकर आए हैं? इससे उलट हर बैठक के बाद नेताओं की नाराजगी और टांग खिंचाई की खबरें ही सामने आ रही हैं। दिल्ली की बैठक में जब अरविंद केजरीवाल और ममता बनर्जी ने दलित पीएम के चेहरे के तौर मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम उछाला तो इसके पीछे भी नूराकुश्ती सामने आ गई। चर्चा है कि नीतीश कुमार, राहुल गांधी और शरद पवार की दावेदारी खत्म करने के लिए यह सोची समझी रणनीति थी। अगली मीटिंग कब होगी यह तय नहीं है। फिलहाल 30 जनवरी को महागठबंधन पटना के गांधी मैदान में एक रैली कर फिर से एकजुटता दिखाएगी।

इंडिया में क्षेत्रीय दलों को साध पाना कांग्रेस के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी। यूपी, बिहार, महाराष्ट्र, वेस्ट बंगाल, तमिलनाडु, पंजाब और दिल्ली, यह सात राज्य ऐसे हैं, जहां से 543 लोकसभा सीटों में से 269 लोकसभा सीट आती हैं। इनमें से यूपी, बिहार, बंगाल और तमिलनाडु चार राज्य ऐसे हैं, जहां कांग्रेस खुद में कोई ताकत नहीं है। यूपी में गैर बीजेपी राजनीति एसपी-बीएसपी के इर्द-गिर्द घूमती है। बंगाल में टीएमसी ने वामदलों और कांग्रेस दोनों को नेपथ्य में ढकेल रखा है। बिहार में भी कांग्रेस आरजेडी-जेडी यू की बैसाखी पर ही है। तमिलनाडु में डीएमके के बगैर कांग्रेस का कोई वजूद नहीं है। इसके अलावा 48 सीट वाले महाराष्ट्र में भी एनसीपी और शिवसेना का दबदबा कांग्रेस से कहीं ज्यादा दिखता है। पंजाब और दिल्ली में जहां कभी गैर बीजेपी दल के रूप में कांग्रेस जानी जाती थी, वह जगह आम आदमी पार्टी ने ले लिया है। राजनीति को 'पावर गेम' कहा ही जाता है। ऐसे में यह दल अपने-अपने राज्य में क.ठ.ऊ.क.अ. की 'ड्राइविंग सीट' पर खुद ही रहना चाहते हैं।

**पहले कांग्रेस ने ही अटकाई टांग, तीन महीने का एकांत**

मुंबई बैठक के बाद तीन महीने तक इंडिया की बैठक नहीं हुई, कांग्रेस पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में व्यस्त हो गई। जिससे नीतीश कुमार नाराज भी हुए। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने विपक्षी गठबंधन के दलों को इग्नोर ही किया। मध्यप्रदेश के सीएम कैंडिडेट कमलनाथ ने अखिलेश-वखिलेश वाला बयान देकर गठबंधन को हाशिये पर ही डाल दिया। कांग्रेस को उम्मीद थी कि विधानसभा चुनाव परिणाम उसके पक्ष में होंगे और फिर वह सीटों के बंटवारे के लिए मजबूत स्थिति में होगी। इस कारण सीटों के बंटवारे के दौरान मजबूत स्थिति में रहेगी। तीन महीनों तक इंडिया गठबंधन की गाड़ी एक इंच नहीं खिसकी। चुनाव परिणाम कांग्रेस की उम्मीदों के खिलाफ आए, तब जाकर वह विपक्षी बैठक करने को मजबूर हुई। गठबंधन के नेता मोदी हटाओ की बयानबाजी तो कर रहे हैं मगर महंगाई और बेरोजगारी को मुद्दा मानने वाले नेता और पार्टियों का संघर्ष सड़कों पर नहीं दिखा है। जातीय जनगणना की हवा विधानसभा चुनाव में ही निकल चुकी है।

**जदयू नेता केसी त्यागी पहले ही लेटलतीफी के लिए लताड़ लगा चुके हैं लेटलतीफी से**

## गठबंधन के भविष्य पर संकट

विपक्षी गठबंधन में शामिल सभी क्षेत्रीय दल उलझन में हैं। आरएलडी और सीपीआई जैसे छोटे पार्टनर चुनाव की रेस में पिछड़ते जा रहे हैं।

**2024 में इंडिया गठबंधन के सभी दल चुनाव प्रचार में पिछड़ जाएंगे, जबकि बीजेपी ने आक्रमक तरीके से मैदान में कूद पड़ी है।**

वोटरों के बीच कन्फ्यूजन बढ़ रहा है। क्या गठबंधन के लिए एक मंच पर आए दलों का एजेंडा सिर्फ नरेंद्र मोदी को हटाना है।

अभी तक यह नैरेटिव ही सामने आया है कि विपक्ष मोदी हटाओ अभियान के लिए एकजुट है। जनकल्याण के लिए विपक्ष के पास कोई प्लान नहीं है।वोट देने वाली जनता को यह पता नहीं चल पाया है कि मतभेद रखने वाले विपक्षी दलों के पास कॉमन मिनिमम प्रोग्राम क्या है?बाकी बचे चार महीने में जातीय जनगणना के अलावा और कौन सा मुद्दा है, जिसके आधार पर इंडी गठबंधन के पार्टनर चुनाव लड़ेंगे।

,जिसके आधार पर मोदी विरोधी भी वोट करेंगे।